राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-294
लखनऊ, गुरुवार 13 जून, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



सीतारमण लगातार सातवां बजट पेश कर बनाएंगी रिकार्ड 12

संस्कृति एवं पर्यटन विभाग की परियोजनाओं के 30 जून तक जारी करें टेंडर 03

# यूपी में रिक्त पदों पर जल्द शुरू होगी भर्ती प्रक्रिया

**तैयारी**

- योगी सरकार ने दिये पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग में भर्ती प्रक्रिया जल्द शुरू करने के निर्देश
- पदोन्नति के लंबित पदों पर भी यथाशीघ्र शुरू होगी प्रमोशन की प्रक्रिया



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

योगी सरकार प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग में रिक्त पदों पर जल्द भर्ती प्रक्रिया शुरू करने जा रही है। इसके लिए सरकार की ओर से विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। इसके अलावा विभाग में पदोन्नति के लम्बित पदों पर यथाशीघ्र पदोन्नतियां करने के निर्देश भी दिये गये हैं।

उल्लेखनीय है कि पशुधन विभाग में पशु चिकित्सा सेवा के 424 तथा पशुधन प्रसार अधिकारी के 1083 पद रिक्त हैं। दुग्ध विकास विभाग में मुख्य दुग्धशाला विकास अधिकारी के 2, दुग्धशाला विकास अधिकारी के 3, वरिष्ठ दुग्ध निरीक्षक के 26 तथा राजकीय दुग्ध परिवेक्षक के 209 पद रिक्त हैं। सरकार इसके अलावा विभाग में आवश्यता अनुरूप समूह 'घ' के पदों पर आउटसोर्स के माध्यम से भी कार्य लेगी।

सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने बुधवार को रिक्तियों एवं विभागीय बजट की समीक्षा की। उन्होंने विभागीय बजट की समीक्षा करते हुए कहा कि योजनाओं के लिए आवंटित धनराशि यथाशीघ्र जारी की जाए और लक्ष्य बनाकर बजट का सदुपयोग सुनिश्चित किया जाए। सरकार की ओर से इस बात के भी निर्देश दिये गये हैं कि गोसंरक्षण केन्द्रों की स्थापना के लिए धनराशि एवं जिला योजनाओं के लिए आवंटित धनराशि को शीघ्र अवमुक्त किया जाए।

### लापरवाही बरतने वालों का भुगतान रोका जाए

वहीं योगी सरकार ने अब प्रदेश में संचालित मोबाइल वेटनरी यूनिट के संचालन में मिल रही शिकायतों पर भी गंभीर रुख अख्तियार कर लिया है। सरकार की ओर से विभागीय अफसरों को स्पष्ट निर्देश हैं कि ऐसे मामलों की तत्काल जांच कर प्रभावी कार्रवाई की जाए। लापरवाही बरतने पर कार्यदायी संस्थाओं का भुगतान रोक दिया जाए। इसके अलावा कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम, राज्य पशुधन प्रक्षेत्र, चारा विकास कार्यक्रम एवं पशुधन बीमा योजना पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिये गये हैं। उल्लेखनीय है कि यूपी को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के सीएम योगी के लक्ष्य में पशुधन एवं दुग्ध उत्पादन का प्रदेश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान है।

### लोक कल्याण के नये प्रतिमान स्थापित करेगा ओडिशा : सीएम योगी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को ओडिशा की नवनिर्वाचित भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे। मोहन चरण माझी को मुख्यमंत्री और कनक वर्धन सिंह देव व प्रवति परीदा को उप मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर शुभकामनाएं दीं। साथ ही मंत्रिमंडल के समस्त सदस्यों को भी बधाई दी। गौरतलब है कि ओडिशा में पहली बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने ऑफिशियल अकाउंट एक्स पर भी संदेश लिखकर बधाई दी। सीएम योगी ने लिखा कि मोहन चरण माझी को मुख्यमंत्री और कनक वर्धन सिंह देव- प्रवति परीदा को उप मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर हार्दिक बधाई! पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी मार्गदर्शन और आप सभी के कुशल नेतृत्व में महाप्रभु जगन्नाथ जी की कृपा-भूमि ओडिशा समग्र विकास के पथ पर चलते हुए लोक-कल्याण के नए प्रतिमान स्थापित करेगी। पृथ्वीराज हरिचंदन को कैबिनेट मंत्री बनने पर सीएम योगी ने बधाई दी। लोकसभा चुनाव के दौरान ओडिशा दौरे पर पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ ने पृथ्वीराज हरिचंदन के पक्ष में वोट की अपील की थी। पृथ्वीराज ने चिल्का विधानसभा सीट से बीजू जनता दल के रघुनाथ साहू को पराजित कर जीत हासिल की है।

## राष्ट्रपति ने लाल किला हमले के दोषी आरिफ की दया याचिका खारिज की

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 22 दिसंबर 2000 को लाल किला हमला मामले में दोषी ठहराए गए पाकिस्तानी आतंकवादी मोहम्मद आरिफ उर्फ अशफाक की दया याचिका खारिज कर दी है। इस हमले में राजपूताना राइफल्स के तीन जवान बलिदान हो गए थे।

आरिफ एक पाकिस्तानी नागरिक है और प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का सदस्य है। अधिकारियों ने राष्ट्रपति सचिवालय के 29 मई के आदेश का हवाला देते हुए बताया कि 15 मई को आरिफ की दया याचिका प्राप्त हुई थी, जिसे 27 मई को खारिज कर दिया गया। राष्ट्रपति के 25 जुलाई 2022 को कार्यभार संभालने के बाद यह दूसरी दया याचिका है, जिसे राष्ट्रपति ने खारिज किया है। सुप्रीम कोर्ट ने 3 नवंबर, 2022 को आरिफ की समीक्षा याचिका खारिज कर दी थी और मामले में उसे दी गई मौत की सजा को बरकरार रखा था। उल्लेखनीय



है कि 22 दिसंबर, 2000 को हुए हमले में कुछ घुसपैठियों ने लाल किला परिसर में तैनात 7 राजपूताना राइफल्स यूनिट पर गोलीबारी की, जिसके परिणामस्वरूप तीन सैन्यकर्मी बलिदान हो गए। हमले के चार दिन बाद दिल्ली पुलिस ने आरिफ को गिरफ्तार किया था। मोहम्मद आरिफ उर्फ अशफाक एक पाकिस्तानी नागरिक है, जो अवैध रूप से भारतीय क्षेत्र में घुसा था। आरिफ को हमले को अंजाम देने के लिए अन्य आतंकवादियों के साथ साजिश रचने का दोषी पाया गया था और ट्रायल कोर्ट ने अक्टूबर 2005 में उसे मौत की सजा सुनाई थी। दिल्ली उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय ने बाद की अपीलों में इस फैसले को बरकरार रखा।

### संक्षिप्त समाचार

#### तीन आईएएस अधिकारियों का तबादला

**लखनऊ।** तर प्रदेश शासन ने आज तीन आईएएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। 2015 बैच के आईएएस अधिकारी धनंजय शुक्ला को अपर आयुक्त राज्यकर बनाया गया है। वे अभी तक विशेष सचिव नियुक्ति के पद पर तैनात रहे हैं। वहीं 2018 बैच के आईएएस अफ्सर विजय कुमार अब विशेष सचिव नियुक्ति होंगे।वे अभी तक विशेष सचिव खनन एवं अतिरिक्त प्रभार नियुक्ति का दायित्व निभा रहे थे। इसके अलावा डॉक्टर मन्नान अख्तर स्टडी लीव पूरी कर अमेरिका से लौटे।डॉक्टर मन्नान अखय्तर को विशेष सचिव खनन नियुक्त किया गया है।

#### कठुआ मुठभेड़ में एक और आतंकी ढेर, सीआरपीएफ जवान शहीद

**कठुआ।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के सईदा सोहल इलाके में चल रही मुठभेड़ में बुधवार को एक और आतंकवादी मारा गया है। अब इस मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादियों की संख्या दो हो गई है। इस दौरान सीआरपीएफ का एक जवान भी शहीद हुआ है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार सुरक्षा बलों ने जारी मुठभेड़ में एक और आतंकवादी को मार गिराया है। यह अभियान मंगलवार देर शाम आतंकवादियों की गांव में गोलीबारी करने के बाद शुरू किया गया था। मुठभेड़ की शुरुआत में ही एक आतंकवादी मारा गया था। एक सीआरपीएफ जवान घायल हो गया था, जिसने मंगलवार सुबह दम तोड़ दिया। इलाके में तलाशी अभियान जारी है, क्योंकि सुरक्षा बलों को एक और आतंकवादी के नागरिक इलाके में छिपा होने की आशंका है।

#### लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी होंगे अगले थलसेनाध्यक्ष

**नई दिल्ली।** देश के अगले थलसेनाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी होंगे। वह इस समय उप सेना प्रमुख के पद पर कार्यरत हैं। मौजूदा थलसेनाध्यक्ष जनरल मनोज सी पांडे 30 जून को पदमुक्त हो रहे हैं। उन्हें 31 मई को ही रिटायर होना था लेकिन सरकार ने उनका कार्यकाल एक माह के लिए बढ़ा दिया था।

#### पानी संकट पर सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली, हिमाचल सरकार की खिंचाई की

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में जल संकट मामले में सुनवाई के दौरान बुधवार को दिल्ली और हिमाचल प्रदेश सरकार के कथित ढीले रवैये पर उनकी जमकर खिंचाई की। शीर्ष अदालत ने कहा कि दिल्ली सरकार टैंकर माफिया को नियंत्रित करने में विफल रही, जिसकी वजह से भीषण गर्मी से जूझ रही राष्ट्रीय राजधानी में पानी संकट की स्थिति बनी हुई है। अदालत दिल्ली पुलिस को मामले में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए कह सकती है। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले की अवकाशकालीन पीठ ने इन टिप्पणियों के साथ दिल्ली सरकार से पानी की कमी को नियंत्रित करने के लिए किए गए उपायों के बारे में एक हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने हिमाचल प्रदेश द्वारा दिल्ली को पानी की आपूर्ति के संबंध में छह जून को पारित अपने आदेश के अनुपालन पर विचार करने के दौरान ये टिप्पणियां की।

## सड़क हादसे में एक ही परिवार के आठ लोगों की मौत

**दु:खद**

- बालू लदा ट्रक सड़क किनारे सो रहे लोगों पर अनियंत्रित होकर पलटा





**समृद्धि न्यूज, हरदोई।**

उत्तर प्रदेश के जनपद हरदोई में बीती देर रात सड़क हादसे में एक ही परिवार के आठ लोगों की मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ, जब बालू लदा एक ट्रक मल्लावां कोतवाली क्षेत्र में सड़क किनारे सो रहे लोगों पर अनियंत्रित होकर पलट गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे में मारे गए लोगों के प्रति गहरा दुख जताया है और अधिकारियों को राहत कार्य के निर्देश दिए हैं।

कन्नौज के महेंदी घाट से एक बालू लदा ट्रक बीती देर रात हरदोई की ओर जा रहा था। ट्रक हरदोई जनपद के मल्लावां कोतवाली क्षेत्र के उन्नाव मार्ग से कटरा-बिल्हौर हाइवे पर चुंगी नंबर दो से गुजरते समय बेकाबू होकर सड़क किनारे झोपड़ी में सो रहे लोगों पर पलट गया। ये सभी अवधेश उर्फ बल्ला नट के परिवारीजन थे। हादसा इतना दर्दनाक था कि डंपर में लदे बालू और ट्रक के नीचे पूरा परिवार दब गया। हादसे के बाद इलाके के लोग बालू में दबे लोगों को निकालने में जुट गए। इस बीच सूचना मिलने पर मल्लावां थाने से पुलिस बल भी मौके पर पहुंचा और घटना की जानकारी आलाधिकारियों को देते हुए क्रेन और जेसीबी मंगाकर रेस्क्यू आपरेशन चलाया। पुलिस ने काफी प्रयास के बाद बालू और ट्रक के नीचे दबे अवधेश उर्फ भल्ला (45), उसकी पत्नी मुन्नी (42), बेटी सुनैना (11), बिलग्राम कासुपेट निवासी दामाद करन (25), उसकी पत्नी हीरो (22), लल्ला (5), बुद्धू (4), कोमल (5) और एक बच्ची बिट्टू को निकाल कर अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने आठ लोगों को मृत घोषित कर दिया और बच्ची बिट्टू की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इस बीच घटना की जानकारी मिलने पर जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह और पुलिस अधीक्षक केशव चंद गोस्वामी भी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी की। जिलाधिकारी ने बताया कि बालू भरा ट्रक एक झोपड़ी पर पलट गया था। इस हादसे में आठ लोगों की मौत हुई है। शवों का पोस्टमार्टम कराते हुए घटना के कारणों की जानकारी की जा रही है। हादसे के बाद पुलिस ने छिबरामऊ निवासी ट्रक चालक अवधेश और क्लीनर अनंग बेहटा निवासी रोहित को हिरासत में लिया है।

## अखिलेश यादव ने विधानसभा की सदस्यता से दिया इस्तीफा

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने अपना इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष को भेज दिया है। अब करहल विधानसभा सीट पर उपचुनाव होगा। ध्वहीं, विधायकी छोड़ने के साथ अखिलेश ने विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के पद से भी इस्तीफा दे दिया है। नेता प्रतिपक्ष को लेकर जल्द ही अखिलेश फैसला करेंगे। वहीं, फैजबाद लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी (सपा) के नवनिर्वाचित सांसद अवधेश प्रसाद ने भी विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। दअरसल, उन्होंने 2012 उत्तर प्रदेश विधान सभा चुनाव में मिल्कीपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से जीत दर्ज की थी। सूत्रों के मुताबिक, अखिलेश यादव ष्पीडीएष् फार्मूले के तहत तीन नामों पर दांव लगा सकते हैं, जिनमें शिवपाल यादव, इंद्रजीत सरोज और कमाल फारुखी का नाम शामिल है। शिवपाल यादव ओबीसी तो इंद्रजीत सरोज दलित बिरादरी से आते हैं जबकि कमाल फारुखी मुस्लिम हैं। फिलहाल अब देखना होगा कि अखिलेश किसके नाम पर मुहर लगाते है।

**अब करहल सीट पर होगा उपचुनाव**

### 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से 3 जुलाई

### राज्यसभा 27 जून से



**एजेंसी, नई दिल्ली।** चुनावों के बाद बनी 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से 3 जुलाई के बीच आयोजित होगा। लोकसभा के इस पहले सत्र में नवनिर्वाचित सदस्यों की शपथ, सदन के अध्यक्ष का चुनाव और राष्ट्रपति का संबोधन होगा।

संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स एक पोस्ट के माध्यम से ये जानकारी दी। मंत्री ने यह भी बताया कि राज्यसभा का 264वां सत्र 27 जून को शुरू होगा और 3 जुलाई तक चलेगा।

## प्रधानमंत्री मोदी ने कुवैत में प्रवासी श्रमिकों की मौत पर जताया दुःख

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

पीएम नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कुवैत में आग लगने की घटना में लोगों की मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने पीड़ितों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया और कहा कि कुवैत में भारतीय दूतावास स्थिति पर नजर रखे हुए है। पीएम ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि कुवैत शहर में आग लगने की घटना दुखद है। मेरी संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल लोग जल्द से जल्द ठीक हो जाएं। कुवैत में भारतीय दूतावास स्थिति पर बारीकी से नज़र रख रहा है और प्रभावितों की सहायता के लिए वहां के अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर



रहा है। उल्लेखनीय है कि दक्षिणी कुवैत के मंगफ शहर में श्रमिक शिविर में भीषण आग लगने से 45 प्रवासी श्रमिकों की मौत हो गई और कम से कम 50 लोग झुलस गए। पीएम मोदी ने कुवैत में एक आवासीय इमारत में आग लगने के कारण बड़ी संख्या में भारतीयों के हताहत होने को देखते हुए राहत कार्यों की निगरानी एवं कुवैत सरकार के साथ समन्वय के लिए विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह को वहां भेजने का निर्देश दिया है। ***संबंधित खबर पेज 12 पर...***

## क्रिकेट : करोड़ों का सट्टा लगवाने का आरोपी गिरफ्तार

**एजेंसी, कोटा।**

राजस्थान में कोटा के उद्योग नगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने क्रिकेट पर सट्टा लगाने के आरोप में बुधवार को एक सटोरिये को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक (शहर) डॉ अमृता दुहन ने बताया कि उसके पास से क्रिकेट पर सट्टा में लगाये गये 21 करोड़ रुपये से भी अधिक का हिसाब मिला है। उन्होंने बताया कि मुखबिरों के जरिये शिवाजी नगर स्पेशल के एक मकान में टी-20 वर्ल्ड कप के मैचों पर बड़े पैमाने पर सट्टा लगाने की जानकारी मिली थी। इस पर पुलिस ने उक्त मकान का साइबर सेल की मदद से पता लगाया और बुधवार को थाना प्रभारी जितेन्द्र सिंह शेखावत के नेतृत्व में पुलिस ने छापा मारकर उस मकान



से मोहम्मद रूस्तम (35) को गिरफ्तार करके छह मोबाइल फोन, लैपटॉप, एलईडी टीवी, चार्जर सहित एक रजिस्टर बरामद किये जिसमें हाल ही में हुये भारत-पाकिस्तान मैच सहित कुल 57 मैचों पर लगाये गये 21 करोड़ तीन लाख 36 हजार 900 रुपये का हिसाब मिला है। मोहम्मद रूस्तम से क्रिकेट पर सट्टा लगाने वाले लोगों के बारे में पूछताछ की जा रही है।

## यूपी में 'लू' का रेड अलर्ट

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

प्रचंड गर्मी और उष्ण लहर (लू) का सामना कर रहे उत्तर प्रदेश के कई जिलों में अगले चार दिनो के लिये रेड अलर्ट घोषित किया गया है।



मौसम विभाग ने कहा है कि इन चार दिनो में राज्य के कई जिले भीषण लू और तपिश का सामना करेंगे, ऐसे में जनसामान्य को सलाह दी जाती है कि सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक बाहर निकलने से पहले पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थ का सेवन करें। सिर को टोपी अथवा अंगौछे से ढक कर रखें। सिर दर्द,चक्कर आने अथवा तेज बुखार की दशा में चिकित्सीय सलाह से ही दवा का सेवन करें। बुधवार दोपहर प्रयागराज में अधिकतम तापमान 46.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया वहीं वाराणसी और झांसी में दिन का तापमान 45.4 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग का अनुमान है कि 16 जून को पूर्वी उत्तर प्रदेश के इक्का दुक्का स्थानों पर आंधी और गरज चमक के साथ बूंदाबांदी हो सकती है। विभाग के अनुसार बांदा, फतेहपुर, चित्रकूट, कानपुर, प्रयागराज, कौशांबी में भीषण लू चलने का अनुमान है वहीं प्रतापगढ़, मिर्जापुर, वाराणसी, जौनपुर, गोरखपुर, संतकबीरनगर, उन्नाव, बाराबंकी, लखनऊ, मथुरा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, झांसी, औरैया, जालौन और आसपास के इलाकों में भी लू का प्रकोप बना रहने के आसार हैं।

## कनाडा हिंसा व उग्रवाद फैलाने वाले तत्वों को देता है राजनीतिक स्थान : भारत

**पलटवार**

- भारतीय लोकतंत्र की जीवंतता की पूरी दुनिया करती है सराहना

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

भारत ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो के भारत में आम चुनावों को लेकर की गई टिप्पणी पर पलटवार करते हुए आज कहा कि भारतीय लोकतंत्र की जीवंतता की पूरी दुनिया सराहना करती है जबकि कनाडा लोकतंत्र के नाम पर हिंसा और उग्रवाद



फैलाने वाले तत्वों को राजनीतिक स्थान देता है। विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने कनाडा के प्रधानमंत्री के बयान के बारे में एक सवाल पूछे जाने पर कहा कि हमने अभी-अभी अपना आम चुनाव संपन्न किया है। मुझे यकीन है कि हर कोई इस बात से सहमत होगा कि यह मानव जाति के इतिहास में सबसे बड़ा लोकतांत्रिक चुनाव था। मुझे लगता है कि भारत के लोकतंत्र की जीवंतता वास्तव में दुनिया भर में मान्यता प्राप्त और सराहना की गई है। उन्होंने कहा कि मैं वास्तव में इस पर कुछ भी नहीं कहना चाहता कि कोई और क्या सोचता है कि लोकतंत्र को कैसे कार्य करना चाहिए, लेकिन जहां तक कनाडा का सवाल है, हमारे लोकतंत्र ने आंखों से दिखने लायक तमाम सबूत उपलब्ध कराये हैं कि कनाडा में भारत विरोधी तत्वों को राजनीतिक स्थान मिला हुआ है जो उग्रवाद और हिंसा की वकालत करते हैं। हमने बार-बार उन्हें अपनी गहरी चिंताओं से अवगत कराया है और हम उनसे कड़ी कार्रवाई की उम्मीद करते हैं।

## माझी ने ली ओडिशा के मुख्यमंत्री पद की शपथ

- राज्यपाल रघुबर दास ने दिलाई पद एवं गोपनीयता की शपथ

**एजेंसी, भुवनेश्वर।**

आदिवासी नेता मोहन चरण माझी ने बुधवार को ओडिशा के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।

इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मोदी मंत्रिपरिषद के कई सदस्यों और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित नौ राज्यों के मुख्यमंत्री उपस्थित रहे। शपथ ग्रहण समारोह का आयोजित भुवनेश्वर के प्रसिद्ध जनता मैदान में हुआ। इसके साथ ही श्री माझी ओडिशा के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने वाले




भाजपा के पहले नेता बन गये। राज्यपाल रघुबर दास ने श्री माझी के साथ ही दो उपमुख्यमंत्रियों, आठ कैबिनेट मंत्रियों और पांच राज्य मंत्रियों (स्वतंत्र प्रभार) को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। भाजपा के कई केंद्रीय नेताओं की मौजूदगी में शपथ ग्रहण समारोह को देखने के लिए राज्य भर से एक लाख से अधिक लोग जनता मैदान में एकत्र हुए। ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं बीजू जनता दल (बीजद) अध्यक्ष नवीन पटनायक भी शपथ ग्रहण समारोह मौजूद रहे। शपथ लेने वाले दो उपमुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंह देव और प्रभाती परिदा हैं। शपथ लेने वाले कैबिनेट मंत्रियों में सुरेश पुजारी, रबी नारायण नायक, नित्यानंद गोंड, कृष्ण चंद्र पात्रा, पृथ्वीराज हरिचंदन, डॉ. मुकेश महालिंग, विभूति भूषण जेना, डॉ. कृष्ण चंद्र महापात्र शामिल हैं। वहीं, पांच राज्य मंत्रियों (स्वतंत्र) में सर्वश्री गणेश राम सिंगखुंटिया, सूर्यवंशी सूरज, प्रदीप बाला सामंत, गोकुलानंद मल्लिक और संपद चंद्र स्वैन शामिल हैं।

### चंद्रबाबू नायडू ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली



**विजयवाड़ा।** तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू ने आंध्र प्रदेश के नए मुख्यमंत्री के रूप में बुधवार को शपथ ली। राज्यपाल सैयद अब्दुल नजीर ने कृष्णा जिले के केसरपल्ली में आयोजित समारोह में उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह में टीडीपी से 20, जनसेना पार्टी से पवन कल्याण समेत दो विधायकों और भाजपा से एक विधायक को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, केंद्रीय स्वास्थ्य राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल, केंद्रीय मंत्री राममोहन नायडू एवं चिराग पासवान समेत कई प्रमुख लोग शामिल हुए।

# दुधवा नेशनल पार्क ने वन्य जीव प्रेमियों को दी नई सौगात

- दुधवा नेशनल पार्क का पर्यटक सत्र 15 जून को नहीं,बल्कि 25 जून को होगा बंद
- पिछले वर्ष यहां करीब 42 हजार पर्यटक आए

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

वन्य जीव प्रेमियों के लिए एक नई खुशखबरी सामने आई है। दरअसल दुधवा नेशनल पार्क का वर्तमान पर्यटन सत्र 15 जून को समाप्त होने वाला था लेकिन अब यह सत्र 10 दिन के लिए और बढ़ा दिया गया है। यह सत्र अब 15 जून के बजाय 25 जून को बंद करने का आदेश जारी किया गया है, इस बात की जानकारी दुधवा नेशनल पार्क के फील्ड डायरेक्टर ललित वर्मा के द्वारा दी गई है।

इस खबर से वन्य जीव प्रेमियों में खुशी का माहौल देखा गया है। बताया जाता है कि पर्यटकों की भारी आमद और वर्षा आगमन में देरी को देखते हुए वर्तमान सत्र अब 10 दिनों के लिए और बढ़ाया जा रहा है।

बता दे विश्व विख्यात दुधवा नेशनल पार्क के वर्तमान पर्यटन सत्र का प्रदेश के स्वतंत्र प्रभार वन राज्य मंत्री डॉ अरुण कुमार सक्सेना ने 15 नवंबर 2023 को पूजा- अर्चना करने के बाद फीता काटकर शुभारंभ किया था। उन्होंने इस मौके पर दुधवा में नए बने ऑडिटोरियम एवं इंटरप्रिटेशन सेंटर का भी उद्घाटन किया था, उद्घाटन के दिन ही कहा था कि हम कोशिश करेंगे कि इसका पर्यटन सत्र 15 जून की बजाय 30 जून तक बढ़ाया जा सके ताकि यहां और अधिक पर्यटक आ सकें। उन्होंने बताया था कि पिछले वर्ष यहां करीब 42000 पर्यटक आए थे, किंतु इस बार सभी का यह प्रयास होना चाहिए कि यहां एक लाख से अधिक पर्यटक आएं ताकि दुधवा की आमदनी बढ़ सके। इस बार के पर्यटन सत्र में दुधवा की एंट्री फीस एवं सफारी गाड़ियों आदि का किराया कम कर दिया गया था। फिलहाल 10 दिन के सत्र में बढ़ोतरी करने से वन्य जीव प्रेमी और पर्यटकों में काफी खुशी का माहौल देखा गया है।




# पुलिस विभाग में हुए कई फेरबदल महिला थानाध्यक्ष बनीं शिल्पी शुक्ला

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस विभाग मे 11 जून की देर शाम कई पुलिस के पद का फेर बदल किया है। जिसमें महिला उप निरीक्षक शिल्पी शुक्ला को प्रभारी चौकी संकटा देवी से थाना अध्यक्ष महिला थाना की जिम्मेदारी दी गई है। इसी के साथ-साथ निरीक्षक मनीष कुमार सिंह को अपराध शाखा से प्रभारी निरीक्षक उचौलियां, महिला उप निरीक्षक सुनीता कुशवाहा को थाना अध्यक्ष महिला थाना से थाना अध्यक्ष नीमगांव, उप निरीक्षक जितेंद्र बहादुर सिंह को थाना अध्यक्ष उचौलिया से वरिष्ठ उप निरीक्षक थाना पलिया, महिला उप निरीक्षक श्रद्धा सिंह को थाना अध्यक्ष नीमगांव से प्रभारी चौकी संकटा देवी कोतवाली सदर नियुक्त किया गया है। बता दे इन स्थानांतरण में किसी का प्रमोशन तो किसी का डिमोशन किया गया है जिसमें महिला उप निरीक्षक शिल्पी शुक्ला का प्रमोशन करते हुए चौकी प्रभारी से महिला थाना की बागडोर दी गई है वही उपनिरीक्षक श्रद्धा सिंह को थाना अध्यक्ष नीमगांव से हटाते हुए प्रभारी चौकी संकटा देवी कोतवाली सदर की जिम्मेदारी दी गई है।

बताया जाता है थाना नीमगांव क्षेत्र अंतर्गत पिछले एक महीने लगातार कई घटनाएं सामने आई जिसमें तत्कालीन महिला उप निरीक्षक श्रद्धा सिंह के द्वारा मामलों का निस्तारण ना कर पाने और बढ़ते मामलों पर रोकथाम न लगा पाने के चलते उनको थाने से चौकी का प्रभार दिया गया।

वही महिला उपनिरीक्षक शिल्पी शुक्ला की तेज तर्रार कार्यशैली और मामले के त्वरित निस्तारण को देखते हुए प्रभारी चौकी संकटा देवी से प्रोन्नत करते हुए थाना अध्यक्ष महिला थाना की बागडोर दी गई है।

## खबरें एक नजर में

### अज्ञात कारणों से युवक ने लगाई फांसी



**तिकुनिया खीरी।** कोतवाली तिकुनियां की बेलरायां चौकी क्षेत्र के गांव भूलनपुर निवासी एक युवक ने अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली जिससे उसकी मौत हो गई। मौत की खबर परिजनों को मिलते ही हाहाकार मच गया। परिजनो ने पुलिस को जानकारी दिए बिना ही अंतिम संस्कार कर दिया। भूलनपुर निवासी अर्पित वर्मा पुत्र रामबहादुर वर्मा उम्र 21 वर्ष ने अज्ञात कारणों से बुधवार को दिन में ही गावँ के दक्षिण लायकराम वर्मा के खेत में गुलरी के पेड़ में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने शव को उतारकर अंतिम संस्कार कर दिया है पुलिस को जानकारी दिए बिना अंतिम संस्कार किए जाने की चर्चा इलाके में बनी हुई है।

### तालाब की सफाई न होने से बेजुबानो की हो रही मौत

**जैदपुर, बाराबंकी।** नगर पंचायत जैदपुर के मोहल्ला वसीनगर में एक तालाब की सफाई न होने के चलते दलदल में तबदील हो जाने से अब तक कई बेजुबान जानवरों की मौत हो जाने बाद भी नगर पंचायत जैदपुर के जिम्मेदारान मौन हैं। जो आम जनता के किसी बड़े खतरे से कम नहीं है। मामला बाराबंकी जिले के एक बड़ी आबादी के नाम से पहचानें जाने वाले जैदपुर नगर पंचायत के मोहल्ला वसीनगर का है। जहां लगभग कई वर्षों से तालाब की सफाई न होने से तालाब दलदल में तब्दील हो चुका है। गर्मी के मौसम में पानी पीने के लालच में तालाब के पास जाते ही अब तक कई बेजुबान जानवर अपनी जान भी गौवा चुके हैं। वहीं सूत्रों के अनुसार जानकारी हुई कि तालाब की सफाई न होने इस तालाब ज़हरीले जीवों ने अपना बसेरा बना लिया है। जो बारिश होते ही आस पास के घरों व रोड खडंजों पर देखे जाते हैं। जिस राहगीरों सहित स्थानीय लोगों के लिये ये दलदल नुमा तालाब किसी बड़े खतरे से कम नहीं है। जबकि वार्ड के लोगों ने इस की शिकायत नगर पंचायत जैदपुर में की थी। जिसमें आज तक मामला ठंडे बस्ते में पड़े रहने की बात सामने आ रही है। वार्ड के सभासद निजामुद्दीन से वार्ता की गयी तो बताया गया कि सफाई नहीं हुयी है जल्द सफाई कराने का प्रयास जारी हैं।

### छेड़छाड़ का विरोध करने पर दबंगो ने पीटा, मुकदमा दर्ज

**जैदपर बाराबंकी।** रात के समय महिला से छेड़छाड़ व जबरन अपने घर की ओर खींचने कर ले जाने का विरोध करने पहुंचे परिवार के लोगों को दौड़ा दौड़ा कर पीटा। जिसकी शिकायत जैदपुर थाने में करने पर पुलिस द्वारा छे लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल जारी है। मामला जैदपुर थाना क्षेत्र के जियनपुर मजरे कोला का ज़हां की शीतल पुत्री लाल कुंवर ने जैदपुर थाने में शिकायती पत्र देते हुये बताया कि दिनांक 11/6/2024 को रात आठ बजे गांव के मनोज वर्मा संदीप उर्फ़ सुधा वर्मा पुत्र राम बिलास ने पकड़कर छेडखानी करते हुये अपने घर की तरफ खींचने लगे।किसी तरह जान बचाकर प्रार्थिनी घर पहुंचने पर अपने साथ हुयी घटना को परिवार के लोगों को बताया। परिवार के लोग जब पूछने पहूंचे तो मनोज,संदीप शैलेश,अनिल विमल मनोज ने प्रार्थिनी के भाई बहन पिता को घर तक दौड़ा दौड़ा कर लात घूंसे लाठी डंडों से जमकर मारा पीटा उक्त आरोपों को लेकर जैदपुर पुलिस द्वारा छे लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है।

# सोने की ईंट के नाम पर 16 लाख रुपए की ठगी

- पूछताछ में ठगों ने लिया एसआई का नाम, सीओ ने शुरू की जांच

**इस संबंध में क्षेत्राधिकारी निघासन प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि ठगी का मामला प्रकाश में आया है, जांच चल रही है वही पढुआ थाना प्रभारी गौरव सिंह की संलिप्तता के बारे में बताया कि हिरासत में लिए गए 3 ठगों से पूछताछ में ठगो द्वारा नाम तो एक दो बार लिया गया है। जांच पूरी होने के बाद जानकारी सामने आएगी।**

**निघासन खीरी,समृद्धि न्यूज।**

एक सप्ताह पहले गुजरात के दो लोगों से सोने के ईंट के नाम पर 16 लाख रुपए की ठगी मामला अब प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीओ ने इस मामले में तीन लोगों को हिरासत में लिया है मामले में ढखेरवा चौकी इंचार्ज की भी संलिप्तता बताई जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गुजरात के अहमदाबाद निवासी हनीफ अपने अन्य दो साथियों के साथ 15 दिन पहले ढखेरवा आए थे। लखमीपुर के ढखेरवा रोड पर ठगो ने उनको सोने की डुप्लीकेट ईट दिखाया था। ईट का सौदा 40 लाख रुपए में हुआ था। एक लाख बयाना देने के बाद वह लोग अहमदाबाद चले गए। पांच दिन बाद ईंट खरीदने और उसको परखने के लिए वह पांच लोग अपनी गाड़ी से आए। सेमरा पुरवा के बाबा ने ईंट दिखाने के पहले 16 लाख रूपये ले लिया। उसके बाद ईंट दिखाई। ईंट हांथ में लेने के बाद देखा तो वह गड़बड़ लगी। इसी बीच ठग मौका पाकर पैसा और ईंट लेकर भाग गए। ठगी का शिकार हुए लोग जब ढखेरवा चौकी पहुंचे तो वहां पर उन लोगों को भगा दिया गया। आरोप है कि इस ठगी को अंजाम देने के लिए ढखेरवा चौकी इंचार्ज ने सात लाख रुपए लिया। सीओ प्रवीण कुमार को जानकारी होने पर उन्होंने तीन ठगों को पकड़कर पूछताछ के लिए थाने में बैठाया है। बताया जाता हैं कि सेमरा पुरवा के एक ठग ने सात लाख रुपए चौकी इंचार्ज को देने की बात स्वीकार की है।

# क्या राज बनकर रह जाएगा अंशू हत्याकांड?

**मितौली खीरी,समृद्धि न्यूज।**

दो माह बीत जाने के बाद भी अंशू हत्याकांड का नही हो सका खुलासा। आखिर कैसे हुई थी पांच वर्षीय अंशू की हत्या? आखिर कौन है हत्यारा? पी एम रिपोर्ट में भी शरीर पर चोट के निशान पाए गए थे। इसी प्रकरण में पूंछ तांछ के लिए गांव के ही एक व्यक्ति को पुलिस थाने ले गई थी जहां उसकी मृत्यु हो गई थी। हालांकि पी एम रिपोर्ट में उस व्यक्ति की मौत का कारण स्पष्ट नही हुआ था। परिजनों ने जम कर काटा था हंगामा। परिजनों के अनुसार पुलिस हिरासत मे युवक की पिटाई से मौत हुई थी। इस प्रकरण में परिजनों द्वारा तीन पुलिस कर्मियों के विरुद्ध रिपोर्ट पंजीकृत कराई गई थी। ज्ञात हो कि थाना क्षेत्र के गांव पकरिया (जलालपुर) निवासी अनूप कुमार भार्गव की 6 वर्षीय पुत्री अंशू दो अप्रैल को शाम चार बजे के करीब अपने घर के बाहर खेलते समय कहीं लापता हो गई थी। परिजनों ने काफी खोजबीन की किंतु उस मासूम का कही पता नही लग पाया। बुधवार तीन अप्रैल शाम के समय करीब सात बजे बालिका का शव गांव के किनारे झाड़ियों में पाया गया था। पी एम रिपोर्ट में शरीर पर चोट के निशान पाए गए थे किंतु आज तक कौन था अंशू का हत्यारा एक राज बनकर रह गया।

इसी प्रकरण के खुलासे को लेकर पुलिस ने गांव के ही पड़ोसी आशाराम को पूछ तांछ के लिए थाने ले गई थी जहां अज्ञात कारणों के चलते आशाराम की मौत हो गई थी। परिजनों ने पुलिस पर मारपीट कर हत्या का आरोप लगाते हुए कई घंटे कस्ता में लखीमपुर मैगलगंज मार्ग जाम कर दिया था। कई घंटे बाद काफी समझाने बुझाने के बाद जाम खुला था। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में आशाराम की मौत का कारण स्पष्ट न होने के कारण बिसरा प्रिजर्ब कर दिया गया था तथा आशाराम के पुत्र की तहरीर पर कुछ पुलिस कर्मियों के विरुद्ध अभियोग भी पंजीकृत किया गया था।

### सौहार्द के साथ बकरीद का त्यौहार मनाने की अपील

**मसौली, बाराबंकी।** प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को मसौली थाना परिसर में बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन हुई। प्रभारी निरीक्षक ने क्षेत्रीय जनता से पूर्व की भांति सौहार्द के साथ त्यौहार मनाने की अपील की। प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह ने कहा कि बकरीद का त्यौहार बलिदान एव त्याग का प्रतीक है जिसे आप लोग अक़ीदत एव सादगी से मनाये तथा कुर्बानी किए गये मांस को किसी बर्तन में या थैले में रखकर एवं ढंककर ही ले जाएं। त्यौहारों को सौहार्दपूर्ण मनाने के लिए बुद्धिजीवियों तथा गणमान्य लोगों ने अपनी-अपनी बाते रखी। प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र में आने वाली ईदगाहो एव मस्जिदों के समीप नमाज के दौरान एहतिहात के तौर पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रहेंगे।

# दहेज के लिए विवाहिता को जान से मारने का किया प्रयास

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

मायके से पैसा न लाने पर ससुरालीजनो ने नव विवाहिता की बंधक बनाकर जमकर पिटाई कर दी।यही नहीं गले में फंदा कसकर जान से मारने की कोशिश की। लगभग 15 दिनों तक लखनऊ स्थित डॉ राम मनोहर लोहिया चिकित्सा संस्थान में उपचार कराकर मायके वापस आयीं पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की पुलिस मामले की रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। जनपद अमेठी के कोटवा चिलौली निवासी रहे स्वर्गीय राम पदारथ शुक्ल की पुत्री खुशबू शुक्ला ने हैदरगढ़ थाने में दी गई तहरीर में बताया कि उसका विवाह गत 20 मई 2022 को कोतवाली हैदरगढ़ के गौरा गांव निवासी विनय कुमार शुक्ल के साथ हुआ था।उसकी मां ने विवाह में पर्याप्त दहेज भी दिया था,फिर भी पति विनय कुमार,सास व ससुर नागेश्वर नाथ दहेज कम लाने की बात कहकर आए दिन प्रताड़ित करते थे।बताया कि गत 30 मई को वह मायके से ससुराल आई।आरोप लगाया कि इसी रात

उसके पति, सास व ससुर ने उसे जमकर पीटा।उसे बंधक बनाकर गले में फंदा कस दिया। घटना के दौरान वह बेहोश हो गई। उसे होश आया तो स्वयं को राम मनोहर लोहिया अस्पताल में पाया।पीड़िता ने बताया कि एक पखवारे तक वह अस्पताल में भर्ती रही।10 जून को हास्पिटल से वापस आने के बाद थाने में तहरीर दे रही हैं । पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### आईसीडीएस में अर्ली लर्निंग परियोजना का शिविर आयोजित

**हैदरगढ़, बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** विकासखंड हैदरगढ़ के ग्राम पंचायत सराय रावत में 10 से 14 जून तक आईसीडीएस विभाग एवं इंडिया पार्टनरशिप फॉर अर्ली लर्निंग परियोजना द्वारा समर कैंप का आयोजन किया गया है जिसका मुख्य उद्देश्य है कि 3 वर्ष के बच्चों को मनोरंजन के माध्यम से सीखने की प्रेरणा देना। ग्राम प्रधान संतोष शुक्ला ने बताया कि इस समर कैंप के तहत बच्चों के साथ बाल गीत कहानी सुनना एवं सुनाना विभिन्न प्रकार की रचनात्मक गतिविधियां छाप लगाना मिट्टी के खिलौने बनाना एवं अन्य रुचिकर खेल गतिविधि संचालित की गई जिसमें बच्चे एवं अभिभावक पूरी रुचि के साथ शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से आईपीईएल परियोजना से जुड़ी नीलम,आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चे, अभिभावक, आंगनबाड़ी कार्यकत्री सीमा श्रीवास्तव, आंगनबाड़ी सहायिका मंजू देवी सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# उप स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण में मानकविहीन कार्य की शिकायत, अधीक्षक ने किया निरीक्षण



**उचौलिया खीरी, समृद्धि न्यूज।**

सरकार विकास के कई दावे करती है लेकिन सरकार के तमाम दावे जमीनी स्तर पर भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ते जा रहे है। ग्रामीणो की माने तो पसगवॉ विकासखंड के अंतर्गत बन रहे स्वास्थ्य उप केंद्र की बिल्डिंग निर्माण में ठेकेदार ने अधिकारियों के साथ मिलकर भारी भ्रष्टाचार किया है। बता दे गांवों में स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए भवनों पर लाखों रुपए खर्च करने के बाद भी ग्रामीणों को लाभ नहीं मिल पा रहा है।

सभी को लाभ मिले इसके लिए कई गांवों में उप स्वास्थ्य केंद्र स्वीकृत तो हुए लेकिन भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ते जा रहे हैं। इस कारण भी लोगों को मजबूरी में शहर आकर निजी डॉक्टरों से महंगा उपचार कराना पड़ रहा है। विकासखंड पसगवॉ के अंतर्गत ग्राम पंचायत काटिघरा में निर्माणाधीन स्वास्थ्य उपकेंद्र में मानक विहीन कार्य की सूचना पर सोमवार को पसगवॉ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी अश्वनी वर्मा ने निरीक्षण किया। जानकारी लेने पर उन्होंने बताया है कि मौके पर जाकर निर्माणाधीन बिल्डिंग की जांच की जिसकी रिपोर्ट सीएमओ साहब को भेज दी गई है।

**मानकविहीन कार्य पर की जाती है खानापूर्ति, नहीं होती कोई कार्रवाई**

ग्रामीणों का आरोप है कि मानक विहीन कार्य की सूचना देने के बाद संबंधित अधिकारियों द्वारा केवल खाना पूर्ति ही की जाती है कभी भी कोई कार्रवाई नहीं होती है। जिसके कारण ठेकेदारों के हौसले बुलंद होते जाते हैं। अभी कुछ दिनों पहले ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उचौलिया में 6 बेड के हाल का निर्माण हुआ था। जिसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा उच्च अधिकारियों को की गई थी लेकिन पसगवॉ सी एच सी प्रभारी अश्वनी वर्मा द्वारा निरीक्षण करने के बाद कोई भी कार्यवाही नहीं हुई और लखीमपुर के ठेकेदार अभय प्रताप सिंह द्वारा ऐसे ही पूरी बिल्डिंग का निर्माण कर दिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि मानक विहीन तरीके से बनी बिल्डिंग कभी भी धराशाई हो सकती है।

# गैर जनपदीय चोर लोहे के तार के साथ गिरफ्तार

**मसौली बाराबंकी,समृद्धि न्यूज।**



सफदरगंज पुलिस ने मैनुअल इंटेलीजेंस के आधार पर 24 घंटे के अंदर ही एक गैरजनपदीय चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 80 किलो लोहे का तार बरामद किया है पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

बताते चले कि सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम भगेलापुरवा मजरे पलहरी निवासी अर्जुन सिंह यादव पुत्र विजय यादव का कोल्ड स्टोरेज के निकट मकान किराये पर ले रखा है गत 10 जून की सुबह अर्जुन यादव के एक मित्र ज्ञानेंद्र ने बताया कि तुम्हारे मकान मे कुछ चोर छिपे हुए हैं सूचना पर पहुंचे अर्जुन ने एक चोर को मौक़े पर पकड़ लिया लेकिन चोर हाथ छुड़ाकर भाग गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरु की पुलिस ने मैनुअल इंटेलीजेंस के आधार पर कल्याणी नदी के पास रायबरेली जनपद के थाना शिवगढ़ के ग्राम राजापुर निवासी विजय सिंह उर्फ़ बिज्जू उर्फ़ विमल सिंह पुत्र शिवशंकर को गिरफ्तार कर चोरी का 4 बण्डल लोहे का तार वजन करीब 80 किग्रा0, 1 अदद अल्टीनेटर व घटना कारित करने में प्रयुक्त अदद मोटर साइकिल स्लेण्डर प्लस यूपी 32 बी एस 8478 बरामद किया गया।

पुलिस की पूछताछ मे अभियुक्त ने अपने अन्य साथियों के नाम बताते हुए बताया कि थाना टिकैतनगर के ग्राम जदवापुर निवासी राजकुमार उर्फ ननके तिवारी, धर्मराज उर्फ छोटकन्ने तिवारी पुत्रगण कन्हईलाल तिवारी के साथ मिलकर 10 को कोल्ड स्टोर सफदरगंज के पास स्थित अर्जुन यादव के मकान में चोरी की घटना कारित की थी। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि अभियुक्त के विरुद्ध मुकदमा दर्ज जेल भेज दिया गया है तथा अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम रवाना की गयी है।

# पीएम आवास के 372 लाभार्थियों को पहली किस्त जारी, आवास निर्मित कराने के निर्देश

**बाराबंकी,समृद्धि न्यूज।**

परियोजना अधिकारी डूडा सौरभ त्रिपाठी ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत जनपद की नगर पंचायत हैदरगढ़ की डीपीआर जिलाधिकारी के अनुमोदन के क्रम में शासन प्रेषित की गयी थी। इस सूची में पात्र पाये गये 372 आवेदकों की पात्रता की जाँच पूर्व में उपजिलाधिकारी एवं अधिशाषी अधिकारी-हैदरगढ़ के द्वारा संयुक्त रूप से की गयी थी। इसी क्रम में वर्तमान में शासन द्वारा इन 372 आवेदकों की डीपीआर की स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। तद्नुसार जिलाधिकारी के द्वारा 372 डीपीआर के लाभार्थियों के प्रथम स्तर जियोटैग 01 सप्ताह में पूर्ण करने के निर्देश प्रदान किये गये है।

परियोजना अधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) पूर्णतया निशुल्क योजना है, यदि कोई व्यक्ति योजना के अन्तर्गत आवास का लाभ दिलाने हेतु पैसे की माँग / पैसा लेता है, तो इस की शिकायत जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) बाराबंकी में की जा सकती है। नगर पंचायत हैदरगढ़ की नवस्वीकृत 372 लाभार्थियों की डीपीआर लोक हित में कार्यालय, नगर पंचायत हैदरगढ़ एवं तहसील-हैदरगढ़ के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित भी की गई है।

# गवर्नमेंट ग्रांट एक्ट की भूमि पर अवैध निर्माण, तहसीलदार ने की कार्यवाही की बात

**गौरीफंटा खीरी, समृद्धि न्यूज।**



इंडो नेपाल सीमा से सटी गौरीफंटा बनगवां बाजार जोकि आज से पहले गवर्नमेंट ग्रांट एक्ट की खेतिहर भूमि थी जिस पर थारू जनजाति के लोग खेती कर अपना जीवन यापन करते थे किंतु अब उसी भूमि पर थारू जनजाति को मोटा प्रलोभन देकर अवैध निर्माण कार्य हो रहा है। पलिया कला खीरी के उप जिलाधिकारी भी एक बार मेड़ बंदी करा चुके हैं उसके बाद भी सरकार के नियमों को ताख पर रखकर अवैध निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। मामला जिला लखीमपुर खीरी की तहसील पलिया क्षेत्र के अंतर्गत भारत नेपाल सीमा से सटे बनगवां बाजार का है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यहां एक तरफ थारू जनजाति को भरण पोषण के लिए भूमि आवंटित की गई है जिस पर कुछ तथाकथित लोग थारू जनजाति को प्रलोभन देकर उनकी जमीनों पर दुकान बना कर व्यापार कर रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गवर्नमेंट ग्रांट एक्ट की भूमि पर लगातार दुकानों का निर्माण कार्य चल रहा है इतना ही नहीं यह वही बनगवां मंडी है जहां पर छापेमारी में कई बड़े नामचीन ड्रग्स तस्कर भी गिरफ्तार किये जा चुके हैं।

इंडो नेपाल सीमा पर बनी दुकानें कई प्रकार की अनियमितता को दर्शाती है। इस से पूर्व भी एक नेपाली महिला का शव गौरीफंटा के जंगलों में नशे के ओवर डोज के चलते मृत अवस्था में पाया गया था। बता दें कि वर्ष 2013 में अस्तित्व में आई बनगवां मंडी जहां महज सिर्फ 10 वर्षों में ही लगभग ढाई सौ अवैध दुकानों का आंकड़ा पार कर चुकी है। सूत्र बताते है कुछ वर्षों पूर्व तहसील प्रशासन ने डुग्गी पिटवाकर बाजार हटाने की चेतावनी भी दी थी बावजूद उसके लगातार अवैध निर्माण कार्य जारी है। सूत्रों का कहना है कि गुलाबी नोटों की चमक के आगे तहसील प्रशासन कोई भी कार्यवाही करने से परहेज करता है।

तहसीलदार आरती यादव से बात करने पर उन्होंने बताया कि गवर्नमेंट ग्रांट एक्ट की भूमि पर किसी भी तरीके का निर्माण कार्य करना पूर्णता अवैध है मेरे संज्ञान में नहीं था मैं जांच करवाती हूं।

# कोलकाता से पानीपत जा रही तीस कुंतल थाई मांगुर मछली करायी नष्ट

- 20 लाख रुपये बताई जा रही है प्रतिबंधित मछली की कीमत

**मसौली बाराबंकी,समृद्धि न्यूज।**




कोलकाता से पानीपत जा रही 30 कुंतल प्रतिबंधित प्रजाति की थाई मांगुर मछली को मोहम्मदपुर चौकी के पीछे गड्ढा खोदवाकर नष्ट किया गया प्रतिबंधित मछली की कीमत करीब 20 लाख रुपये बताई जा रही है ।

बताते चले कि गत 11 जून को लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित मोहम्मदपुर चौकी प्रभारी रविंद्र कुमार ने ट्रक नंबर यूपी 14 एच टी 5351 पर लदी मांगूर मछली को देख मत्स्य निरीक्षक , मत्स्य विकास अधिकारी रमेश चंद्र को सूचना दी मौक़े पर पहुंचे मत्स्य निरीक्षक अच्छे लाल एवं वंश राज ने मौके पर खड़ी ट्रक का निरीक्षण किया जिसमें प्रतिबंधित मछली थाई मांगुर पाये जाने पर एनबीएफजीआर तेलीबाग लखनऊ की वैज्ञानिकों की टीम के पास मछलियों का नमूना जांच के लिए भिजवाया वैज्ञानिकों की टीम ने पुष्टि की कि उपरोक्त मछली थाई मांगुर है इसके आयात निर्यात और विक्रय पर भारत सरकार द्वारा पूर्णतया प्रतिबंध लगाया जा चुका है इस मछली की कीमत रुपए 20 लाख से अधिक की अनुमानित है। प्रतिबंधित मछली की पुष्टि होने पर बुधवार को, नायब तहसीलदार अभिनव सिंह, मत्स्य विभाग के कार्यकारी अधिकारी गणेश प्रसाद, मत्स्य विकास अधिकारी रमेश चंद्र, प्रहलाद कुमार, हल्का लेखपाल सतीश तिवारी चौकी प्रभारी रविंद्र कुमार ने जेसीबी मशीन से गड्ढा खुदवा कर नष्ट किया गया मत्स्य विकास अधिकारी रमेश्चंद्र की तहरीर पर नगर कोतवाली में ट्रक चालक अशोक मेहता पुत्र ज्ञानचंद्र मेहता निवासी नरखेरया जिला गड़वा व प्रमानंद कुशवाहा पुत्र काशीदास कुशवाहा निवासी जमुआ जनपद गड़वा झारखण्ड के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

# एसडीएम ने गौशाला का किया निरीक्षण, दिए निर्देश




**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** एसडीएम ने राजापुर गौशाला का औचक किया निरीक्षण बीमार पशुओं का सही ढंग से इलाज करने के साथ ही ताजा पानी व चारा की व्यवस्था में करने लापरवाही व हीलाहवाली न करने के निर्देश दिए।बुधवार को एसडीएम सिरौलीगौसपुर आनन्द तिवारी, डाक्टर अतुल कुमार अवस्थी मुख्य पशु अधिकारी,अमित त्रिपाठी बीडीओ ने गौशाला पर पंहुच कर बीमार गाय और बछिया को इंजेक्शन ग्लूकोज देकर उपचार कराया।गौशाला पर हरा चारा भूसा पानी उपलब्ध था।एसडीएम ने ग्रामीणो से गौशाला पर चारा भूसा हरा चारा आदि की जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि भूसा हरा चारा पशुओं को खिलाया जाता है परन्तु गौशाला में छाया की व्यवस्था नहीं है।एसडीएम ने बताया है कि गौशाला संचालक को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि पशुओ को समय से हरा चारा भूसा पानी दिया जाय।गांव के सफाई कर्मी को भी निर्देशित किया गया है कि वह भी साफ सफाई मे सहयोग प्रदान करता रहे।इस मौके पर राजेश कुमार मनीष शुक्ला, कुलदीप श्रीवास्तव, सतीश वर्मा,तकनीकी सहायक गजराज वर्मा,धर्मेन्द्र कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

# यूपी देश में सर्वाधिक विद्युत आपूर्ति करने वाला राज्य

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश ने भीषण गर्मी में विद्युत की बढ़ी मांग को सकुशल पूरा करते हुए एक बार फिर से पूरे देश में सर्वाधिक विद्युत आपूर्ति करने का रिकार्ड बनाया है। प्रदेश में जैसे-जैसे तापमान बढ़ रहा है, उपभोक्ताओं की जरूरतों के अनुरूप बढ़ती विद्युत की मांग को पूरा करने में प्रदेश का ऊर्जा विभाग मंत्री एके शर्मा के निर्देशन में नये आयाम स्थापित कर रहा है। विगत दिनों उत्तर प्रदेश ने 29500 मेगावाट की सर्वाधिक विद्युत मांग को पूरा करते हुए देश में कीर्तिमान स्थापित किया था। ग्रिड इंडिया पॉवर सप्लाई रिपोर्ट के मुताबिक 10 जून को एक बार फिर से उत्तर प्रदेश ने देश में सर्वाधिक 28889 मेगावाट विद्युत आपूर्ति कर महाराष्ट्र-गुजरात जैसे राज्यों को पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया है। ऊर्जा मंत्री के कुशल निर्देशन में ऊर्जा विभाग ने विद्युत मांग की चुनौती को सकुशल पूरा कर विगत वर्ष की भांति ही इस वर्ष भी नये रिकॉर्ड बना रहा है। दो वर्ष पहले तक यह रिकॉर्ड पूरे देश में महाराष्ट्र के नाम था। इस वर्ष 10 जून को जारी रिपोर्ट के मुताबिक उत्तर प्रदेश ने 28889 मेगावाट, महाराष्ट्र ने 24254 मेगावाट, गुजरात ने 24131 मेगावाट, तमीलनाडु ने 16257 मेगावाट और राजस्थान ने 16781 मेगावाट की सर्वाधिक विद्युत आपूर्ति की मांग को पूरा किया है। उत्तर प्रदेश के विद्युत विभाग ने इस वर्ष भी पीक आवर में पूरे देश में सर्वाधिक विद्युत आपूर्ति का रिकॉर्ड बनाया है। जो कि उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य में कुशल प्रबंधन एवं बेहतरीन नेतृत्व की बदौलत ही यह सम्भव हो सका है, जिसकी प्रशंसा पूरे देश में हुई है। उत्तर प्रदेश में 28 मई को देश में सर्वाधिक 29282 मेगावाट की पीक डिमांड को पूरा किया था। वहीं महाराष्ट्र में 23 मई को सर्वाधिक पीक डिमांड 27517 मेगावाट थी, जबकि उत्तर प्रदेश में 28010 मेगावाट विद्युत की पीक डिमांड थी।



▸ भीषण गर्मी के बीच यूपी में बिजली की मांग और आपूर्ति का बना नया रिकॉर्ड

पिछले तीन सप्ताह के दौरान प्रदेश में विद्युत की पीक मांग पर दृष्टि डालें तो 23 मई को 28010 मेगावाट, 24 मई को 29147 मेगावाट, 25 मई को 29215 मेगावाट, 26 मई को 29084 मेगावाट, 27 मई को 29261 मेगावाट, 28 मई को 29282 मेगावाट तथा 29 मई को 29077 मेगावाट विद्युत की पीक मांग को सकुशल पूरा किया गया और प्रदेशवासियों को प्रचंड गर्मी में विद्युत संकट का सामना नहीं करना पड़ा, जहां कहीं पर भी अतिभारिता व स्थानीय दोषों के कारण आपूर्ति में व्यवधान हुआ, उसे भी शीघ्र ही ठीक करने का प्रयास किया गया।प्रदेश में बढ़ी हुई विद्युत मांग के अनुपात में ही ऊर्जा विभाग अनवरत विद्युत आपूर्ति कर रहा है। प्रदेश के ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों को मिलाकर लगभग 4634 सबस्टेशन उपभोक्ताओं तक विद्युत आपूर्ति करने का कार्य सुचारू रूप से कर रहे हैं। जहां कहीं पर भी विद्युत की मांग बढ़ी है वहां पर नये विद्युत उपकेंद्रों को स्थापित करने, ट्रांसफार्मर का लोड बढ़ाने तथा विद्युत आपूर्ति की जर्जर व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए ऊर्जा विभाग निरंतर युद्धस्तर पर कार्य कर रहा है। ऊर्जा मंत्री ने प्रदेश के सभी विद्युत कार्मिकों को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई दी है। उन्होंने कहा कि प्रचंड गर्मी में हमारे विद्युत कार्मिकों ने विद्युत आपूर्ति बहाल रखने में अपना सर्वाधिक योगदान दिया है और उपभोक्ताओं को गर्मी में होने वाली परेशानियों से बचाया है। प्रदेश में अभी भीषण गर्मी और लू का संकट बना हुआ है, इसके लिए सभी विद्युत कार्मिक पूरे मनोयोग व सतर्कता से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए कार्य करते रहेंगे।

# इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक में 549 रुपये में होगा दस लाख का दुर्घटना बीमा

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

महंगे प्रीमियम पर बीमा करवाने में असमर्थ लोगों के लिए डाक विभाग का इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक एक विशेष दुर्घटना सुरक्षा बीमा लेकर आया है, जिसमें वर्ष में महज 549 और 749 रुपए के प्रीमियम के साथ लाभार्थी का क्रमशः 10 और 15 लाख रुपए का बीमा होगा।

एक साल खत्म होने के बाद अगले साल यह बीमा रिन्यू करवाना होगा। इसके लिए इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक में लाभार्थी का खाता होना अनिवार्य है। पीएमजी वाराणसी कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि डाक विभाग इसके लिए 13 जून को वाराणसी परिक्षेत्र के



अधीन वाराणसी, भदोही, चंदौली, जौनपुर, गाजीपुर, बलिया जिलों में विशेष अभियान चलायेगा। इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक और आदित्य बिरला हेल्थ इंश्योरंस ग्रुप पर्सनल एक्सीडेंट के मध्य हुए एक एग्रीमेंट के तहत 18 से 65 वर्ष आयु के लोगों को यह निजी दुर्घटना बीमा सुरक्षा मिलेगी। इसके तहत, दोनों प्रकार के बीमा कवर में दुर्घटना से मृत्यु, स्थाई या आंशिक पूर्ण अपंगता, अंग विच्छेद या पैरालाइज्ड होने पर क्रमशः 10 और 15 लाख रुपए का कवर मिलेगा।

इस बीमा में दुर्घटना से हॉस्पिटल में भर्ती रहने के दौरान इलाज हेतु 60,000 रुपए तक का आई.पी.डी खर्च और ओ.पी.डी में 30,000 रुपए तक का क्लेम मिलेगा। इस बीमा में डॉक्टर से पोषण संबंधी सलाह एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए 4 परामर्श की सुविधा होगी।

## खबरें एक नजर में

### भीषण गर्मी में लखनऊ के अस्पताल मरीजों से फुल

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** भीषण गर्मी और लू के कहर के बीच लखनऊ के अस्पताल मरीजों से हाउसफुल हैं। हालात इस कदर बिगड़े है कि सरकारी से लेकर निजी अस्पतालों में बड़ी संख्या में डिहाइड्रेशन और डायरिया के मरीज भर्ती हो रहे हैं। पिछले 2 से 3 दिनों में इमरजेंसी में आने वाले ऐसे मरीजों की संख्या में 20 प्रतिशत तक इजाफ़ा हुआ है। वहीं ओपीडी में भी गर्मी के मरीजों की तादाद बढ़ी है। सरकारी अस्पतालों में हीट वेव के गंभीर मरीजों को बिना देरी किए एडमिट करने के निर्देश हैं। कोल्ड रूम में भर्ती करने से ड्रिप चढ़ाने और जरूरत पड़ने पर कोल्ड स्पॉन्जिंग भी किया जा रहा है। राजधानी के कानपुर रोड पर बने राज नारायण लोकबंधु संयुक्त अस्पताल में गर्मी के मरीजों के लिए अलग से बने वार्ड में भर्ती होने वालों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है। इमरजेंसी में हीट स्ट्रोक जैसे लक्षण, ब्लड प्रेशर, सिरदर्द, चक्कर वाले मरीज अधिक पहुंच रहे हैं। इमरजेंसी में कुछ देर इलाज के बाद मरीजों को वार्ड में शिफ्ट किया जा रहा है। अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव दीक्षित ने बताया, बुधवार को गर्मी की चपेट में आने के बाद ओपीडी में 7 मरीज पहुंचे है। वहीं इमरजेंसी में 24 घंटे में भीषण गर्मी की चपेट में 70 से ज्यादा गंभीर मरीज अस्पताल पहुंचे हैं। उनका कहना है कि गर्मी से परेशानी बढ़ी है लेकिन हालात नियंत्रण में हैं। बेहतर होगा कि इस दौरान सतर्कता बरतें और धूप में अनावश्यक बाहर न निकलें। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल अस्पताल में हीट वेव के मरीज बढ़े हैं। गंभीर मरीजों को तत्काल भर्ती कर इलाज शुरू किया जा रहा है। बुजुर्गों और बच्चों में ये समस्या ज्यादा देखी जा रही है। हालांकि पहले हर उम्र के मरीज चपेट में आने के बाद अस्पताल पहुंच रहे हैं।

### मनोज पांडे के नाम पर काली पट्टी चिपकाई गई

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** विधानभवन में मनोज पांडेय के नाम के आगे लगी मुख्य सचेतक की प्लेट पर काली पट्टी लगा दी गई है। गौरतलब है कि समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधायक बने डॉक्टर मनोज पांडेय विधानसभा में बतौर मुख्य सचेतक का कार्यभार निभा रहे थे। लेकिन लोकसभा चुनाव से पहले उन्होंने भाजपा की सदस्यता ले ली, उन्हें गृह मंत्री अमित शाह ने पार्टी में शामिल कराया था। हालाँकि भारतीय जनता पार्टी रायबरेली और अमेठी दोनों सीट पर हार गई, सपा नेताओं ने भी मनोज पांडेय को लेकर कई मंच पर बयानबाजी की थी। वहीँ अभी तक मनोज पांडेय की पट्टिका पर काली पट्टी लगाने को लेकर किसी भी तरह की कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

### बहुमंजिला इमारत में लगी भीषण आग

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** राजधानी की एक बहुमंजिला इमारत में भीषण आग लगी है। गहरा काला धुआं काफी दूर से देखा जा सकता है। बताया जा रहा है कि राजबधाणी के शहीद पथ के पास स्थित कैम्ब्रिज स्कूल के निकट रोहित हाइट्स बिल्डिंग में भीषण अग्निकांड हुआ है। आग ऊपरी मंजिलों में लगी है। यहाँ दमकल की कई गाड़ियां मौजूद हैं। लोगों को सुरक्षित बाहर निकलने और आग बुझाने की कोशिशें जारी हैं।

### मां ने डांटा तो बेटी नदी में कूदी, बचाने वाला युवक भी डूबा

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ की गोमती नदी में 11 साल की बच्ची छलांग लगा दी। उसे बचाने के लिए एक युवक नदी में कूदा लेकिन वह भी डूब गया। हालांकि बच्ची को बाहर निकाल लिया गया है। बच्ची का इलाज अस्पताल में चल रहा है। युवक की तलाश की जा रही है। बताया जा रहा लड़की मां की डांट से परेशान होकर ऐसा कदम उठाई है। बुधवार को मदेयगंज की रहने वाली 11 साल की नाबालिग ने नदी में छलांग लगा दी। बच्ची को ढूंढ़ते हुए बच्ची के परिजन मौके पर पहुंच गए। उन्होंने बताया कि बच्ची को मां ने डांट दिया था। जिसके बाद गुस्से में उसने नदी में छलांग लगा दी। बच्ची को छलांग लगाता देख आसपास के लोगों ने शोर मचाया। इसके बाद उसे बचाने के लिए एक युवक नदी में कूद गया। गोताखोरों और युवक की मदद से लड़की बाहर निकाल लिया गया। लड़की को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया। जबकि उसे बचाने के लिए कूदा युवक डूब गया। मौके पर युवक की तलाश की जा रही है।

### सीएमएस छात्र ने जीता गोल्ड मेडल

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, चौक कैम्पस के कक्षा-6 के प्रतिभाशाली छात्र अविरल गुप्ता ने डिस्ट्रिक्ट बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर अपनी खेल प्रतिभा का परचम लहराया है एवं विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। अविरल ने यह गोल्ड मेडल 28 किग्रा भार वर्ग में जीता है। प्रतियोगिता का आयोजन बाक्सिंग एसोसिएशन, लखनऊ के तत्वावधान में के.डी. सिंह बाबू स्टेडियम में किया गया। सी.एम.एस. प्रबन्धक, प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने अविरल के उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के जन-सम्पर्क अधिकारी ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इस चैम्पियनशिप में देश के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के चुने हुए छात्रों ने प्रतिभाग कर अपनी खेल प्रतिभा का जोरदार प्रदर्शन किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. चौक कैम्पस के इस प्रतिभाशाली छात्र ने अपने दमखम व उत्कृष्ट तकनीक की बदौलत शानदार प्रदर्शन कर गोल्ड मेडल जीतने का गौरव हासिल किया। श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. अपने छात्रों के बौद्धिक विकास के साथ उन्हें खेलों व अन्य सामाजिक क्षेत्रों के लिए भी विशेष रूप से तैयार करने में पूरे मनोयोग से संलग्न है। यही कारण है कि सी.एम.एस. छात्र न सिर्फशैक्षिक क्षेत्र में अपितु खेलों व समाज के अन्य बहुतेरे क्षेत्रों में भी विद्यालय का नाम राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं।

# संस्कृति एवं पर्यटन विभाग की परियोजनाओं के 30 जून तक जारी करें टेंडर

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने संस्कृति एवं पर्यटन विभाग की वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वीकृत परियोजनाओं के कार्यों की प्रगति तथा स्वीकृत परियोजना के सापेक्ष जारी टेण्डर की स्थिति की समीक्षा करते हुये अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिये गये है कि आदर्श आचार संहिता के समाप्त होने के बाद युद्ध स्तर पर कार्य शुरू हो जाने चाहिये। पर्यटन में रोजगार तथा आमदनी की अपार संभावनाये है और प्रदेश की अर्थव्यवस्था में पर्यटन का महत्वपूर्ण योगदान है। इसको देखते हुये मुख्यमंत्री द्वारा 01 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के संकल्प को पूरा करने में पर्यटन विभाग अहम योगदान दे सकता है।

30 जून तक परियोजनाओं की निविदाएं जारी करा दी जाये। जो निर्माणाधीन परियोनजाएं है उसको तय

▸ समय से कार्य पूर्ण न करने पर कार्यदायी संस्था पर लगेगा अर्थदण्ड : जयवीर
▸ पर्यटन मंत्री ने की संस्कृति एवं पर्यटन विभाग की समीक्षा

समय में पूरा कर लिया जाये, समय से कार्य पूरा न करने वाले कार्यदायी संस्थाओं पर अर्थदण्ड लगाया जाये। पर्यटन मंत्री पर्यटन भवन गोमती नगर के सभागार में संस्कृति एवं पर्यटन विभाग की समीक्षा कर रहे थे। उन्होने कहा कि पर्यटन एवं संस्कृति विभाग की परियोजनओं को समय से पूरा करने पर पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी और इसका सीधा असर प्रदेश की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। लोगों को रोजगार के साथ ही विभिन्न सेक्टरों में कार्य कर रहे व्यवसायियों को इसका लाभ होगा।

निर्माणाधीन परियोजानाओ की



हकीकत जानने के लिये अधिकारी ग्राउण्ड जीरो पर जाकर नियमित निरीक्षण करे। पूरी हुयी परियोजनाओं का थर्ड पार्टी इन्सपेक्शन कराया जाये।

जनपदों में रामलीला मैदान की चार दीवारियों पर खूबसूरत म्यूरल एवं पेंटिंग करायी जाये जिससे आगन्तुकों को नयी अनुभूति प्राप्त हो सके। हरदोई के रामलीला मैदान में भवन निर्माण के अलावा एटा, कुशीनगर, प्रतापगढ, रायबरेली, बलिया, प्रयागराज, कन्नौज, लखनऊ में तीन, गोरखपुर, शाहजहाँपुर, मैनपुरी, बलरामपुर, वाराणसी आदि जनपदों में निर्माण कार्य तेजी से किये जा रहे है। विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं द्वारा 2023-24 में स्वीकृत परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। कुछ परियोजनाओं प्रगति के अंतिम चरण में है तथा अधूरी परियोजनाओं पर शीघ्र पूरा करने के लिये टाइम लाइन दे दी गयी है। कार्य में उदासीनता अथवा रूचि न लेने वाले अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जायेगी। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम ने अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि समय से टेण्डर जारी कराये। निर्माणाधीन परियोजनाओं को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूरी करे। लापरवाही के लिये कठोर कार्यवाही की जायेगी। इस अवसर पर पर्यटन विकास निगम के प्रबन्ध निदेशक रवि रंजन, निदेशक पर्यटन प्रखर मिश्रा, सलाहकार जेपी सिंह, उप निदेशक दिनेश के अलावा विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं के पीएम, एपीएम समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# रोडवेज के बेड़े में शामिल होंगी पांच हजार इलेक्ट्रिक बसें

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

रोडवेज के बेड़े में जल्दी ही पांच हजार इलेक्ट्रिक बसे शामिल हो जायेंगी। उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार परिवहन निगम की बसों को इलेक्ट्रिक बसों से रिप्लेस करने की योजना पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि 5000 इलेक्ट्रिक बसों का 14 जून को टेंडर प्रक्रिया संपन्न होने जा रही है।

प्रदेश को प्रदूषण रहित 5000 इलेक्ट्रिक बसों का सौगात जल्द मिलेगा।परिवहन मंत्री ने बताया कि प्रथम चरण में प्रयागराज आगरा एवं गाजियाबाद क्षेत्रों से जुड़े जनपदों के बीच लगभग 200 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली इलेक्ट्रिक बसें लगाई जाएगी। प्रयागराज से निकटवर्ती जनपद बनारस, कानपुर, विंध्याचल



धाम,चित्रकूट, अयोध्या, लखनऊ को जोड़ा जाएगा।

आगरा एवं गाजियाबाद रीजन के निकटवर्ती जनपदों को इलेक्ट्रिक वाहनों से जोड़ा जाएगा। इलेक्ट्रिक बसें पर्यावरण हितैषी होने के साथ आरामदायक हैं। परिवहन मंत्री ने बताया कि इलेक्ट्रिक बसें अनुबंध के आधार पर लगाई जाएगी। बसों पर रखे जाने वाले चालक बस मालिक ही रखेंगे, इसके अलावा परिचालक वाहन मालिक स्वयं भी रख सकते हैं अथवा यूपीएसआरटीसी भी उपलब्ध कराएगी।

# नीट यूजी परीक्षा 2024 : सपा ने सीबीआई से जांच कराने की उठाई मांग

▸ राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

**लखनऊ।** समाजवादी छात्र सभा के प्रतिनिधिमण्डलों ने ज्ञापन में कहा कि लोकसभा चुनाव परिणाम के दिन नीट-यूजी के परिणाम घोषित कर एनटीए क्या छिपाना चाहती थीं? मेडिकल संस्थानों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली इस परीक्षा की पारदर्शिता पर विद्यार्थियों के बीच संदेह है।

नीट-यूजी की परीक्षा के दिन भी देश के अलग-अलग स्थानों पर व्यवस्था की गड़बड़ियां सामने आई थीं। इसमें यह भी स्पष्ट हो गया है कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने परीक्षा के आयोजन के लिए आवश्यक तैयारियां नहीं की थीं।

जिलाधिकारियों के माध्यम से राज्यपाल को भेजे गये ज्ञापन में कहा गया है कि नीट-यूजी की परीक्षा परिणाम के संदर्भ में अभ्यर्थियों के बीच गड़बड़ी का संदेह है, इस पूरे प्रकरण की सीबीआई जांच तथा दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी पर पहले भी यूजीसी-नेट आदि परीक्षाओं के आयोजन के संदर्भ में सवाल खड़े हुए थे। नीट परीक्षा के आयोजन में जो गड़बड़ियां हुई हैं, उसके लिए दोषियों पर कार्रवाई होनी चाहिए। जानकारी




के अनुसार प्रतापगढ़ के थाना अर्न्तगत ग्राम सोनपुर में मौलाना फारूक की कुछ दबंग लोगों ने हत्या कर दी थी। इस घटना की जानकारी लेने के लिए सपा का प्रतिनिधिमण्डल ग्राम सोनपुर पहुंचेगा।

प्रतापगढ़ जाने वाले प्रतिनिधिमण्डल के सदस्यों में सांसद एसपी सिंह पटेल, पूर्व मंत्री कमाल अख्तर, विधायक नफीस अहमद, डा. आर के वर्मा, राम सिंह पटेल विधायक, मो. शकील नदवी प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी अल्पसंख्यक सभा, उदयवीर सिंह पूर्व एमएलसी, नागेन्द्र सिंह 'मुन्ना यादव' पूर्व विधायक, गुलशन यादव एवं अब्दुल कादिर जिलानी शामिल हैं।

# भाजपा सरकार में युवाओं का भविष्य अंधकारमय : अजय

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय कहा कि पूरे देश में उत्तर प्रदेश की चर्चा हो रही है। राहुल गांधी हर जगह यूपी की चर्चा कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश में मोदी और एनडीए को भरोसा था और मोदी तथा भाजपा के नेता कहते थे कि 400 पार 80 में 80 उस दावे की प्रदेश की जनता ने हवा निकाल दी। ये कहते थे कि इस बार बनारस 10 लाख पर, बाबा काशी विश्वनाथ की नगरी की जनता ने उस दावे की भी हवा निकाल दी।

इस प्रदेश की जनता का असीम प्रेम और जनसमर्थन इंडिया गठबंधन को मिला है। हम सब मिलकर इस प्रदेश

▸ इंडिया गठबंधन को मिला असीम प्रेम और जनसमर्थन
▸ धन्यवाद यात्रा निकालकर व्यक्त करेंगे जनता का आभार

एवं देश को बनाने का काम कर रहे हैं। मैं वाराणसी से चुनाव लड़ा, भरपूर सहयोग मिला। श्री राय ने कहा कि नौजवानों में हाहाकार मचा हुआ है। अभी हाल ही में आये नीट परीक्षा के परिणामों पर प्रश्नचिन्ह लग गया है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों में घोर निराशा छा गई है। अब तक पेपर लीक, परीक्षाओं पर सवाल



प्रदेश में उठते थे, अब ये बीमारी केन्द्र तक पहुंच गई है। भाजपा सरकार में युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो गया है, बहुत सारे बच्चे डिप्रेशन का शिकार हो गये। कांग्रेस कमेटी के महासचिव प्रभारी उत्तर प्रदेश अविनाश पाण्डेय के निर्देश पर पूरे प्रदेश की सभी विधानसभाओं में 11 जून से 15 जून तक कांग्रेस पार्टी धन्यवाद यात्रा निकालकर वहां की जनता का आभार व्यक्त करेगी। इस धन्यवाद यात्रा में पार्टी ने पत्र लिखकर इंडिया गठबंधन के सभी घटक दलों को आमंत्रित किया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि महंगाई एक बार फिर जनता को परेशान कर रही है। अरहर दाल का मूल्य 200 पार हो गया है, आटा भी महंगा हो गया है। अब गेहूं भी बाहर से आयात करना पड़ेगा, एक बार फिर अपने पूंजीपति मित्रों को फायदा पहुंचाने की कवायद शुरू हो गई है। अजय राय ने कहा कि यूपी में कई लोकसभा सीटों पर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को चुनाव भाजपाई सत्ता के इशारे पर हराया गया जिसकी जांच होनी चाहिए।

# मंडलायुक्त ने मोती झील-जमुना झील का किया निरीक्षण

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने मोती झील एवं जमुना झील का औचक निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर लखनऊ विकास प्राधिकरण के अधिशासी अभियंता व तहसीलदार सदर सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। मंडलायुक्त ने जमुना झील के निरीक्षण दौरान उपस्थित संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि अच्छी पद्धति के अनुसार झीलों के जीर्णोद्धार, सौंदर्यीकरण के कार्य कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। झीलों की साफ

▸ अवैध अतिक्रमण किसी भी हाल में नहीं किया जाएगा बर्दाश्त : रोशन जैकब

सफाई अच्छे से कराया जाए।

उन्होंने कहा की झीलों के संपूर्ण एरिया का पैमाइश कराते हुए चिन्हित करें व सीमांकन कराया जाए। अवैध अतिक्रमण मिलने पर तत्काल ध्वस्तीकरण कराया जाए। मंडलायुक्त ने मोती झील का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान झील के बगल बन रहे अटल पार्क के निर्माणधीन कार्यो की गुणवत्ता का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माणधीन कार्य में मेंनपावर व मशीनों की संख्या में बढ़ोत्तरी करते हुए कार्य में तेजी लाया जाए। मंडलायुक्त ने उपस्थित संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि एलडीए व तहसील की संयुक्त टीम बनाकर उक्त झीलों का सर्वे कराया जाना सुनिश्चित किया जाए, जिससे संबंधित भूमि की वास्तविक स्थिति का पता चल सके।

### जिला लखनऊ बैड़मिंटन चौम्पियनशिप 28 से प्रारम्भ

**लखनऊ।** जिला लखनऊ बैडमिंटन चौम्पियनशिप गोमती नगर स्थित बीबीडी उ.प्र. बैडमिंटन अकादमी के बैडमिंटन हॉल में 28 जून से 30 जून तक होगी। जिला सचिव अनिल ध्यानी के अनुसार इसे 11 वर्ष 13, 15, 17 व 19 वर्ष एवं पुरुष-महिला (वेटरन स्पर्धा नही) की एकल, युगल, मिश्रित युगल स्पर्धाएं होगी। इस चौम्पियनशिप के आधार पर जिला टीम का चयन किया जायेगा। जो खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगें वही खिलाड़ी प्रदेश स्तरीय, अखिल भारतीय प्रतियोगिता में भाग ले सकेगें। प्रवेश फार्म 18 जून से बीबीडी उ.प्र. बैडमिंटन अकादमी हॉल के काउंटर से प्राप्त कर सकते है, प्रवेश फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि 25 जून शाम 7 बजे तक होगी ड्रा 26 जून को डाले जाएंगे।

# अतिक्रमण रोकने पर महिला को घसीटा

## अकबरनगर में तीसरे दिन बुलडोजर से ढहे मकान

▸ 12 साल की बच्ची ने वीडियो जारी कर अखिलेश व राहुल से मदद की लगाई गुहार

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

राजधानी लखनऊ के अकबरनगर में तीसरे दिन भी ऑपरेशन बुलडोजर जारी है। कुछ लोगों ने अभी तक घर नहीं खाली किया है। प्रशासन मुनादी के जरिए जल्द मकान खाली करने की चेतावनी दे रहा है। तीसरे दिन की कार्रवाई के दौरान महिला विरोध में सड़क पर उतर आई। पुलिस ने उसे घसीटकर हटाया। पूरे इलाके में पानी-बिजली कनेक्शन काट दिया गया है। ताकि लोग घर जल्दी खाली कर दें। प्रशासन ने फेज-1 में ज्यादातर लोगों ने घर खाली कर लिए हैं। दो दिन में अब तक 150 से ज्यादा मकानों पर बुलडोजर चल चुका है। पीएम आवास योजना के तहत बसंत कुंज में अब तक 500 से ज्यादा परिवारों को फ्लैट दिए जा चुके हैं। अभियान के पहले दिन 45 तोड़े गए थे। 6 पोकलेन और 16 बुलडोजर से घर ढहाने में लगे। पीएसी-आरएएफकी 8 कंपनियां मौके पर तैनात रहीं। 12 साल की एक बच्ची ने वीडियो जारी कर अखिलेश यादव और राहुल गांधी से मदद की गुहार लगाई। 8 घंटे की कार्रवाई में 105 मकान तोड़े गए। दो हजार से ज्यादा कर्मचारी और फोर्स के जवान तैनात रहे। 5 बुलडोजर अभियान में लगी रहीं। एक मस्जिद गिराने के पास कार्रवाई पर भीड़ जमा हो गई थी। एक जेसीबी पलट गई। 50 गाड़ियों से यहां के लोगों को उनके नए घरों में भेजा गया।

नजीर | अखिलेश तीन भाइयों व पत्नी के साथ संसद की कार्यवाही में लेंगे हिस्सा

# सुपरहिट हुई अखिलेश और डिपंल की जोड़ी

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

लखनऊ। चुनावी दंगल में तो पति-पत्नी के आमने-सामने की लडने के कई उदाहरण हैं, लेकिन एक अलग-अलग सीट से एक साथ जीतकर लोकसभा तक पहुंचने की नजीर कम ही मिलती है।

18 वीं लोकसभा के दौरान जब सदन में सभी सांसद बैठेंगे तो यूपी से अखिलेश यादव और डिंपल यादव की पति-पत्नी की इकलौती जोड़ी सभी सदस्यों के लिए ध्यानाकर्षण जरूर करेगी। अखिलेश यादव न सिर्फपहली बार पत्नी के साथ लोकसभा में मौजूद रहेंगे बल्कि इस बार उनके तीन भाई भी सदन में उनके साथ रहेंगे। सैफई परिवार के पांच सदस्य निर्वाचित



होकर लोकसभा पहुंचे हैं। यह पहली बार संयोग है कि किसी पार्टी का मुखिया अखिलेश यादव और उनकी पत्नी डिंपल यादव एक साथ लोकसभा के लिए चुने गए हैं।

अखिलेश परंपरागत सीट कन्नौज से तो उनकी पत्नी डिंपल यादव पड़ोस की मैनपुरी सीट से सांसद चुनी गई हैं। दोनों ने ही रिकॉर्ड वोटों से चुनाव जीता है। डिंपल यादव तो सपा की ओर से जीतने वाले सांसदों में अव्वल हैं। अखिलेश यादव दूसरे नंबर पर है। यह भी एक अलग तरह का रिकॉर्ड है। ऐसे में लोकसभा की कार्रवाई के दौरान जब दोनों सदन में मौजूद रहेंगे तो सभी की निगाहें उन पर रहेंगी। यह दोनों ही एक दल से है ।कई बार सांसद रह चुके है इसलिए सदन में इनकी कुर्सी भी आस-पास होगी तो यह देखना भी दिलचस्प होगा। पिछली लोकसभा चुनाव में दोनों सदस्य रहे लेकिन एक साथ निर्वाचित नहीं हुए थे।

अखिलेश यादव और उनकी पत्नी डिंपल यादव पिछली चुनाव में भी साथ लड़े थे, लेकिन सदन के सदस्य एक साथ न निर्वाचित होने से साथ नहीं पहुंच सके थे। अखिलेश यादव आजगमगढ़ से चुनाव जीते। डिंपल यादव कन्नौज से लड़ी थीं लेकिन नहीं जीत सकी थीं। सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद मैनपुरी सीट खाली हुई तो डिंपल यादव वहां से उपचुनाव जीतकर सदन में पहुंचीं। अखिलेश एवं डिंपल की हिट जोड़ी अब सुपरहिट हो गयी है।

# जम्मू-कश्मीर में हुए हमले को कांग्रेस नेता सुरेंद्र राजपूत ने बताया केंद्र की विफलता

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

**लखनऊ।** जम्मू-कश्मीर में तीन दिन में तीन बड़े आतंकी हमलों के बाद विपक्ष केंद्र की मोदी सरकार पर हमलावर है। विपक्ष इसे केंद्रीय खुफिया विभागों की विफलता बता रहा है। कांग्रेस नेता सुरेंद्र राजपूत ने बुधवार को केंद्र सरकार को आड़े हाथों लेते हुए इन हमलों को भाजपा सरकार के कुप्रबंधन का नतीजा बताया। सुरेंद्र राजपूत ने कहा, ÷यह भारतीय जनता पार्टी की विफलता है। वह जम्मू-कश्मीर में स्थिति को नियंत्रित कर पाने में पूरी तरह से विफल साबित हुई है। इसकी पूरी नैतिक जिम्मेदारी अगर किसी की बनती है, तो वह केंद्र की मोदी सरकार है। मैं बार-बार कहता हूं और हमेशा ही कहता रहूंगा कि आतंकवाद पर कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए। भारतीय जनता पार्टी अगर सरकार बनाने के जश्न से बाहर निकल गई हो, तो मेरी गुजारिश है कि वह जम्मू-कश्मीर में सक्रिय सभी आतंकवादियों को नर्क में भेजे, ताकि वहां की जनता शांति से रह सके। अगर आज वहां लोग बेहाल हैं, तो इसकी पूरी जिम्मेदारी किसी और की नहीं, बल्कि केंद्र की मोदी सरकार की है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा, मैं भाजपा को हिदायत देना चाहता हूं कि देश जम्मू-कश्मीर में और खून-खराबा बर्दाश्त नहीं करना चाहता है। केंद्र सरकार हमारे सैनिकों को पूरी आजादी दे, ताकि वहां सक्रिय आतंकवादियों का समूल विनाश हो सके। भाजपा कश्मीरी पंडितों को लेकर जुमलेबाजी करना बंद करे और पाकिस्तान को करारा जवाब दे, ताकि आतंकवादियों को कब्र में भेजा जा सके।

# घर की दीवार गिरने से तीन मासूमों की दबकर मौत,दो घायल

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**





जिले के भगवानपुर माफी गांव में छत पर सो रहे एक परिवार पर पड़ोसी की जर्जर दीवार गिर गई। हादसे में दंपती समेत पांच लोग घायल हो गए। मलबे से बाहर निकालकर सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन पुत्र और ग्रामीण के भांजे की मौत हो गई। वही दंपती और पुत्री की हालत गंभीर बनी हुई थी। इलाज के दौरान पुत्री ने भी दम तोड़ दिया।रामगांव थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भगवानपुर माफी गांव निवासी रहीश पुत्र बदलू मंगलवार रात को अपने परिवार के लोगों के साथ सो रहे थे। रात तीन बजे से चार बजे के मध्य रहीश के पड़ोसी मोहम्मद हुसैन पुत्र इंसान की जर्जर दीवार छत पर सो रहे लोगों के ऊपर गिर गई। दीवार गिरने से रहीश (35), पत्नी शरीफुन निशा (30), पुत्र गुफरान (5), पुत्री निसाबा (3) और पढ़ने के लिए रह रहा रहीश का भांजा इमरान (10) पुत्र कलीम निवासी ग्राम दोबहा निवासी रिसिया बहराइच मलबे में दब गए। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हुए। प्रभारी निरीक्षक शशि कुमार राणा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों की मदद से घायलों को मलबे से बाहर निकाला गया। एंबुलेंस से सभी को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। यहां पर सुबह 4.30 बजे डॉक्टर ने गुफरान, रहीश के भांजा इमरान को मृत घोषित कर दिया। जबकि दंपती और पुत्री का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। वही इलाज के दौरान निसाबा ने दम तोड़ दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि दंपती की हालत गंभीर बनी हुई है।

### खाली है जर्जर मकान

प्रभारी निरीक्षक शशि कुमार राणा ने बताया भगवानपुर माफी गांव निवासी रहीश और मोहम्मद हुसैन पुत्र इंसान का मकान आसपास है। मोहम्मद हुसैन का मकान दो मंजिला बना हुआ है। मकान पूरी तरह जर्जर है। जर्जर मकान की दीवार रहीश के छत पर गिरने के चलते हादसा हुआ है। मोहम्मद हुसैन पूरे परिवार के साथ बेगमपुर बाजार में किराए के मकान में रह रहे हैं।

### डीएम ने भेजी राहत-बचाव टीम

घटना की जानकारी मिलने पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने तत्काल राहत बचाव टीम को मौके पर भेजा। राहत बचाव टीम के साथ पुलिस टीम ने भी सभी को निकालने मे मदद किया। और सभी को जिला अस्पताल पहुंचाया।

### चार लाख रुपए की दिलवाई जायेगी मदद

रामगांव थाना क्षेत्र के भगवानपुर माफी में दीवार गिरने से 3 बच्चो की मौत की सूचना काफी दुखद है। राजस्व की टीम को मौके पर भेजा गया है। सभी का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।आर्थिक मदद परिवार को पोस्टमार्टम के बाद चार लाख रुपए दिलवाई जाएगी।

**मोनिका रानी, डीएम**

# नकदी समेत पांच लाख से ज्यादा का सामान चोरी

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**



ग्राम पंचायत फिरोजपुर निवासी ग्रामीण के मकान में खिड़की के रास्ते चोर घुस गए। चोरों ने डेढ़ लाख रूपये नकदी समेत पांच लाख से अधिक की संपत्ति की चोरी की। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है, लेकिन पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया है।रानीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत फिरोजपुर निवासी राजेश कुमार पाठक पुत्र पुत्तीलाल पाठक की रिश्तेदारी में मंगलवार को भंडारा कार्यक्रम था। जिस पर राजेश भंडारे में शामिल होने चले गए। जबकि भाई संतोष पाठक पुत्र अपने ससुराल बलरामपुर चले गए। घर पर मां और बहन समेत तीन महिलाएं थीं। गर्मी अधिक होने के चलते मां और बहन छत पर सो गई। देर रात को खिड़की के सहारे कमरे में चोर घुस गए। चोरों ने बक्से में रखा डेढ़ लाख रुपये नकदी, सोने और चांदी के जेवरात, बर्तन और कपड़े समेत पांच लाख की संपत्ति चोरी की। सुबह चोरी की जानकारी हुई तो दोनों भाई रिश्तेदारी से घर वापस आए। रानीपुर थाने में तहरीर दी। पुलिस ने मौके की जांच की है। लेकिन चोरी का केस दर्ज नहीं किया है। थानाध्यक्ष आरती वर्मा ने बताया कि जांच के बाद केस दर्ज किया जायेगा।

# बकरीद को लेकर पीस कमेटी की बैठक



▸ प्रभारी निरीक्षक ने शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की

**विशेश्वरगंज,बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

थाना विशेश्वरगंज के प्रांगण में बकरीद को लेकर पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में धर्म गुरु, समस्त ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह ने की।नागरिक व ग्राम प्रधानों को बकरीद के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जाए और किसी को दिक्कत ना हो इसका ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या पर पुलिस से संपर्क करें। ग्राम प्रधानों और ग्रामीणों से सुझाव लिया और पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। सभी ने सहमति जताई कि त्योहारों के अवसर पर एक दूसरे का सम्मान करते हुए और आपसी भाईचारे को मजबूत करते हुए ही शांति सुनिश्चित की जा सकती है। इस दौरान प्रधान पुरेशिव सहाय अमूल गिरी, गंगवल प्रधान सिराज अहमद, बी डी सी जयनब,सामाजिक कार्यकर्ता बबलू पांडेय,अवधेश द्विवेदी, प्रधान गिंधरिया इस्तिहार अहमद ,जीत बहादुर सिंह,बड़े बाबू पांडेय सहित भारी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक सवार को मारी टक्कर, घायल



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

प्रशासन के प्रयास के बाद भी बालू खनन रुक नहीं रहा है। बुधवार को शहर में बालू खनन कर जा रहे बालू लदी ट्रैक्टर ट्रॉली ने बाइक सवार अधिवक्ता को ठोकर मार दी। हादसे में अधिवक्ता गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका पैर टूट गया।कोतवाली देहात के दीन दयाल उपाध्याय वार्ड निवासी अनिमेष श्रीवास्तव (45) दीवानी न्यायालय में अधिवक्ता हैं। बुधवार सुबह नौ बजे वह बाइक से कोर्ट के लिए रवाना हुए। घर से दीन दयाल विद्यालय के पास पहुंचे। तभी बालू लदी ट्रैक्टर ट्रॉली ने टक्कर मार दी। जिससे अधिवक्ता गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इमरजेंसी के डॉक्टर रामेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि पैर में गंभीर चोट है। एक पैर टूट गया है। घायल अधिवक्ता के पिता ने बताया कि क्षेत्र में अवैध बालू खनन का वाहन सुबह और रात में निकल रहा है। जिसके चलते आए दिन हादसे हो रहे हैं।

# बागेश्वर धाम के लिए निकले रामादल ट्रस्ट उपाध्यक्ष समेत पांच श्रद्धालु

▸ लगभग 600 किमी पैदल यात्रा कर पहुंचेंगे बागेश्वर धाम

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**



बागेश्वर धाम के दर्शन पूजन के लिए बुधवार को शाम को पांच श्रद्धालुओं का दल पैदल ही रवाना हुआ। पैदल यात्रा को लेकर दो दर्जन से अधिक संख्या में स्थानीय लोग उन्हें यात्रा पर रवाना करने के लिए पहुंचे। सभी ने चारों भक्तों का माल्यार्पण कर उन्हें रवाना किया।

तेजवापुर ब्लाक के ग्राम पंचायत सिसई हैदर निवासी अयोध्या धाम रामादल उपाध्यक्ष पंडित अभिषेक चौबे, आकाश धवन, राजीव शुक्ल, सुधीर सिंह व विष्णु शुक्ल ने बुधवार मरीमाता मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद मध्यप्रदेश के छत्तरपुर में स्थित बागेश्वर धाम के लगभग 600 किमी पैदल यात्रा पर निकले। अयोध्या धाम रामादल ट्रस्ट उपाध्यक्ष पंडित अभिषेक चौबे ने बताया कि विश्व के कल्याण,देश में सनातन धर्म की स्थापना, गाय को राष्ट्रीय पशु एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दीर्घायु की कामना लिए 600 किलो मीटर की दूरी का सफर तय कर बागेश्वर धाम पहुंचेंगे।

## खबरें एक नजर में

### बालपुर कस्बे में कूड़े-कचरे की भरमार, लोग परेशान

**कर्नलगंज/ गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत बालपुर कस्बे में कूडे और कचरे की भरमार है,जिससे कस्बे में रहने वाले लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। साफ सफाई ना होने से सड़कों पर कूड़े का ढेर लगा रहता है और नालियों के टूट जाने की वजह से नालियां जाम हो गयी हैं। इससे नालियों का पानी सड़कों पर भरा रहने की वजह से दुर्गंध आने लगी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही की वजह से कस्बे में कभी सफाई कर्मी नहीं आते हैं और अगर आते भी हैं तो नाली में जमा कचरा निकालकर सड़क पर रख दिया जाता है। इससे दुकानदारों को दुर्गंध का सामना करना पड़ता है। बताया जाता है कि बाजार में रहने लोग ही अपने घरों का कचरा निकालकर सड़कों पर फेंक देते हैं और जब गाड़ियां आती-जाती हैं तो वही कूड़ा बिखर जाता है जिससे आम लोगों को सांस लेने में दिक्कत होती है। कस्बे में ही एक निजी मिठाई की फैक्ट्री भी चलाई जा रही है जिसमें बनने वाले पनीर का पानी नालियों में छोडा जाता है जिससे नालियों में और दुर्गंध आती है। बालपुर बाजार के ही रहने वाले दुर्गेश पाण्डेय सहित कई लोगों का कहना है कि बाजार के लोग अपने घरों का कचरा बाहर कर सड़कों पर फेंक देते हैं इससे भी काफी गंदगी होती है।

### यातायात पुलिस ने दिया स्पीड लेजर गन का प्रशिक्षण

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जनपद में यातायात व्यवस्था सुदृढ़ किए जाने के क्रम में यातायात प्रभारी अनेन्द्र यादव व यातायात पुलिस में कार्यरत समस्त उप निरीक्षक को स्पीड लेजर गन का प्रशिक्षण दिया गया। जिसके द्वारा मार्गों पर निर्धारित गति से अधिक गति से चलाने वाले वाहनों की स्पीड को माप कर सम्बन्धित चालक/वाहन के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा सकेगी। जिससे यातायात नियमों के उल्लंघन तथा सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। ज्ञातव्य है कि 09 सीटर या उससे अधिक सीटिंग क्षमता के वाहनों के लिए एक्सप्रेसवे पर 100 किमी प्रति घण्टा, 4-लेन हाइवे पर 90 किमी प्रति घण्टा और नगरपालिका या नगरनिकाय के तहत आने वाली सड़को पर 60 किमी प्रति घण्टा तय की गयी है। वहीं मालवाहक वाहनों के लिए यह स्पीड क्रमशः 90 किमी प्रति घण्टा और 60 किमी प्रति घण्टा तय की गयी है।

### भारत सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने ग्रामों का किया भ्रमण

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** आकांक्षात्मक जनपद बहराइच में केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं प्रधानमंत्री आवास, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, जल जीवन मिशन, मुद्रा योजना, उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा इत्यादि योजनाओं के क्रियान्वयन का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जनपद भ्रमण पर आये दूर संचार मंत्रालय भारत सरकार के उप सचिव रामानुज डे व निदेशक उच्च शिक्षा भारत सरकार प्रियांक चतुर्वेदी ने विकास खण्ड चित्तौरा के ग्राम पंचायत डीहा पहुंचकर अशोका डीहा पाईप पेयजल परियोजना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधि.अभि. जल निगम कमला शंकर ने बताया कि परियोजना के माध्यम से लगभग 1000 घरों को जलापूर्ति की जा रही है।

# कोल्ड स्टोर के पीछे से संदिग्ध हालत में युवक का शव बरामद

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**



जिले के छपिया थाना क्षेत्र के करनपुर गांव में स्थित कोल्ड स्टोरेज के पीछे एक 38 वर्षीय युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिलने से हड़कंप मच गया है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची छपिया थाने की पुलिस ने मृतक के शव को देखकर पहचान के लिए स्थानीय लोगों को सूचना दी।मौके पर पहुंचे लोगों ने मृतक की पहचान करनपुर गांव के रहने वाले प्रदीप चौधरी के रूप में हुई है।मृतक के सिर पर चोट के निशान पाए गए हैं।सूचना पर पहुंची ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस या कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद युवक की मौत का कारण पता चल सकेगा।छपिया पुलिस के मुताबिक सूचना मिली कि करनपुर गांव स्थित कोल्ड स्टोरेज के पीछे किसी अज्ञात युवक का शव पड़ा हुआ है। इस सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मृतक की पहचान के लिए आसपास के लोगों को बुलाया गया। इसी बीच करनपुर गांव के संदीप चौधरी ने मौके पर पहुंच कर मृतक की पहचान अपने भाई प्रदीप के रूप में की। पहचान होने के बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा।वही इस मामले में संदीप ने पुलिस को तहरीर दी है।थानाध्यक्ष छपिया केजी राय का कहना है कि परिजनों के मुताबिक मृतक नशे का आदी था।फिलहाल शव को अंत्य परीक्षण के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद उसकी मौत का कारण पता चल सकेगा।मामले में अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# 470 रुपये के लिए किसान की पीटकर हत्या

▸ पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया हत्या का मुकदमा जांच शुरू

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**



जिले के जोत चांदपारा गांव निवासी किसान को बकाया रूपया के लिए दुकानदार ने घर से बुलवाया। इसके बाद कहासुनी के दौरान लाठी डंडे और अन्य वस्तु से हमला कर दिया। इसके बाद गला दबा दिया। जिससे किसान की जिला अस्पताल में मौत हो गई। घटना की जानकारी से गांव में तनाव फैल गया। सीओ और थानाध्यक्ष ने मौके पर पहुंच कर जांच की है।हरदी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत जोत चांदपारा गांव निवासी पांचू उर्फ इब्राहीम (65) दौलत किसान थे। वह महाराजगंज बाजार में स्थित तेल व्यापारी लल्लू और भाई कल्लू की दुकान पर समान की खरीददारी करते थे। सामान की खरीददारी का 470 रूपये किसान बकाया था। इसको लेकर बुधवार सुबह दोनों ने किसान के घर एक व्यक्ति को भेजकर बकाया रूपये दुकान पर आकर देने की बात कही। जिस पर दोपहर में पांचू किराने की दुकान पर पहुंचा। इसी दौरान रूपये के लेनदेन को लेकर किसान और दुकानदार में विवाद शुरू हो गया। विवाद के दौरान ही दुकानदार और अन्य ने लाठी डंडे से हमला कर दिया। इसके बाद गला दबा दिया। किसान को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया। जहां इलाज शुरू होते ही मौत हो गई। इससे हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलने पर सीओ अनिल कुमार सिंह और थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। सभी ने मामले की जांच की। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक के पुत्र की तहरीर पर हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### इस बात पर बढ़ा विवाद

मृतक वृद्ध किसान की बेटी शबनम और दामाद ने बताया दुकानदार कल्लू तेल बिक्री करने का काम करते थे। तेल खराब होने पर पिता ने पैसे कम देने की बात कही। इसी बात पर दोनों दुकानदार नाराज हो गए। पहले पिटाई की। इसके बाद गला दबा दी।

# शांति फाउंडेशन ने शिक्षक बलजीत सिंह कनौजिया को किया सम्मानित

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**



बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर बुधवार को शिक्षा क्षेत्र वजीरगंज के शांति मेमोरियल स्कूल में मां शांति फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शिक्षा क्षेत्र मनकापुर के कम्पोजिट विद्यालय सोनबरसा बक्सरा आज्ञाराम के शिक्षक बलजीत सिंह कनौजिया को कैलाश सत्यार्थी अन्तर्राष्ट्रीय अवार्ड जिसमें गेस्ट आफ आनर लुम्बनी नेपाल उमेश कुमार, स्टेट एवार्डी शिक्षक सुनील कुमार आनंद व शांति फाउंडेशन की अध्यक्षा पिंकी देवी के हस्ताक्षर से सुशोभित था सम्मान पत्र, मेडल व लेखनी भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शिक्षक बलजीत सिंह द्वारा सुविधा विहीन घरों से आने वाले दस छात्र छात्राओं को विद्या दान महादान के अंतर्गत रजिस्टर भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर डीसी यूनिसेफ कृपाशंकर विशिष्ट अतिथि के रुप में किसान वैज्ञानिक शिवकुमार मौर्य स्कूल के प्रधानाध्यापक रमेश आनंद व प्यारे बच्चे उपस्थित रहे।

# बड़े मंगल पर भंडारे की धूम, भक्तों और भूखों ने ग्रहण किया प्रसाद

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**



तीसरे बड़े मंगलवार पर हनुमान जी की कृपा से मंगल ही मंगल रहा। पूरे जनपद में हजारों की संख्या में भंडारे का पंडाल लगाकर लाखों की संख्या में भक्तों व भूखे लोगों को प्रसाद ग्रहण कराया गया। जिसमें अधिकांशतः रेलयात्री, बस यात्री, मजदूर, मिस्त्री वर्ग, आदि कामगार वर्ग के लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर आयोजकों को दिल से आशीर्वाद भी दिया। भंडारा तीन चरणों में चलाया गया। जिसमें प्रातः 9:00 बजे से, दोपहर 12:00 से, सायं 4:00 बजे से क्रमवार भंडारा निरंतर चलता ही रहा। रेलवे रनिंग रूम के सामने रानी बाजार में गंगा जमुनी तहजीब के तर्ज पर भंडारे का आयोजन संपन्न हुआ। क्योंकि इस भंडारे में दोनों समुदायों के लोगों ने बढ़-चढ़कर श्रमदान व धनदान देकर भक्तों को पूरी निष्ठा से प्रसाद ग्रहण कराते हुए दिखाई दिए। प्रसाद में जहां एक तरफ छोले, चावल, बूंदी एवं शीतल जल की व्यवस्था की गई थी वहीं चिलचिलाती गर्मी को देखते हुए फल के रूप में तरबूज का भी भारी मात्रा में वितरण कराया गया। जहां पर एक समुदाय की तरफ से पवन जायसवाल, शेषनारायण, बच्चा जायसवाल रमेश गुप्ता छोटू, मनीष रंजन श्रीवास्तव, मन्नू, शाहिल आदि का विशेष सहयोग रहा।

# जेल में बंद युवक से कराना चाह रहे थे शादी,मृतका के मना करने पर सौतेली मां और पिता ने कर दी हत्या

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज।**

जिले के धानेपुर पुलिस ने 21 वर्षीय श्वेता शुक्ला हत्याकांड का खुलासा करते हुए आरोपी कातिल पिता और सौतेली मां को गिरफ्तार किया है। आरोपी पिता और सौतेली मां दोनों लोगों ने संपत्ति बंटवारे में भाई भतीजे को फंसाने और मृतका द्वारा शादी करने से इनकार करने पर नाराज होकर 21 वर्षीय श्वेता शुक्ला की सब्जी काटने वाली चाकू से गला रेतकर निर्मम तरीके से हत्या कर दी थी। हत्या करने का आरोप मृतका के पिता ने संपत्ति बंटवारे को लेकर अपने भाई और भतीजे पर लगाया था। जब धानेपुर पुलिस ने दोनों लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो मामला दूसरा निकाल कर आया।कि आरोपी कातिल पिता संपत्ति बंटवारे को लेकर हुए विवाद के चलते अपने अपने भाई- भतीजे को फंसाना चाह रहा था और जहां मृतका की शादी आरोपी पिता करना चाह रहे थे।वहां मृतका शादी करने को तैयार नहीं थी।जिसको लेकर के आरोपी कातिल पिता राजेश शुक्ला ने अपनी दूसरी बीवी किरन शुक्ला के साथ मिलकर श्वेता शुक्ला के हत्या करने का प्लान बनाया।और रात दो बजे के करीब इन दोनों लोगों ने मिलकर श्वेता शुक्ला की सोते समय गला रेतकर निर्मम तरीके से हत्या कर दी थी।फिलहाल धानेपुर पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज आगे की जांच में जुट गईं है।

**श्वेता शुक्ला बार-बार शादी से कर रही थी मना :** जहां श्वेता शुक्ला के पिता श्वेता शुक्ला की शादी करने के लिए पिता का रहे थे वहां पर शादी करने से मृतका श्वेता शुक्ला बार-बार मना कर रही थी।शादी करने को तैयार नहीं थी मना करने से भी आरोपी पिता और सौतेली मां दोनों नाराज चल रहे थे।वहीं दो दिन पहले संपत्ति विवाद को लेकर हुए बंटवारे के बाद इन दोनों लोगों ने एक साजिश बनाया और साजिश के तहत प्लान यह तैयार किया कि संपत्ति बंटवारे को लेकर की इन लोगों ने विवाद किया है और धमकी दिया है।

**सौतेली मां और पिता ने सब्जी काटने वाली चाकू से की हत्याः** श्वेता शुक्ला हम लोगों की बात नहीं मान रही थीं और इसकी हत्या करके भाइयों और भतीजे को फंसा दिया जाए। इसके बाद इन दोनों लोगों ने साजिश के तहत इस सब्जी काटने वाली चाकू से घटना को अंजाम दिया था। हत्याकांड को अंजाम देने के बाद आरोपी कातिल पिता राजेश शुक्ला ने संपत्ति बंटवारे को लेकर अपने भाई और भतीजे पर हत्या का आरोप लगाया था। वही मृतका के मामा दिनेश मिश्रा ने अपने जीजा यानी कातिल पिता राजेश शुक्ला और सौतेली मां किरन शुक्ला पर लगाया था। दोनों तरफ से लगाए गए आरोपी को लेकर के धानेपुर पुलिस ने जांच की तो जांच में आरोपी कातिल पिता और सौतेली मां दोनों ने हत्याकांड को अंजाम देने की बात स्वीकार किया।फिलहाल दोनों को गिरफ्तार करके जेल भेज आगे की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है।

# पंचायत सहायक के लिए आवेदन 15 जून से

▸ 93 ग्राम पंचायत में होगी पंचायत सहायक की नियुक्ति

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज।**

गोण्डा के ग्राम पंचायत में रिक्त पड़े पंचायत सहायक /अकाउंटेंट कम डाटा एंट्री ऑपरेटर के 93 पदों पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि 15 से 30 जून तक जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय विकासखंड कार्यालय एवं ग्राम पंचायत कार्यालय में आवेदन पत्र जमा किए जाएंगे। उसके बाद 15 जुलाई से 21 जुलाई के बीच जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा परीक्षण एवं संस्तुति की जाएगी। 22 जुलाई से 24 जुलाई के बीच ग्राम पंचायत द्वारा नियुक्ति पत्र निर्गत कर दिया जाएगा। जिलाधिकारी में निर्देश दिए की समस्त प्रक्रिया निष्पक्ष रूप से संपन्न की जाए निर्धारित समय अवधि में आने वाले समय आवेदनों को शामिल किया जाए। पंचायत सहायक/अकाउंटेंट कम डेटा एंट्री ऑपरेटर की पंचायतवार वैकेंसी और आवेदन फॉर्म पंचायतीराज विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

**पंचायत सहायक पद के लिए योग्यताः** पंचायत सहायक भर्ती के लिए उम्मीदवारों की आयु 18 से 40 साल के बीच होनी चाहिए. आवेदकों को उसी ग्राम पंचायत का निवासी होना चाहिए। जिसके लिए आवेदन करना है. पंचायतें जिस श्रेणी में आरक्षित हैं, उन पंचायतों में उसी श्रेणी के पंचायत सहायक का चयन किया जाएगा। आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को सरकारी नियमों के अनुसार अधिकतम उम्र में छूट मिलेगी। शैक्षिक योग्यता की बात करें तो उम्मीदवारों को 12वीं पास होना जरूरी है।

**कैसे करना है आवेदन?:** पंचायत सहायक भर्ती का फॉर्म यूपी के पंचायतीराज विभाग की वेबसाइट से डाउनलोड और प्रिंट करना है. इसके बाद फॉर्म को ध्यान से भरकर अपनी ग्राम पंचायत, विकास खंड कार्यालय या जिल पंचायत राज अधिकारी के पास भेज देना है. ध्यान रहे कि यह फॉर्म 30 जून तक पहुंच जाना चाहिए. फॉर्म के साथ शैक्षिक योग्यता, आयु व जाति प्रमाण पत्र भी लगाएं।

**16 विकासखंड की 93 ग्राम पंचायत में है रिक्त पदः** बबनजोत और बेलसर की पांच - पांच, छपिया की 7, कर्नलगंज व हलधरमऊ की चार-चार, इटियाथोक की 6, झंझरी की 9, कटरा बाजार की 4, मनकापुर की 9, मुजेहना की 6, नवाबगंज की 8, पण्डरी कृपाल की तीन, परसपुर व रूपईडीह की पांच- पांच, तरबगंज की 6 व वजीरगंज की 7 ग्राम पंचायत में पंचायत सहायक अकाउंटेंट कम डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद रिक्त है। आवेदक निर्धारित आवेदन के प्रारूप पर समस्त सूचना अंकित कर व्यक्तिगत रूप से अथवा रजिस्टर डाक से अपनी ग्राम पंचायत विकासखंड कार्यालय अथवा जिला पंचायत अधिकारी कार्यालय में आवेदन उपलब्ध करा सकता है।

# सुरक्षा सैनिक व सुपरवाइजर की भर्तियों के लिए ब्लाक कैंप की तिथियां निर्धारित

**रायबरेली,समृद्धि न्यूज।**

मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव ने बताया कि सिक्योरिटी स्किल काउन्सिल इण्डिया लिए (एस0एस0सी0आई0) द्वारा भर्ती रजिस्ट्रेशन कैम्प में जिले के बेरोजगार 10वीं पास या फेल नवयुवकों को रोजगार प्रदान किये जाने हेतु विकास खण्डों में कैम्प लगाये जाने हेतु तिथिवार रोजस्टर निर्धारित किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों ने इन शिविरो के सफल आयोजन के लिए सभी खण्ड विकास अधिकारियो को निर्देशित किया गया है कि वे आपेक्षित सहयोग प्रदान करेंगे तथा भर्ती अधिकारी सत्येंद्र कुमार द्वारा आयोजन को लेकर अपेक्षाओ के अनुरूप अपना सहयोगात्मक योगदान देंगे। कंपनी के डिप्टी कमांडेंट (रजनीश राय) बताया कि जनपद के सभी विकास खण्ड मुख्यालयो में एसआईएस इंडिया लि0 जौनपुर के तत्वाधान में बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु शिविर का आयोजन किया जायेगा। एसआईएस इंडिया लि0 भारत की बहुराष्ट्रीय कम्पनी है। जो सुरक्षा प्रदान करने का कार्य पूरे भारत व विदेशो में कर रही है। इस शिविर में सुरक्षा सैनिक व सुपरवाइजर की नियुक्ति की जायेगी। शिविर का आयोजन कोविड-19 के प्रावधानो के तहत सोशल डिस्टेंसिंग व मास्क का प्रयोग के साथ किया जाना होगा। विकास खण्ड मुख्यालयो पर तिथिवार आयोजित शिविर के पूर्ण विवरण अनुसार तिथियां ब्लाक स्तर पर निर्धारित की गई है। 19 व 20 जून को राही व अमावा ब्लॉक में, 21 व 22 जून को बछरावां व डलमऊ ब्लॉक में, 23 व 24 जून को खीरों व लालगंज ब्लाक में, 25 व 26 जून को महाराजगंज व सलोन ब्लॉक में, 27 व 28 जून को सरेनी व सताव ब्लॉक में, 02 और 03 जुलाई को ऊंचाहार व छतोह ब्लॉक में, 04 और 05 जुलाई को डीह व दीनशहगौरा ब्लॉक में, 06 और 07 जुलाई को जगतपुर व शिवगढ़ ब्लॉक में, 08 और 09 जुलाई को हरचंदपुर व रोहनिया ब्लॉक में शिविर का आयोजन होगा। भर्ती अधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि सुरक्षा जवान एवं सुपरवाइजर पद के लिए शारीरिक माप दण्ड जिसमें लम्बाई 168 सेंमी, सीना 80-85 सेंमी तथा उम्र 19 से 40 के बीच ,वजन 56 से ज्यादा 90 से कम, योग्यता हाईस्कूल पास होना चाहिए। उन्होंने इच्छुक बेरोजगार युवको को उक्त निर्धारित तिथिया अपनी सुविधानुसार संबंधित ब्लाको में निर्धारित शिविर में भर्ती हेतु प्रतिभाग कर सकते है जिसमें चयनित अभ्यर्थियो का पंजीकरण करने के लिए 350 रू0 ऑनलाइन जमा करना होगा। पंजीकृत चयनियत अभ्यर्थियो को प्रशिक्षण अथवा ट्रेनिंग के लिए जौनपुर भेजा जायेगा, जहाँ प्रत्येक चयनित एवं इच्छुक उम्मीदवारों को प्रशिक्षण के दौरान एक माह प्रशिक्षण के उपरान्त उन्हें तैनाती स्थलो पर सुरक्षा के कार्य में स्थाई तैनाती दिया जायेगा। जहाँ नौकरी के दौरान पीएफ ईएसआई, ग्रेच्युटी, इन्स्युरेन्स, पेंसन एवं अन्य। उन्होंने आगे बताया कि किसी ब्लॉक के अभ्यर्थी किसी भी ब्लॉक में भर्ती देख सकते हैं।

# तकनीकी खराबी के चलते एनटीपीसी की यूनिट-2 बंद

**ऊंचाहार रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



एनटीपीसी की यूनिट नंबर दो तकनीकी खराबी के चलते बंद कर दी गई। इससे 210 मेगावाट का बिजली उत्पादन कम हो गया है। जिससे परियोजना को लाखों रुपए की आर्थिक क्षति पहुंचने का अनुमान है। हालांकि एनटीपीसी प्रबंधन ने मेंटीनेंस के चलते यूनिट बंद होने की बात कही है। एनटीपीसी ऊंचाहार परियोजना में 1550 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता की छह यूनिट स्थापित हैं। इनमें 210-210 मेगावाट की पांच इकाई व एक यूनिट नंबर 6 की विद्युत उत्पादन क्षमता 500 मेगावाट है। यहां से उत्पादित बिजली यूपी के अलावा दिल्ली, उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब, हिमांचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर को पावर ग्रिड के जरिए आपूर्ति की जाती है। परियोजना की 210 मेगावाट विद्युत उत्पादन की यूनिट नंबर दो तकनीकी खराबी के चलते बंद कर दी गई । इससे 210 मेगावाट बिजली उत्पादन ठप हो गया है। बताते हैं कि दो दिन पहले ही इस यूनिट को चालू किया गया था। उधर, एनटीपीसी ऊंचाहार की पीआरओ कोमल शर्मा ने बताया कि यूनिट नंबर दो को सामान्य अनुरक्षण के लिए बंद किया गया है। कार्य पूरा करने के बाद यूनिट को दुबारा संचालित किया जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव



**लालगंज, रायबरेली।** कल रात से गायब युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला, युवक का शव मिलने से क्षेत्र में मचा हड़कंप, हत्या या आत्महत्या में उलझी पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है,मामला लालगंज कोतवाली क्षेत्र के अच्का पूर मजरे कुड़वाल गांव का है जहां सोनू पुत्र राजेंद्र उम्र 20 वर्ष कल रात किसी काम से घर से बाहर गया था लेकिन देर रात तक जब वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की आज सुबह सोनू का शव गांव से कुछ दूरी पर एक सूखे तालाब में पड़ा मिला शव मिलने की सूचना से परिजनों में कोहराम मच गया वहीं घटनास्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई सूचना पर पहुंचे पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और आगे की विधिक कार्रवाई शुरू की।

### वंदे भारत की चपेट में आया युवक, हुआ घायल



**बछरावां रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ प्रयागराज रेल खंड पर क्रॉसिंग संख्या 174 सी बगाही के पास प्रयागराज से रायबरेली, लखनऊ, अयोध्या, बस्ती के रास्ते गोरखपुर जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 22550 जैसे ही रेलवे ट्रैक से गुजरी तभी उसकी चपेट में एक युवक मनोज पुत्र इंद्रदेव साहनी निवासी सपायी थाना तिरकोलिया जिला मोतिहारी बिहार जो प्लाई फैक्ट्री बगाही में काम करता है, वह आ गया, और ट्रेन के झोंके से ट्रैक पर पत्थरों मे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां लाया गया। आसपास के लोगों की मानी जाए तो उनका कहना है कि यह युवक शराब के नशे में रेलवे ट्रैक पर घूम रहा था तभी ट्रेन आ गई और वह इसकी चपेट में आ गया। वह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पर तैनात चिकित्सक आई बी जायसवाल ने बताया कि युवक घायल अवस्था में लाया गया है, इलाज किया जा रहा है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवती की मौत

**डलमऊ,रायबरेली।** ननिहाल में रह रही 16 वर्षीय किशोरी की संदिग्ध स्थिति में मौत हो जाने पर परिजनों में कोहराम मच गया परिजनों की माने तो बीते लगभग एक सप्ताह से मृतका उलटी दस्त से पीड़ित थी जगतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रामगढ़ टिकरिया ग्राम निवासी छेदीलाल की 16 वर्षी पुत्री मानसी बचपन से डलमऊ कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पूरे जुड़वान सिंह मजरे सुरसना ग्राम निवासी मामा अमरनाथ के यहां रहती थी मृतका के मामा अमरनाथ ने बताया कि लगभग चार दिनों से मृतका उल्टी दस्त से पीड़ित थी बुधवार को हालत बिगड़ने पर परिजनों द्वारा मानसी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया और तबीयत में सुधार होने पर घर ले गए घर पहुंचते ही मानसी की हालत बिगड़ने लगी जिस पर फिर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ लाया गया जहां पर देखते ही देखते मानसी की मौत हो गई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर नवीन कुमार ने बताया कि बुधवार को उल्टी दस्त से पीड़ित मानसी को परिजनों द्वारा उपचार के लिए लाया गया और बिना डिस्चार्ज कराए ही कुछ देर बाद मानसी को घर लेकर चले गए हालत बिगड़ने पर दोबारा मृत अवस्था में लाया गया पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा वहीं कोतवाली प्रभारी डलमऊ पवन कुमार सोनकर ने बताया कि किसी प्रकार की कोई जानकारी नहीं है।

### जम्मू में हुए आतंकवादी हमले के मामले में विरोध-प्रदर्शन



**रायबरेली।** जम्मू कश्मीर में श्रद्धालुओं की बस में आतंकवादियों द्वारा अंधाधुंध गोलीबारी से श्रद्धालुओं की मौत के मामले में हिंदू संगठनों में फैला आक्रोश बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने आतंकवाद व पाकिस्तान का फूंका पुतला, 9 जून को श्रद्धालुओं से भरी बस जम्मू कश्मीर के शिव खोड़ी से वैष्णो देवी कटरा जा रही थी तभी रियासी गांव के निकट आतंकवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी जिसमें एक गोली ड्राइवर को लग गई जिससे बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरे गड्ढे में गिर गई जिससे 10 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी वहीं 30 से अधिक श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए थे घटना से पूरे देश में आक्रोश फैल गया था इसी को लेकर आज रायबरेली के डिग्री कॉलेज चौराहे पर स्थित सहित स्मारक के पर बजरंग दल के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में हिंदू कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए पाकिस्तान व आतंकवाद का पुतला फूंका गया।




## संदिग्ध परिस्थितियों में घर में लगी आग

**खीरो,रायबरेली।** थाना क्षेत्र के सेमरी गाव में बुधवार की सुबह घर में खाना बनाते समय छप्पर में लगी आग। मोटर साइकिल सहित लगभग 20 हज़ार का समान जल कर राख हो गया है। गांव निवासिनी शिव कुमारी पत्नी अनीश बुधवार की सुबह 7 बजे घर के बाहर रखे छप्पर के नीचे खाना बना रही थी। तभी चूल्हे से निकली चिंगारी से छप्पर में आग लग गई।तभी आग लगी देख शिवकुमारी ने शोर मचाया। पहुचे ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद पर आग पर काबू पाया।तब तक छप्पर के नीचे खड़ी मोटर साइकिल आधी जल गई और कपड़े, भी जल राख हो गईं। ग्रामीणों ने इस की सूचना ग्राम प्रधान सहित हल्का लेखपाल रिंकू सिंह को दी।मौके पर पहुंचे लेखपाल ने बताया है कि जांच कर ली गई है। लगभग 20 हज़ार का नुकशान हुआ है।रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है।

# मांगों को लेकर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने किया धरना प्रदर्शन

▸ मांगें जल्द पूरी न होने पर बड़े आंदोलन और कार्य बहिष्कार की दी चेतावनी

**रायबरेली,समृद्धि न्यूज।**



अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ के बैनर तले नगर पालिका में कार्यरत सफाई कर्मचारी सहित समस्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारीयो ने धरना प्रदर्शन करते हुए अपनी आठ सूत्री मांगों को लेकर प्रदर्शन किया नियमित कर्मचारियों का लगभग 24 माह का एनपीएस विभाग के स्तर पर लंबित है कर्मचारियों का समय से वेतन मान का लाभ नहीं मिल पा रहा है कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ विभागीय स्तर पर विगत पिछले कई वर्षों से नहीं मिल पा रहा कर्मचारियों को शीतकालीन वर्दी का लाभ भी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है शासन द्वारा संविदा कर्मचारियों को विभागीय स्तर पर सातवें वेतनमान का लाभ भी लंबित है समस्त प्रकार के आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को श्रम विभाग द्वारा जारी शासन आदेश के अनुरूप मानदेय भी सुनिश्चित नहीं कराया जा रहा है संविदा कर्मचारियों का डीए एरियर बोनस भी उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है यहां तक की कर्मचारियों के अवकाश दिवस में कार्य भी लिया जाता है विईपी प्रोग्राम के दौरान में भी कार्य लिया जाता है उसके दूसरे दिन किसी भी कर्मचारी को किसी भी तरह का अवकाश सुनिश्चित नहीं कराया जाता इस तरह की प्रमुख मांगों को लेकर आज अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ के द्वारा नगर पालिका परिषद में कार्यत सफाई कर्मचारी सहित समस्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने प्रदर्शन करते हुए अपनी आठ सूत्री मांगों को लेकर आवाज उठाई है और साथ ही यह भी कहा कि अगर उनकी मांगे जल्द पूरी नहीं की जाती है तो बड़ा आंदोलन करेंगे और कार्य बहिष्कार भी करेंगे जिसकी जिम्मेदारी नगर पालिका अध्यक्ष व अधिशासी अभियंता की होगी।

# वंदे भारत ट्रेन से टकराकर दो गायों की मौत

▸ हादसा के बाद ट्रेन के लोको पायलट ने ट्रेन को रोका

**बछरावां रायबरेली,समृद्धि न्यूज।**



लखनऊ प्रयागराज रेल खंड मार्ग पर बछरावां रेलवे स्टेशन के आगे गेट संख्या 175 सी पर वंदे भारत ट्रेन से कटकर दो गायों की दर्दनाक मौत हो गई। इस दौरान लगभग 10 मिनट तक ट्रेन खड़ी रही और रेलवे क्रॉसिंग पर जाम लग गया। मौके पर पहुंची आरपीएफ की टीम ने कटी हुई गायों को रेलवे ट्रैक से अलग कराकर यातायात सामान्य कराया। गोरखपुर से बस्ती, अयोध्या, लखनऊ, वाया रायबरेली होकर प्रयागराज तक जाने वाली 22249 बंदे भारत ट्रेन बछरावां रेलवे स्टेशन पर बुधवार की सुबह 11:16 पर पहुंची, वह जैसे ही लालगंज बछरावां रोड स्थित रेलवे के गेट संख्या 175 सी पर पहुंची वहीं पर अचानक रेलवे ट्रैक पर दो गाय आ गई और तेज रफ्तार ट्रेन से कटकर इन दोनों गायो की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा देख ट्रेन के लोको पायलट ने ट्रेन को रोक दिया । सूचना पर पहुंचे आरपीएफ के चौकी इंचार्ज दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि रेलवे ट्रैक पर अचानक दो गायों के आ जाने से हादसा हुआ है। उन्होंने बताया कि रेलवे ट्रैक से दो गायों को अलग करके ट्रेन आगे के लिए रवाना हो गई है। इस दौरान ट्रेन लगभग 10 मिनट तक खड़ी रही। रेलवे गेट बंद होने के से लोग जाम में भी जूझते रहे।

# आठ लाख के जेवर व 40 हजार की नकदी चोरों ने की पार

▸ पुलिस ने जल्द ही घटना के खुलासे की कही बात

**महराजगंज रायबरेली,समृद्धि न्यूज।**

पिछले एक सप्ताह में तीन चोरियों से दहल गया क्षेत्र। महराजगंज कोतवाली क्षेत्र में इस समय चोरियों की बाढ़ आई हुई है और लगातार चोर चोरी करते चले जा रहे हैं ।कोतवाली पुलिस गश्त के नाम पर पस्त नजर आ रही है ।मामला महराजगंज कस्बे का है गांधीनगर के रहने वाले संतोष हलवाई के घर को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाते हुए लाखों की चोरी का अंजाम दिया है। संतोष हलवाई ने बताया कि छत के रास्ते चोरों ने घर में प्रवेश किया और दरवाजे की कुंडी हटाकर चार कमरों को निशाना बनाया जिसमें रखे हुए लाखों रुपए के जेवर पार कर दिए। संतोष हलवाई ने बताया कि लगभग 7 से 8 लाख रुपए के जेवर एवं 40000 नगद कैश अज्ञात चोर उठा ले गए कल मैं लड्डू बेच कर 12000 लाया था उसे भी चोरों ने पार कर दिया। एवं जितने बक्से थे सब बक्से के ताले तोड़ डाले गए दो बक्से तो घर के बाहर मिले संतोष हलवाई ने बताया कि जब हम लोग सुबह 4:00 बजे जागे तो देखा दरवाजो के ताले टूटे हुए थे और बक्से इधर-उधर पड़े हुए थे 112 पर सूचना दी गई उसके बाद महराजगंज कोतवाल और अन्य पुलिस फोर्स ने मौके पर पहुंचकर घटना की जांच करते हुए जल्द से जल्द खुलासा करने की बात कही।

### कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक संपन्न

**महराजगंज, रायबरेली।** आगामी त्योहार के उपलक्ष्य में शांती व्यवस्था बनाए रखने एवं पर्व पर होने वाली जनसमस्याओं के समाधान कों पीस कमेटी की बैठक का आयोजन कोतवाली परिसर में संपन्न हुआ। आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे कस्बे के चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू ने बताया की नगर ही नहीं वरन क्षेत्र में भी सौहार्द पूर्वक बकरीद पर्व मनाया जाता आ रहा इस बार भी हम सभी लोगो कों भाईचारा बनाते हुए पर्व कों मनाना हैं। कोतवाल बालेन्दु गौतम ने कहा की किसी प्रकार की समस्या आने पर कोतवाली पुलिस पर्व पर तत्काल उपस्थित रहेगी। इस दौरान जियाउल हक, सभासद कमलेश कुशमेष, रामकुमार यादव, नुरुल हक, मुश्ताक रायनी, सिकंदरपुर प्रधान डब्बू सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# मोदी के प्रधानमंत्री बनने पर प्रांतीय परिषद सदस्य ने बांटीं मिठाई

**महराजगंज,रायबरेली,समृद्धि न्यूज।**



प्रांतीय परिषद सदस्य एवं भारतीय जनता पार्टी के बछरावां विधानसभा से प्रत्याशी रहे डॉक्टर मातादीन पासी ने अपने प्रतिष्ठान पर लोगों का मुंह मीठा कराते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। श्री पासी ने कहा विरोधियों को एक बार फिर मुंह की खानी पड़ी है जनता ने बीजेपी और घटक दलों पर भरोसा जताते हुए जमकर मतदान किया और तीसरी बार रिकॉर्ड कायम करते हुए नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। भाजपा नेता ने कहा राहुल गांधी 100 के अंदर सीट पाने के बाद ऐसे उछल रहे थे जैसे उनकी सरकार बन रही है जबकि भारतीय जनता पार्टी ने अकेले ही 240 सीटें प्राप्त की मातादीन पासी ने प्रधानमंत्री सहित सभी मंत्रियों और जीते हुए सांसदों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी इस मौके पर ।वरिष्ठ भाजपा नेता द्वारिका सिंह अनिल कुमार निर्वंशी भगवानदीन पासी महादेव प्रजापति संजीव प्रजापति सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### पद्म-विभूषण, पद्म-भूषण व पद्मश्री उपाधियों के लिए करें आवेदन

**रायबरेली।** आगामी गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2025 को पद्म-विभूषण, पद्म-भूषण तथा पद्मश्री की उपाधियां भारत सरकार द्वारा दी जानी है। भारत सरकार द्वारा उक्त उपाधियों के लिए ऑनलाइन आवेदन की व्यवस्था की गई है, जिसके फलस्वरूप सम्बन्धित महानुभाव/महानुभावों के बारे में संस्तुतियों राज्य सरकार द्वारा ऑनलाइन भारत सरकार को भेजी जानी है। जिला सूचना अधिकारी अनुराग रंजन ने जानकारी देते हुए बताया है कि उपाधियों के लिए महानुभाव/महानुभावों के नाम प्रस्तावित करने एवं उनके व्यक्तित्व व कृतित्व के सम्बन्ध में वांछित सूचना ''साइटेशन'' दो प्रतियों में प्रपत्र पर वांछित सूचना के साथ जिला सूचना कार्यालय रायबरेली में उपलब्ध करवाने करवा दें।

### मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर मनाया जश्न

**इटावा।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं वरिष्ठ सभासद शरद बाजपेयी के नेतृत्व एवं संयोजन में नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर नगर पालिका चौराहा पर आतिशबाजी की गई एवं जनता को, कार्यकर्ताओं को, व्यापारियों को मिष्ठान वितरित किया गया। भाजपा नेता शरद बाजपेयी ने कहा कि आज पुनः लगातार तीसरी बार जनता ने देश की बागडोर नरेंद्र मोदी जी को सौंपी है और मोदी जी ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली है जिससे देश में उत्साह का माहौल है, शरद बाजपेयी ने कहा कि आज देश सुरक्षित व सशक्त हाथों में है देश की सुरक्षा अब और मजबूत होगी।

# हादसों का सबब बनती जा रही माइनर की पुलिया



▸ सिंचाई विभाग की उदासीनता का दंश झेल रहे ग्रामीण

**रायबरेली,समृद्धि न्यूज।**

कहते हैं ग्रामीण क्षेत्र का विकास तभी हो सकता है जब उसे क्षेत्र में सरकार के द्वारा धरातल पर लाई जा रही योजनाएं का लाभ हर ग्रामीण आसानी से उठा सके विडंबना है कि अधिकारियों की उदासीनता के चलते ग्रामीणों को सरकारी लाभो से वंचित रहना पड़ता है किसी भी क्षेत्र का विकास तभी संभव है जब वहां की सड़क मुख्य मार्गो से जुड़ी हों आवागमन में ग्रामीणों को परेशानी ना हो तो विकास की नई इबादत लिखी जा सकती है मामला सदर तहसील क्षेत्र पिपरी रजवापुर ग्रामीण मार्ग पर माइनर की पुलिया काफी समय से क्षतिग्रस्त होने से हादसे का सबब बनी हुई है। इस मार्ग से काफी राहगीर सफर करते हैं। पुलिया के टूट जाने से एक साइड में काफी बड़ा गड्ढा बन गया है। जिससे गुजरते समय दुर्घटना का खतरा रहता है। विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के चलते पुलिया पर कभी भी घटना घटित हो सकती है लोग हादसे का शिकार बन सकते हैं काफी समय से पुलिया क्षतिग्रस्त बनी हुई है वाहन निकालते समय काफी दिक्कतें हो रही है जरा सी चूक भारी पड़ सकती है अधिकारी इस समस्या पर कोई तवज्जो नहीं दे रहे हैं। आवागमन में पुलिया बाधा बनी हुई है। चौपहिया वाहन निकलना मुश्किल बना हुआ है।

### मारपीट के मामले में तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बछरावां,रायबरेली।** थाना क्षेत्र के राजामऊ गांव का रहने वाले जीशान पुत्र एजाज ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह क्षेत्र के विशुनपुर गांव में उर्स देखने गए थे । और वापस घर जाते समय रामपुर समोधा गांव के रहने वाले आरजू सिंह, पाताल सिंह तथा शंकर ने उसे घेर कर जमकर मारा पीटा तथा जान से मार देने की धमकी भी दी। शोर मचाने पर वहां पर मौजूद लोगों ने उसको बचायाद्य इस बारे में थानाध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने बताया कि मामले में तीन लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है। जांच की जा रही है।

# सपा कार्यकर्ता की पिटाई के मामले की जांच करने पहुंची कमेटी

**रायबरेली,समृद्धि न्यूज।**



लोकसभा चुनाव के दिन सपा कार्यकर्ता जितेंद्र यादव की पिटाई के मामले ने पकड़ा तूल मामले का संज्ञान लेते हुए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने छ सदस्यीय कमेटी बनाकर पूरे मामले की रिपोर्ट मांगी, मामला नसीराबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत बारां गांव का था जहां लोकसभा चुनाव के दिन जितेंद्र यादव की बीजेपी नेता विशाल सिंह व उनके साथियों के द्वारा पिटाई कर दी गई थी जिसमें जितेंद्र यादव गंभीर रूप से घायल हो गए थे पूरे मामले का संज्ञान लेते हुए बुधवार को अखिलेश यादव ने पूर्व मंत्री कमाल अख्तर, सुनील सिंह साजन, सरेनी विधायक देवेंद्र प्रताप सिंह, बछरावां विधायक श्याम सुंदर भारती व सपा जिला अध्यक्ष इंजीनियर वीरेंद्र यादव के नेतृत्व में टीम बनाकर मामले की जांच के लिए भेजो सुनील साजन ने कहा की पीडीए की ताकत ने बीजेपी को अबकी बार उनकी औकात दिखा दी है, लेकिन रायबरेली में कुछ सामंत वादी सोच के लोग बचे हैं जो पीडीए कार्यकर्ताओं पर अत्याचार कर रहे हैं।

# सरकार से दरकार

गठबंधन धर्म की जरूरतों के मुताबिक, नरेंद्र मोदी सरकार की तीसरी पारी का जंबो मंत्रिमंडल अपरिहार्य था। जाहिरा तौर पर मंत्रिमंडल के गठन में अनुभव,युवा, जातीय समीकरण, गठबंधन के दायित्व और आगामी विधानसभा चुनाव की प्राथमिकताएं स्पष्ट नजर आती हैं। जिसके चलते तीस कैबिनेट मंत्रियों को ताजपोशी हुई है। बहत्तर सदस्यीय मंत्रिमंडल में तीस कैबिनेट मंत्रियों में बिहार को तरजीह देना स्वाभाविक ही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जदयू गठबंधन में एक बड़ा सहयोगी घटक है। वहीं मंत्रिमंडल में बड़े घटक टीडीपी व जद (सेक्यूलर) की भी उपस्थिति है। उत्तर प्रदेश में जातीय समीकरण गड़बड़ाने के बाद चालीस से अधिक ओबीसी, एससी व अनुसूचित जनजातियों के प्रतिनिधियों को मंत्रिमंडल में जगह मिली है। मध्यप्रदेश, हरियाणा व कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री भी मंत्रिमंडल का हिस्सा हैं। दरअसल, महाराष्ट्र, हरियाणा व झारखंड के विधानसभा चुनावों के मद्देनजर भी इन राज्यों के ज्यादा मंत्रियों को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। वहीं दूसरी ओर पंजाब में तेरह सीटों में एक भी प्रत्याशी के सफल न होने के बावजूद 2027 के विधानसभा चुनावों के मद्देनजर नया युवा नेतृत्व तैयार करने की कवायद शुरू की गई है। पूर्व कांग्रेसी सांसद रवनीत सिंह बिट्टू को मंत्रिमंडल में शामिल करना इसी रणनीति का हिस्सा है। कह सकते हैं कि मंत्रिमंडल के गठन में संवेदनशील ढंग से रणनीति को अंजाम दिया गया। विश्वास किया जाना चाहिए कि लंबे चले चुनाव प्रचार अभियान में जो राजनीतिक व सामाजिक तौर पर कथित बांटने की कवायद वोटों के लिए की गई, उस पर अब विराम लगना ही चाहिए। आशा करें कि नई सरकार कार्यभार संभालने के बाद विकास को अपनी प्राथमिकता बनाएगी। जब हम भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की बात करते हैं तो पहली शर्त यही होगी कि कथित तौर पर विभाजनकारी राजनीति से परहेज करके सिर्फ और सिर्फ विकास के मुद्दे पर सरकार अपना ध्यान केंद्रित करे। आरोप-प्रत्यारोपों की राजनीति पर विराम लगाकर मिलजुलकर देश को नई दिशा देने का प्रयास होना चाहिए। बहरहाल, अब कहा जा रहा है कि आजादी के बाद यह दूसरा अवसर है जब पं. नेहरू की तरह लगातार तीसरी बार भाजपा नीत सरकार बनी है। ऐसे कहने का अर्थ है कि सरकार की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है। तब तुलना यह भी की जाएगी कि किस सरकार के कार्यकाल में हकीकत के धरातल पर ज्यादा विकास हुआ। ऐसा इसलिए भी है क्योंकि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल पर देश-दुनिया की निगाहें लगी हैं। गठबंधन सरकार को पिछली सरकारों से बेहतर प्रदर्शन करके भी दिखाना होगा। राजग सरकार को स्वीकारना होगा कि यह एक गठबंधन सरकार है। यूं तो पिछली सरकार में भी राजग गठबंधन अस्तित्व में था, लेकिन इस बार पूर्ण बहुमत न मिलने के कारण भाजपा की सहयोगी दलों पर निर्भरता बढ़ गई है। जिसके चलते मोदी सरकार के लिये पिछले कार्यकाल की तरह पार्टी के एजेंडे को लागू करने में खुला हाथ न मिलेगा। जाहिर है कि भाजपा को कई महत्वाकांक्षी मुद्दों मसलन 'एक देश, एक चुनाव' व यूनिफॉर्म सिविल कोड आदि के क्रियान्वयन को ठंडे बस्ते में डालना पड़ सकता है। गठबंधन की मजबूरी के साथ ही सरकार को अपेक्षाकृत ज्यादा मजबूत विपक्ष से सामना करना पड़ेगा। निस्संदेह, शासन-प्रशासन का नरेंद्र मोदी के पास लंबा अनुभव है, लेकिन इस बार लचीलेपन का भी सहारा लेना पड़ेगा। हालांकि, राजग में नेतृत्व तय करने व मंत्रिमंडल गठन में सहयोगी दलों का बड़ा दबाव नजर नहीं आया, लेकिन भविष्य की चुनौतियों से इनकार नहीं किया जा सकता। बहरहाल, विकास कार्यों को गति देने में सरकार को दिक्कत नहीं आनी चाहिए। वैसे भी नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू विकास के लिये प्रतिबद्ध मुख्यमंत्रियों के रूप में याद किये जाते हैं। कोशिश हो कि राजनीतिक विरोधियों को भी साथ लेकर चला जाए ताकि संसद के पिछले कार्यकाल में पैदा हुआ गतिरोध फिर से न दोहराया जाए। बहरहाल, अब चाहे देश को विकसित राष्ट्र बनाने की बात हो या फिर तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की बात, यह काम गठबंधन के सहयोगी दलों व व विपक्ष के साथ बेहतर सामंजस्य के साथ ही संभव हो सकता है। विकास के बड़े लक्ष्यों को हासिल करने से पहले देश में बेरोजगारी कम करने व समतामूलक विकास की स्थापना मोदी सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए।

# अधिक ऋण का बोझ : वैश्विक अर्थव्यवस्था कहीं चरमरा तो नहीं जाएगी?

प्रहलाद सबनानी




विश्व के समस्त नागरिकों एवं विभिन्न संस्थानों पर लगभग 320 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का ऋण है। कुल ऋण की उक्त राशि में विभिन्न देशों की सरकारों के ऋण एवं नागरिकों के व्यक्तिगत ऋण भी शामिल है। कई देशों को मुद्रा स्फीति पर नियंत्रण पाने में बहुत कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही, विकास करने का दबाव विभिन्न देशों की सरकारों पर है अतः सरकारों के साथ साथ व्यक्ति भी बहुत अधिक मात्रा में ऋण ले रहे हैं। परंतु, कितना ऋण प्रत्येक व्यक्ति अथवा सरकार पर होना चाहिए, इस विषय पर भी अब गम्भीरता से विचार किए जाने की आवश्यकता है।

आज विश्व की कुल जनसंख्या 810 करोड़ है और विश्व पर कुल ऋण की राशि 320 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है इस प्रकार औसत रूप से विश्व के प्रत्येक नागरिक पर 39,000 अमेरिकी डॉलर का ऋण बकाया है। 320 लाख करोड़ रुपये के ऋण की राशि में विभिन्न देशों की सरकारों द्वारा लिया गया ऋण, व्यापार एवं उद्योग द्वारा लिया गया ऋण एवं व्यक्तियों द्वारा लिया गया ऋण शामिल है। पूरे विश्व में परिवारों/व्यक्तियों द्वारा 59 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का ऋण लिया गया है। व्यापार एवं उद्योग द्वारा 164 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का ऋण लिया गया है।

साथ ही, सरकारों द्वारा 97 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का ऋण लिया गया है, ऋण की इस राशि में एक तिहाई हिस्सा विकासशील देशों की सरकारों द्वारा लिया गया ऋण भी शामिल है। सरकारों द्वारा लिए गए ऋण की राशि पर प्रतिवर्ष 84,700 करोड़ अमेरिकी डॉलर का ब्याज का भुगतान किया जाता है। विश्व में प्रत्येक 3 देशों में से एक देश द्वारा कल्याणकारी योजनाओं पर खर्च की गई राशि से अधिक राशि ऋण पर ब्याज के रूप में खर्च की जाती है। आकार में छोटी अर्थव्यवस्थाओं के लिए अधिक ऋण लेना सदैव ही बहुत जोखिमभरा निर्णय रहता आया है। पूरे विश्व में सकल घरेलू उत्पाद का आकार 109 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का है जबकि ऋणराशि का आकार 320 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का है। इस प्रकार, एक तरह से आय की तुलना में खर्च की जा रही राशि बहुत अधिक है। इसे संतुलित किया जाना अब अति आवश्यक हो गया है अन्यथा कुछ ही समय में पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था चरमरा सकती है।

पूरे विश्व में लिए गए भारी भरकम राशि के ऋण के चलते अमीर वर्ग अधिक अमीर होता चला जा रहा है एवं गरीब वर्ग और अधिक गरीब होता चला जा रहा है, क्योंकि अमीर वर्ग ऋण का उपयोग अपने लाभ का लिए कर पा रहा है एवं इस ऋण राशि से अपनी सम्पत्ति में वृद्धि करने में सफल हो रहा है। जबकि, गरीब वर्ग इस ऋण की राशि का उपयोग अपनी देनंदिनी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु करता है और ऋण के जाल में फंसता चला जाता है। इसके साथ ही, हालांकि विश्व में दो विश्व युद्ध हो चुके हैं, वर्तमान में भी रूस यूक्रेन युद्ध एवं इजराईल हमास युद्ध चल ही रहा है। परंतु, फिर भी इस सबका असर अमीर वर्ग पर नहीं के बराबर हो रहा है। हां, गरीब वर्ग जरूर और अधिक गरीब होता जा रहा हैं क्योंकि विश्व के कई देशों में, ब्याज दरों में लगातार की जा रही बढ़ोतरी के बाद भी, मुद्रा स्फीति नियंत्रण में नहीं आ पा रही है। मुद्रा स्फीति का सबसे अधिक बुरा प्रभाव गरीब वर्ग पर ही पड़ता है। अमीर वर्ग (जिनकी सम्पत्ति 2 करोड़ 28 लाख अमेरिकी डॉलर से अधिक है), इनकी संख्या वर्ष 2023 में 5.1 प्रतिशत से बढ़ गई है और इनकी कुल सम्पत्ति 86.8 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर हो गई है और यह भी 5 प्रतिशत की दर से बढ़ गई है। वर्ष 2020 के बाद से विश्व के 5 सबसे अधिक अमीर व्यक्तियों की संपत्ति दुगुनी हो गई है। साथ ही, वर्ष 2020 के बाद से विश्व के बिलिनायर की सम्पत्ति 3 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़ गई है। इन कारणों के चलते अमीर और गरीब के बीच की खाई बढ़ती जा रही है। जिस रफ्तार से विश्व में गरीबी कम हो रही है, इससे ध्यान में आता है कि इस धरा से गरीबी को हटाने में अभी 229 वर्ष का समय लगेगा। जैसे जैसे विश्व में विकास की दर तेज हो रही है अमीर व्यक्ति अधिक अमीर होते जा रहे हैं एवं गरीब व्यक्ति अधिक गरीब होते जा रहे हैं। आज से पहिले विश्व में कभी भी इतने अधिक अमीर नागरिक नहीं रहे हैं। वैश्विक स्तर पर उक्त वर्णित ऋण सम्बंधी भयावह आंकड़ों के बीच अन्य विकसित देशों की तुलना में भारत की स्थिति नियंत्रण में नजर आती है। वैसे भी, ऋण का उपयोग यदि उत्पादक कार्यों के लिए किया जाता है एवं इससे यदि धन अर्जित किया जाता है तो बैंकों से ऋण लेना कोई बुरी बात नहीं है। बल्कि, इससे तो व्यापार को विस्तार देने में आसानी होती है और पूंजी की कमी महसूस नहीं होती है। साथ ही, भारतीय नागरिक तो वैसे भी सनातन संस्कृति के अनुपालन को सुनिश्चित करते हुए अपने ऋण की किश्तों का भुगतान समय पर करते नजर आते हैं इससे भारतीय बैंकों की अनुत्पादक आस्तियों में कमी दृष्टिगोचर हो रही है। भारत के बैंकों की ऋण : राशि में हो रही अतुलनीय वृद्धि के बावजूद, भारत में ऋण सकल घरेलू उत्पाद अनुपात अन्य विकसित देशों की तुलना में अभी भी बहुत कम है। हालांकि यह वर्ष 2020 में 88.53 प्रतिशत तक पहुंच गया था, क्योंकि पूरे विश्व में ही कोरोना महामारी के चलते आर्थिक व्यवस्था चरमरा गई थी। परंतु, इसके बाद के वर्षों में भारत के ऋण- सकल घरेलू उत्पाद अनुपात में लगातार सुधार दृष्टिगोचर है और यह वर्ष 2021 में 83.75 प्रतिशत एवं वर्ष 2022 में 81.02 प्रतिशत के स्तर पर नीचे आ गया है। साथ ही, भारत के ऋण : सकल घरेलू उत्पाद अनुपात के वर्ष 2028 में 80.5 प्रतिशत के निचले स्तर पर आने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। यदि अन्य देशों के ऋण- सकल घरेलू उत्पाद अनुपात की तुलना भारत के ऋण सकल घरेलू उत्पाद अनुपात के साथ की जाय तो इसमें भारत की स्थिति बहुत सुदृढ़ दिखाई दे रही है।

पूरे विश्व में सबसे अधिक ऋण : सकल घरेलू उत्पाद अनुपात जापान में है और यह 255 प्रतिशत के स्तर को पार कर गया है। इसी प्रकार यह अनुपात सिंगापुर में 168 प्रतिशत है, इटली में 144 प्रतिशत, अमेरिका में 123 प्रतिशत, फ्रान्स में 110 प्रतिशत, कनाडा में 106 प्रतिशत, ब्रिटेन में 104 प्रतिशत एवं चीन में भी भारी भरकम 250 प्रतिशत के स्तर के आसपास बताया जा रहा है। अर्थात, विश्व के लगभग समस्त विकसित देशों में ऋण- सकल घरेलू उत्पाद अनुपात 100 प्रतिशत के ऊपर ही है। भारत में इस अनुपात का 81 प्रतिशत के आसपास रहना संतोष का विषय माना जा सकता है।

हाल ही के समय में भारत में विनिर्माण इकाइयों की उत्पादन क्षमता का उपयोग बहुत तेजी से बढ़ा है, वित्तीय वर्ष 2022-23 के चौथी तिमाही में विनिर्माण इकाईयों द्वारा अपनी उत्पादन क्षमता का 76.3 प्रतिशत उपयोग किया जा रहा था, जिसके कारण उद्योग जगत को ऋण की अधिक आवश्यकता महसूस हो रही है। बढ़े हुए ऋण की आवश्यकता की पूर्ति भारतीय बैंकें आसानी से करने में सफल रही हैं। यह तथ्य इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि विकसित देशों में भी प्रायः यह देखा गया है कि बैंकों द्वारा प्रदत्त ऋण में वृद्धि के साथ उस देश के सकल घरेलू उत्पाद में भी तेज गति से वृद्धि दृष्टिगोचर हुई है। भारत में भी अब यह तथ्य परिलक्षित होता दिखाई दे रहा है। भारत में आर्थिक गतिविधियों में आ रही तेजी के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था में भी ऋण की मांग लगातार बढ़ रही है। फिर भी, भारत में कोरपोरेट को प्रदत ऋण का सकल घरेलू उत्पाद से प्रतिशत वर्ष 2015 के 65 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2023 में 50 प्रतिशत हो गया है। इसका आशय यह है कि इस दौरान कोरपोरेट ने अपने ऋण का भुगतान किया है एवं उन्होंने सम्भवतः अपनी लाभप्रदता में वृद्धि दर्ज करते हुए अपने लाभ का पूंजी के रूप में पुनर्निवेश किया है। दूसरे, भारत में विभिन्न बैंकों द्वारा प्रदत्त लम्बी अवधि के ऋण सामान्यतः आस्तियां उत्पन्न करने में सफल रहे हैं, जैसे गृह निर्माण हेतु ऋण अथवा वाहन हेतु ऋण, आदि। इस प्रकार के ऋणों के भविष्य में डूबने की सम्भावना बहुत कम रहती है। बैंकों द्वारा खुदरा क्षेत्र में प्रदत्त ऋणों में से 10 प्रतिशत से भी कम ऋण ही प्रतिभूति रहित दिए गए हैं जैसे सरकारी कर्मचारियों को पर्सनल (व्यक्तिगत) ऋण, आदि। पर्सनल ऋण प्रतिभूति रहित जरूर दिए गए हैं परंतु चूंकि यह सरकारी कर्मचारियों सहित नौकरी पेशा नागरिकों को दिए गए हैं, जिनकी मासिक किश्तें समय पर अदा की जाती हैं, अतः इनके भी डूबने की सम्भावना बहुत ही कम रहती है।

इस प्रकार, यह कहा जा सकता है कि भारत में अब बैंकों द्वारा ऋण सम्बंधी व्यवसाय बहुत सुरक्षित तरीके से किया जा रहा है। इसी कारण से हाल ही के समय में यह पाया गया है कि भारतीय बैंकों की अनुत्पादक आस्तियों की वृद्धि पर अंकुश लगा है। यह भी संतोष का विषय है कि हाल ही के समय में भारतीय बैंकों से प्रथम बार ऋण लेने वाले नागरिकों की संख्या में भी वृद्धि दर्ज की गई है। इसका आशय यह है कि भारतीय नागरिक जो अक्सर बैंकों से ऋण लेने से बचते रहे हैं वे अब बैंकों से ऋण लेने के लिए प्रोत्साहित हो रहे हैं क्योंकि इस बीच बैंकों द्वारा प्रदान किए जा रहे ऋण सम्बंधी शर्तों को आसान बनाया गया है।

कुल मिलाकर भारत के संदर्भ में यह कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं होनी चाहिए कि भारतीय नागरिकों में सनातन संस्कृति के संस्कार होने के कारण बैंकों से ऋण के रूप में उधार ली गई राशि का समय पर भुगतान किया जाना एक स्वाभाविक प्रक्रिया की तरह माना जाता है, जिसके कारण भारतीय बैंकों के अनुत्पादक आस्तियों की राशि अन्य देशों की बैंकों की तुलना में कम हो रही है। अतः वैश्विक स्तर पर गम्भीर होती ऋण सम्बंधी समस्या का असर भारतीय अर्थव्यवस्था पर सीधे सीधे पड़ता दिखाई नहीं दे रहा है।

*(लेखक,स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं। )*

विचार

# रियासी के इस्लामी आतंकवादी हमले पर क्यों है चुप्पी ?

*डॉ. मयंक चतुर्वेदी*

इस्लामिक आतंकवाद का अकसर यह कहकर बचाव करते देखा जाता है कि आतंक का कोई मत, पंथ, रिलीजन, मजहब और धर्म नहीं होता। आतंक तो आतंक होता है, किंतु वास्तव में भारत एवं दुनिया के संदर्भ में जिस तरह की लगातार आतंकी घटनाएं एक खास वर्ग विशेष इस्लाम को मानने वाले मुसलमानों द्वारा घटित की जा रही हैं, वह बार-बार यही इंगित करती है कि आतंक का न सिर्फ विशेष मजहब होता है, बल्कि आतंकवाद एक विशेष उद्देश्य से और पूरी दुनिया को सिर्फ एक ही रास्ते पर चलाने की मंशा से जारी है। निश्चित ही इससे जुड़ी भविष्य की कल्पना बहुत डरावनी है।

पहले इस्लाम के नाम पर भारत का विभाजन किया गया, अपनी जनसंख्या की तुलना में शेष भारत से अधिकांश भूमि एवं अन्य व्यवस्थाएं जुटाई गईं, फिर चुन-चुन कर नए इस्लामिक गणराज्य में गैर मुसलमानों को निशाना बनाया गया जो अब भी (पाकिस्तान-बांग्लादेश में) जारी है। वस्तुतः यह प्रश्न आज सभी के सोचने के लिए हैं, कि आखिर सभी को मुसलमान बना देने या बात नहीं मानने वालों को मौत के घाट उतार देने की जिद क्यों इन आतंकियों और इस तरह की जिहादी मानसिकता रखनेवाले मुसलमानों ने पाल रखी है? यह इस्लाम लोगों को डराकर उनकी जान लेकर किस मानवता का भला कर रहा है?

जम्मू-कश्मीर में हिंदू श्रद्धालुओं पर इस्लामी आतंकियों ने जो हमला किया और उसके लिए जिस दिन का चुनाव किया, हम सभी जानते हैं कि वह नरेन्द्र मोदी द्वारा तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ग्रहण करनेवाला था। आखिर; यह क्या संकेत करता है? यह हमला किसको डराने के लिए है और किसको मैसेज देने के लिए हुआ? देखा जाए तो इन तमाम प्रश्नों का जो एक उत्तर है वह है, आतंकवादी मुसलमान भारत सरकार एवं यहां रह रहे बहुसंख्यक हिन्दू समाज के लिए खुला संदेश दे रहे हैं, हम जो चाहें, जहां चाहें, जैसा चाहें वैसा, इस भारत में कहीं भी कांड कर सकते हैं। आप अपनी सशक्त सत्ता का कितना भी दम भरें, इससे (आतंकवादियों को) कोई फर्क नहीं पड़ता, हम अपने मंसूबों को जब चाहे तब कामयाब कर सकते हैं।

इस हमले में आप देखिए, कैसे नन्हे गोद लिए बच्चों तक को नहीं बख्शा गया और उन पर भी चारों ओर से गोली बरसाई गईं। आज बच्चों की मौत और उनके घायल होने की तस्वीरें हर संवेदनशील भारतीय को रुला रही हैं। ऐसे में तथाकथित मानवता के समर्थकों से यह जरूर पूछा जाना चाहिए कि इजराइल को लेकर गाजा पट्टी के रफाह शहर पर दुनिया भर में चीत्कार मचानेवाली तथाकथित सेक्युलर जमात अब जम्मू-कश्मीर के रियासी हमले पर बहुत ही बेशर्मी के साथ चुप्पी साधे क्यों बैठी है? यहां खुलेआम इस्लामिक आतंकवादी हिन्दुओं को योजना से अपना निशाना बना रहे हैं, उनके लिए यह सेलिब्रिटी, तथाकथित धर्मनिरपेक्षता के ठेकेदार, इंटरनेशनल एनजीओ, मानवाधिकार संगठन अपने मुंह मे दही जमाए नजर आते हैं। आखिर यह मानवता के साथ कैसा दोगलापन है?

जम्मू-कश्मीर में शिवखोड़ी दर्शन करके कटरा लौट रहे श्रद्धालुओं पर रियासी में हुए हमले ने आज कई परिवारों को उजाड़ दिया है। हमले में कुछ लोगों ने अपने घर के सदस्यों को खोया तो कुछ के अपने पूरे परिवार ही उजड़ गए। एक परिवार के चार सदस्य मारे गए हैं, जिसमें कि मुस्लिम आतंकियों ने दो साल के बालक को भी मार दिया। ये परिवार जयपुर से था। इसी तरह बलरामपुर के रहनेवाले बंशी वर्मा मजदूरी करके घर खर्च चलाने वाले वह व्यक्ति हैं, उनका परिवार भी अयोध्या में भगवान श्रीराम लला के दर्शन के बाद जम्मू-कश्मीर, माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए गया था। इस हमले में उनके परिवार समेत एक अन्य परिवार के सदस्यों ने भी आतंकी हमले में अपने परिजनों को खो दिया है।

इसी प्रकार उत्तर प्रदेश के गोंडा और गोरखपुर जिले से लोग दर्शन करने गए थे जो घायल हुए हैं और हमले के चश्मदीद हैं, उन्होंने अपने को जिंदा रखने के लिए क्या किया, सुनकर रोंगटे खड़े हो जाते हैं। कल्पना करने मात्र से लगता है कि वह समय कितना विकट रहा होगा, जब स्वयं को जिंदा रखने की चुनौती आतंकवादियों की चारों ओर से बरस रहीं गोलियों के बीच इनके सामने थी। यह बता रहे हैं कि जब आतंकियों ने नकाब पहनकर पूरी बस पर ताबड़तोड़ गोलियां दागीं और उसके बाद जब बस खाई में गिर गई तब भी इन आतंकियों ने गोलियां दागना बंद नहीं किया था, ताकि कोई श्रद्धालु जिंदा न बचे । ऐसे में कई लोग बुरी तरह से घायल होने के बाद भी खुद को लाश जैसे दर्शाते रहे, जिससे कि इन इस्लामिक आतंकवादियों को यह विश्वास हो जाए कि बस में सवार सभी हिन्दू श्रद्धालु मारे जा चुके हैं। तब भी इस रियासी आतंकी हमले में एक बच्चे समेत 10 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 30 से ज्यादा लोग घायल हैं।

पाकिस्तान के लश्कर-ए-तैयबा आतंकी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी भले ही आज ले ली है। लेकिन क्या यह सभी आतंकवादी बिना स्थानीय सहयोग के इतने बड़े हमले को अंजाद दे सकते थे? अभी तक कि जांच साफ दर्शा रही है कि स्थानीय लोग इस हमले में बराबर के षड्यंत्रकारी हैं और इन्होंने ही इन पाकिस्तानी आतंकियों को अपने यहां शरण देकर छुपाया हुआ है। आखिर इस स्थानीय मुसलमानों का पाकिस्तानियों के साथ क्या संबंध है? क्या यह वही संबंध हैं जो हमास के आतंकवादियों के समर्थन में सड़कों पर हुजूम निकालने, नारे लगाने और उनके लिए सहयोग के नाम पर चंदा इकट्ठा करने की एक मजहब आधारित मानसिकता को जन्म देती है?

जम्मू-कश्मीर के रियासी में हुए आतंकी हमले पर नीडरलैंड्स के नेता गीर्ट वाइल्डर्स ने जो कहा, उससे हम सभी को सीख लेनी चाहिए। गीर्ट वाइल्डर्स ने भारत से अपने लोगों की रक्षा करने की अपील की है। गीर्ट वाइल्डर्स का कहना है, कि कश्मीर घाटी में पाकिस्तानी आतंकवादियों को हिंदुओं की हत्या करने की इजाजत न दें। अपने लोगों की रक्षा करें भारत! यहां उनका कहना यही है कि भारत की मोदी सरकार एवं भारत के आम जन इस प्रकार के बहुसंख्यक हिन्दू समाज पर होनेवाले आक्रमण का ठीक से जवाब दें।

दूसरी ओर भारत में जो लोग अल्पसंख्यकों में विशेषकर इस्लाम का पक्ष लेने की राजनीति करते हैं, उनके लिए भी गीर्ट वाइल्डर्स का यही संदेश है कि भारत के बहुसंख्यक समाज का दर्द समझें। वास्तव में आज उन सभी से जरूर पूछा जाएगा जो कल तक अल्पसंख्यक अत्याचार के नाम से बड़ी-बड़ी रैलियां निकाल रहे थे। ऐसे लोगों को मुसलमान का ही दर्द दिखाई देता है, हिंदुओं के मरने या हिंदुओं पर हुए आतंकी हमले से उनको कोई दर्द क्यों नहीं होता?

साहित्य



## क्यों घुट -घुट के जीता है रे मन?


**अनिल मिश्र प्रहरी**

क्यों घुट - घुट के जीता है रे मन?
तुझे काया मिली
इतनी माया मिली,
तेरी राहों में बिखरा है मधुवन।
क्यों घुट - घुट के जीता है रे मन।

इतना सुन्दर- सा घर
यानों का सफर,
तू भिखारी से राजा गया बन।
क्यों घुट - घुट के जीता है रे मन।

तुझे सपने मिले
संग अपने मिले,
तेरी आभा से चमके हैं कण-कण।
क्यों घुट - घुट के जीता है रे मन।

पदोन्नति मिली
लाल बत्ती मिली,
आज लाखों करें पुष्प अर्पण।
क्यों घुट - घुट के जीता है रे मन।



## राशिफल

**मेषः-** कुछ अच्छे आसारों से मन प्रफुल्लित रहेगा। पेशे संबंधी कोई यात्रा में अवरोध संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार बनेंगे।

**बृषभः-** स्वयं पर भरोसा रख योजनाओं को सुचारू रुप से क्रियान्वित करें। सगे-संबंधों में सरल व व्यावहारिक बनने की कोशिश करें। अर्थाभाववश चिंता संभव।

**मिथुनः-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में अवरोध से मन हतोत्साहित होगा। संबंधों के प्रति कुछ नयी शिकायतें संभव। किसी विद्वान के विचारों से प्रभावित मन में उत्साह का संचार होगा।

**कर्कः-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव।

**सिंहः-** किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। रोजगार में अति व्यस्तता रहेगी किंतु कायरे को समय से पूर्ण करें।

**कन्याः-** समस्याओं के समाधान हेतु मन नयी-नयी युक्तियों पर केंद्रित होगा। महत्वपूर्ण कायरें के प्रति आलस्य न करें। छोटी-छोटी बातों पर क्रोधित न हो। जीवन साथी से मधुरता कायम रखें।

**तुलाः-** मन सकारात्मक विचारों से प्रभावित होगा। नाजुक संबंधों में संतुलित वाणी का प्रयोग करें। कोई हितैषी बिगड़े हुए संबंधों को सुधरवायेगा।

**वृश्चिकः-** सभी प्रकार के दायित्वों की पूर्ति हेतु संतुलित योजना पर चलें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय में सगे-संबंधियों का सहयोग प्राप्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कार्यक्षेत्र में कुछ कठिनाइयां संभव।

**धनुः-** नये समीकरण लाभकारी कार्य क्षमता के परिचायक होंगे। प्रणय संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आय-व्यय में संतुलन बनाने का प्रयत्न करें। महत्वपूर्ण कार्य में आलस्य का त्याग करें।

**मकरः- कोई** नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में किया गया परिश्रम सार्थक होगा। रोजगार में प्रगति संभव।

**कुंभः-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर उत्साहित होंगे। नियोजित कार्यकुशलता से प्रगति के लिए आशान्वित होंगे। सुखद कायरें की व्यस्तता रहेगी।

**मीनः-** क्षमता से परे किसी कार्य की जिम्मेदारी लेना हानिकार हो सकती है। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न करें। रोजगार में लाभ के नये अवसर प्राप्त होंगे। परिवार में मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

# भारत में भारतीय होना चाहिए शिक्षा का मॉडल

*डॉ. नितिन सहारिया*

भारतीय संस्कृति मूल्य आधारित संस्कृति है। मूल्यों को धारण करने के कारण ही मानव के अंदर मानवीयता का आभास होता है। मूल्य ही दो पैर-दो हाथ वाले प्राणी मनुष्य को मनुष्यत प्रदान करते हैं अन्यथा वह पशुवत है। मूल्य मानवता का आधार हैं। मूल्य की मनुष्य के अंदर स्थापना होने से मनुष्ययत्व की गरिमा बढ़ती है। मूल्य मानवता के प्राण हैं। मूल्य विहीन मनुष्य का जीवन बगैर खुशबू के पुष्प की तरह से निरर्थक है। अतः इन मूल्यों को धारण करने के कारण भारतीय संस्कृति में वैश्विकता, निरंतरता, जीवंतता, श्रेष्ठता, शाश्वतता, आध्यात्मिकता की अनुभूति होती है, जो इसे वैश्विक संस्कृति Global culture बनाते हैं। भारतीय संस्कृति के मूल्य सार्वभौमिक हैं।

मूल्य वे तत्व या गुण हैं जो मानवीय आचरण में श्रेष्ठता, विशिष्टता, दिव्यत्व, उत्कृष्टता को प्रदर्शित करते हैं। मानव के व्यक्तित्व को सुगंध, दिव्य आचरण से भर देते हैं। इनके अभाव में मानव अमानव बन जाता है। भारतीय संस्कृति के मूल्यो में सत्य, प्रेम, दया, करुणा, अहिंसा, आस्तेय, अपरिग्रह, ब्रह्मचर्य, सहिष्णुता, वसुधैव कुटुंबकम, तें त्यतेंन भुन्जिथा, मातृवत पर्दारेशु-परद्रव्येसु लोस्टवत्त, आत्मवत्त सर्व भूतेषू , त्याग, सेवा इत्यादि को शामिल किया गया है।

धृती मेधा दमोस्तेयं, शौचं इंद्री निग्रहः।
धी विधा सत्यंक्रोधो, दशवं धर्म लक्षणम्।।

भारतीय संस्कृति में धर्म के दस लक्षण/गुण ही मानवीय मूल्य है; जो मनुष्य को महामानव, संत, महात्मा, धर्मनिष्ट बनाते हैं। सभी प्रकार का श्रेष्ठ आचरण, गुण, व्यवहार मूल्य की श्रेणी में आता है अतः मूल्य का जीवन में बड़ा ही महत्वपूर्ण स्थान है। मूल्य विहीन जीवन निरर्थक है। मूल्य की इसी महत्ता के कारण स्वामी विवेकानंद जी माता काली से प्रार्थना करते हुए कहते थे- हे! मां मुझे मनुष्यत्व दो!! माँ! मेरी कापुरुषता, दुर्वलता नष्ट कर दो,हे मां !! मुझे मनुष्य बना दो।

वर्तमान में जो शिक्षा पद्धति विगत 72 वर्षों से चलती चली आ रही है। वह अंग्रेजी शिक्षा पद्धति मैकाले के द्वारा भारत पर थोपी गई थी। पश्चात शिक्षा पद्धति थी जिसमें मूल्यो का अभाव था। जो व्यक्ति को बाबू, क्लर्क, अधिकारी तो बनाती थी किंतु व्यक्ति को मनुष्य नहीं बनाती थी। वह पद्दित मूल्य विहीन थी, जिसने डॉक्टर, इंजीनियर, कलेक्टर, वकील तो पैदा किये किन्तु उनमें मानवीय मूल्यों को न भर सकी। अत- वह बड़े अधिकारी बनकर भी मानवी गरिमा के अनुरूप संवेदना, सत्य निष्ठा, त्याग, प्रेम, परोपकार का व्यवहार नहीं करते जो की अपेक्षित है। ऐसी मूल्य विहीन शिक्षण पद्धति से तैयार होने वाले नागरिक देखने में मनुष्य नजर आते हैं किंतु आचरण में सत्यनिष्ठा, कर्तव्य निष्ठा, देशभक्ति का अभाव सदैव बना रहता है। तब ऐसे नागरिकों के व्यवहार, आचरण से देश का किंचित भी भला होने वाला नहीं है। तभी शासन के द्वारा भारी भरकम बजट से तैयार योजनाएं फेल होती दिखाई देती हैं।

बिहार में पुल बनने से पहले ही गिर जाता है। सड़क जल्दी ही उखड़ जाती है। बिल्डिंग गिर जाती है, कोई मंत्री चारा खा जाता है तो कोई शेयर या बोफोर्स, 2जी स्पेक्ट्रम, कोल ब्लॉक, कॉमनवेल्थ घोटाला कर जाता है। इसका कारण व्यक्तित्व निर्माण के दौरान उन मूल्यों को व्यक्तित्व में समावेश नहीं करा सके जो की प्राचीन गुरुकुल शिक्षा पद्धति में करा दिया जाता था। आज समाज में दिखाई देने वाली अव्यवस्था, अशांति, अपराध, भ्रष्टाचार के मूल/जड़ में यही मानवी मूल्यो का अभाव दिखाई देता है। सारी बुराइयों की जड़ मूल्य हीनता अथवा संस्कारहीनता ही है।

अतः यदि हमें भविष्य में सुंदर समुन्नत समाज का निर्माण करना है। एक भारत श्रेष्ठ भारत बनाना है तो बचपन से ही बच्चों के कोमल मस्तिष्क में मानवी मूल्यो की प्रतिष्ठा करना आरंभ करें। नैतिक शक्ति/धर्म ही समाज की सबसे बड़ी शक्ति होती है। इसी के कारण व्यक्ति बगैर दंड, सिग्नल या आदेश के स्वप्रेरणा से श्रेष्ठ, लोक कल्याणकारी आचरण/व्यवहार करता है। जिससे समाज में शांति, सुव्यवस्था, निर्भयता श्रेष्ठता के वातावरण का निर्माण होता है; अन्यथा मूल्य हीनता, श्रेष्ठ मानवीय गुणौ के अभाव में व्यक्ति उच्छ्रृंखल, निठल्ले, असंवेदनशील, चोर, बेईमान, अनुशासनहीन, अनैतिक बनता है।

प्राचीन भारतीय ऋषि प्रणीत गुरुकुल शिक्षण पद्धति सर्वांग पूर्ण शिक्षण पद्दती थी। जिसमें प्रकृति के सानिध्य में नदी, सरोवर या आरण्य क्षेत्र के मनोहरी वातावरण में दिव्य शिक्षण दिया जाता था। जहां पर जागरण ब्रह्म मुहूर्त में प्रतिदिन छात्रों को वेदपाठ, यज्ञ अग्निहोत्र कराया जाता था। गौ सेवा, आश्रम व खेतों का श्रमदान भी छात्रों से कराया जाता था। आश्रम की दिनचर्या अनुशासन, पद्दित, पाठ्यक्रम, आचार्य का व्यवहार ही इतना दिव्य मनोरम व अनुपम, प्रेरणपृद हुआ करता था कि छात्रों के समग्र व्यक्तित्व का निर्माण होता था। गुरुकुल से निकलने वाले छात्र भविष्य में समाज जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफल होते थे। उन्हें जीवन लक्ष्य/आत्मबोध छात्र जीवन में ही करा दिया जाता था।

अतः मूल्य आधारित पद्धति से तैयार छात्र/व्यक्तित्व जब जीवन में समाज का संचालन करते थे तो उनके अंदर राष्ट्रभक्ति, लोकहित, कर्तव्य निष्ठा झलकती थी। जिससे समाज में शांति, सुव्यवस्था, अपराध मुक्त-भ्रष्टाचार मुक्त, स्वर्गीय वातावरण का निर्माण हुआ करता था। वर्तमान में इन्हीं श्रेष्ठ तत्वों का अभाव होने से अशांति, अपराध, भ्रष्टाचार, कलह का वातावरण बना हुआ है। अत- हमें समस्या की जड़ पर प्रहार करना होगा, तभी समाधान मिल सकेगा। वृक्ष की जड़ पर जल चढ़ाने से वह संपूर्ण वृक्ष को प्राप्त हो जाता है। ठीक इसी के विपरीत अमरबेल नामक परजीवी का एक छोटा सा टुकड़ा किसी भी वृक्ष पर डाल दीजिए, वह बढ़ करके सारे वृक्ष को चूस लेगा। यही अमरबेल का कार्य पश्चात शिक्षण प्रणाली ने भारत में किया।लॉर्ड मैकाले ने 2 सितंबर 1835 के अपने भाषण में कहा था- मैं आने वाले वर्षों में भारत में एक ऐसी शिक्षा प्रणाली को लागू करने जा रहा हूं, जिससे ऐसे व्यक्तियों का निर्माण होगा जो सूरत- शक्ल से तो भारतीय होंगे किन्तु चिंतन, चरित्र, व्यवहार से पाश्चात्य अर्थात हमारे अनुगामी होंगे। आज मैकाले की फसल भारत में चन्हूओर लहलहा रही है। हैप्पी बर्थडे टू यू, वैलेंटाइन डे, हैप्पी न्यू ईयर, प्री वेडिंग शूट, डीजे कलचर, हेलो! हाय! की पद्धति उसी की देन है। वर्तमान में लड़के-लड़कियों के पश्चात्य पहनावा, वस्त्र की फुहड़ता, फटे पेंट पहनना इत्यादि मैकाले की ही देन है, और भी बहुत कुछ ऐसा इस पाश्चात्य शिक्षा की देन है जो यदि निरंतर चलता रहा तो एक दिन यह भारत को नष्ट कर देगा। अर्थात भारतीय संस्कृति को नष्ट कर देगा। किसी समय भारत में 6 लाख गुरुकुल हुआ करते थे। जिनसे चाणक्य-चंद्रगुप्त, कुमारजीव, बोधिधर्मन, नागार्जुन, अश्वघोष, शिवाजी, महाराणा प्रताप, बाबा रामदेव, रामतीर्थ, दयानंद, विवेकानंद, आत्मानंद, विशुद्दानंद, श्नंद्धानंद जैसे महापुरुष निकला करते थे। जो अपनी प्रतिभा से इस विश्व उद्यान/वसुधा को सुंदर-समुन्नत बनाते थे। आज भी पुन- वही अपेक्षा समाज, राष्ट्र व विश्व को मुर्धन्यो से है। इससे कम में बात बनने वाली नहीं है। अतः समाज-राष्ट्र के बुद्धिजीवी, रास्ट्रभक्त, संवेदनशील नागरिक वर्ग को इस दिशा में चिंतन करके तुरंत कदम बढ़ाने चाहिए अन्यथा विश्व वेदना से झुलस्ता चला जाएगा।

ऐही सम विजय उपाय न दूजा।

*(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं। )*

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- जितेन्द्र सिंह*
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। RNI No. UPHIN/2013/55887

# एंटी करप्शन ने लेखपाल को रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

**महोबा,समृद्धि न्यूज।**



महोबा जिले मे एंटी करप्सन टीम ने बुधवार को राजस्व विभाग के एक लेखपाल को दस हज़ार रूपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया की कुलपहाड तहसील के सतारी क्षेत्र मे तैनात लेखपाल देवेंद्र राजपूत द्वारा इलाकाई एक किसान सुरेन्द्र कुमार से जमीन की पैमाइश के बदले दस हज़ार रूपये की घूस मांगी जा रही थी।

किसान काफी समय से उसके चक्कर लगा रहा था. किन्तु समस्या का समाधान न होने पर उसने अंततः भ्रष्टाचार निरोधक टीम के लखनऊ मुख्यालय से सम्पर्क साध अपनी परेशानी से अवगत कराया. जिस पर मुख्यालय से प्राप्त निर्देशों पर एंटी करप्सन बांदा की टीम ने कार्यवाही करते हुए लेखपाल को रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया। पुलिस अधिकारी के मुताबिक एंटी करप्सन टीम ने लेखपाल देवेंद्र राजपूत को कुलपहाड़ कस्बे मे स्थित अन्नपूर्णा रेस्टोरेंट से योजनाबद्ध तरीके से उस समय दबोचा जब वह किसान से रुपया लेकर उसे गिन रहा था। टीम ने कार्यवाही आनन -फ़ानन मे की जिससे किसी को भी हवा नहीं लगी बाद मे सीसीटीवी फुटेज निरीक्षण मे मामला साफ होने पर लेखपाल की गिरफ्तारी का लोगो को पता चल सका. एंटी करप्सन टीम ने बाद मे अपनी सम्पूर्ण कार्यवाही की सूचना कबरई पुलिस थाने मे प्रदान की ओर लेखपाल को अपने साथ बांदा ले गए.लेखपाल की गिरफ्तारी का मामला चर्चा मे आते ही राजस्व कर्मियों मे हड़कंप मचा है। मालूम रहे की महोबा जिले मे एंटी करप्सन टीम द्वारा बीते कोई तीन वर्षो मे लगभग डेढ़ दर्जन भ्रष्टाचारी अधिकारी ओर कर्मचारियो को दबोचा गया है. यह सूबे मे सर्वाधिक गिरफ्तारियों का रिकार्ड है।

# पहले की कोर्ट मैरिज, फिर 20 दिन बाद हो गया फरार

▶ फरेबी पति को खोज रही महिला ने कोतवाली में जमकर काटा बवाल

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



महोबा में कोर्ट मैरिज के 20 दिन बाद युवा दंपति में विवाद होने का मामला सामने आया है करीब 2 माह से पुलिस प्रशासन के चक्कर लगाने के बावजूद भी पीड़ित महिला को उसके पति का सुराग नहीं मिल पाया है. जिसके बाद फरेबी पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की मांग को लेकर पीड़ित पत्नी का कोतवाली में हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला।

महोबा शहर कोतवाली परिसर में पति को खोजने की मांग को लेकर महिला का हाई वोल्टेज ड्रामा देखने के लिए लोगों की भीड़ जुट गई. महिला आरती का आरोप है कि सूरज ने 14 फरवरी 2024 को उसके साथ कोर्ट मैरिज की थी। कोर्ट मैरिज के बाद हम दोनों खुशी-खुशी एक किराए के मकान में रह रहे थे। मगर अचानक एक दिन सूरज तबीयत का बहाना बनाकर घर से निकल गया. उसके बाद से लेकर आज तक सूरज घर नहीं आया है और ना ही फोन रिसीव कर रहा है. जिसको लेकर मैं काफी परेशान हूं. इस मामले की मैंने पुलिस से शिकायत भी की है. पुलिस प्रशासन सुनने को तैयार नहीं है।

# हिंदू संगठनों ने श्रद्धालुओं की बस पर हुए हमले के विरोध में किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



महोबा मुख्यालय में विश्व हिंदू परिषद ने जम्मू कश्मीर में श्रद्धालुओं की बस पर आतंकवादियों द्वारा किए गए हमले के संबंध में विरोध प्रदर्शन किया गया विश्व हिंदू परिषद महोबा के संरक्षक महंत देवी चरण शुक्ला का कहना है कि जम्मू कश्मीर में वैष्णों देवी कटरा से शिव खोडी जाते समय 9 जून को हिन्दू श्रद्धालुओं की बस पर क्रूर पाकिस्तान पोषित इस्लामिक जेहादी आतंकवादियों द्वारा कायराना हमला किया जिसमें 10 निर्दोष हिन्दू तीर्थयात्री मारे गए, संपूर्ण देशवासियों को स्तब्ध करने वाली घटना है इस क्रूरतम दुष्कृत्य से पूरा देश आहत है और तीव्र आक्रोश में है।

जम्मू काश्मीर लंबे समय से पाकिस्तान पोषित आतंकवाद का दंश झेल रहा है, धारा 370 हटने के बाद एक आशा की ज्योति जगी है, लेकिन लगता है उग्रवादियों का मनोबल अभी कम नहीं हुआ है, हिंदुओं को चिन्हित करके उनकी हत्या की घटनाएं बढ़ी हैं इन सब के पीछे स्पष्ट रूप से पाकिस्तान का हाथ है। देश के नई सरकार के शपथ के समय इस प्रकार का दुस्साहसिक कृत्य करके इस्लामी आतंकवादियों ने देश के संप्रभुता को चुनौती दी है। बजरंग दल इस कायराना कृत्य की तीव्र निंदा करते हुए कठोरतम कार्यवाही की मांग करता है। इस मौके पर प्रांत सह संयोजक बजरंग दल अवधेश शर्मा,जिला अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद मनोज शिवहरे ,विपिन भदौरिया ,अनमोल द्विवेदी ,दिलीप कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### प्रधान के भाई के साथ की मारपीट

**थाना।** थाना बकेबर क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम परसौली में भाजपा नेता प्रधान के भाई को गाँव के ही दो नामजद आरोपियों ने शराब के नशे में दरवाजे पर आकर भाई को गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पीड़ित भाई ने मामला दर्ज कराया। इस सम्बंध में ग्राम परसौली निवासी ज्ञानेन्द्र सिंह यादव पुत्र ओमप्रकाश ने बकेवर थाना पुलिस को दिये प्रार्थना पत्रमें बताया कि वह अपने घर पर था कि तभी गाँव के ही बिशेष यादव पुत्र स्वं सूरज सिंह व जयनेश यादव पुत्र स्वं हाकिम सिंह एक राय होकर मेरे दरवाजे पर आकर भद्दी भद्दी गालियां देने लगे जब हमने इसका बिरोध किया तो उपरोक्त दोनों लोगों के द्वारा मेरी मारपीट करते हुए मुझे घायल कर दिया। इस मामले की सूचना जब बराउख पुलिस चौकी पर दी तो चौकी इंचार्ज व पुलिस फोर्स के द्वारा आकर मामले की जांच करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराकर डाक्टरी परीक्षण के लिए भेज दिया।

### रक्तदान शिविर का आयोजन कल

**इटावा।** प्रभारी सचिव,जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष के आदेशानुसार 14 जून को प्रातः 9:30 बजे से विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जनपद न्यायालय, इटावा के सभागार में रक्तदान शिविर का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी के सहयोग से किया जा रहा है। सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वह 14 जून को निर्धारित समय पर बड़ी संख्या में स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा में योगदान करें।

### सर्पदंश से बचाव के लिए एंटीवेनम की वायल मौजूद

**इटावा।** प्री मानसून का मौसम भी अब नजदीक है और ऐसे में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सर्पों के जमीन से बाहर निकलने के साथ साथ सर्प दंश की घटनाओं का होना भी स्वभाविक ही होता है। इसी क्रम में जिला आपदा विशेषज्ञ अवनीश दुबे ने बताया कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी,इटावा से प्राप्त हुई जानकारी के अनुसार आने वाले प्री मानसून से पूर्व ही जनपद इटावा पूरी तरह से तैयार है जिसके अंतर्गत अभी जिला चिकित्सालय इटावा सहित जनपद के सभी ब्लॉक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर (सर्पदंश की एकमात्र दवा) एंटीवेनम की उपलब्धता की सूची जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को प्राप्त हो चुकी है। जिसके अनुसार जिला चिकित्सालय इटावा (पुरुष) में 215 एंटीवेनम, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजपुर में 50, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसवंतनगर में 45, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरसईनावर में 40, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महेवा में 47, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैफई में 41, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरथना में 50, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बढ़पुरा उदी में 41 एव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसरेहर में 45 एंटीवेनम की वायल मौजूद है। यदि किसी को भी कभी कोई जहरीला सर्पदंश हो जाए तो निर्धारित समय एक घंटे में अपने गांव के नजदीक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचकर तैनात चिकित्सक के अनुसार ही एंटीवेनम ही लगवाएं।

### महिला ने लगाया लूटपाट व मारपीट का आरोप

**इटावा।** कंजड़ कॉलोनी की एक महिला ने मोहल्ले के ही आधा दर्जन से ज्यादा युवकों पर घर में घुसकर लूटपाट करने और मारपीट करने का आरोप लगाया है। इस मामले में एक युवक को गिरफ्तार भी कर लिया गया। कंजड़ कालोनी कोठी कैस्त जसवंतनगर निवासी रीता पत्नी रामगोपाल ने थाने में तहरीर देते हुए बताया है कि अपने परिवार के साथ सोये हुए थे। घर के पीछे की दीवाल फाँद कर अभिषेक बंजारा पुत्र अशोक कुमार, सुमित उर्फ़ लाला पुत्र अशोक कुमार, रोहित पुत्र सुनील कुमार, अर्जुन उर्फ़ करियल पुत्र सुनील कुमार, करन पुत्र सुनील कुमार अकेला पुत्र अरविन्द, जितेंद्र कुमार पुत्र सुनील कुमार घर में घुस आये उन्होंने उन्होंने हमारे घर में लूटपाट शुरू कर दी 18000 हजार रुपया नकद के अलावा मंगल सूत्र और सोने की जंजीर तथा दो जोड़ी चांदी की पायल चोरी कर लीं ज़ब हम लोगो ने बिरोध किया तो इन्होने एक राय होकर हम सब को मारना पीटना शुरू कर दिया.और हमारी सारी गृहस्ती का सामान एल ई डी टीवी और कूलर आदि तोड़ दिया। दो के हाथों में कट्टे थे जिससे हम बिरोध नहीं कर पाये हमारे बच्चो को काफी गंभीर चोटे आई हैं। पुत्री के साथ भी छेड़छाड़ की।

### सपा छात्र सभा ने नीट परीक्षा में धांधली के खिलाफ किया प्रदर्शन

**इटावा।** समाज वादी छात्र सभा के तत्वाधान में प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर जिलाध्यक्ष रवि यादव के नेतृत्व मे नीट परीक्षा मे हुई धांधली के खिलाफ प्रदर्शन कर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी इटावा के माध्यम से दिया गया, छात्र नेता समाजवादी कार्यालय पर एकत्रित होकर जूलूस के रूप में नारे लगाते हुए जिलामुख्यालय पहुंचे जहां ज्ञापन दिया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि नीट यूजी 2024 के एक्जाम में एनटीए की अक्षमता तथा भ्रष्टाचार सामनें आया है,लोकसभा चुनाव परिणाम के दिन रिजल्ट घोषित कर एनटीए क्या छुपाना चाहती थी,इस एक्जाम की पारदर्शिता पर विघार्थीयों मे संदेह है। सपा जिला उपाध्यक्ष आलोक दीक्षित ने कहा कि 67 छात्रों के 720 मे 720 अंक आये हैं जिसमें 44 छात्रों को ग्रेस मार्क दिये गये हैं,।

# दुकानदार द्वारा पकड़ी गई टप्पेबाज महिला को पुलिस ने भेजा जेल

**पनवाड़ी महोबा, समृद्धि न्यूज।**



कस्बा में मगलवार को चौबे मार्केट स्थित दिवंगत अजयकांत सोनी की दुकान पर ग्राहक बनकर आईं तीन महिलाओं ने टप्पेबाजी करते हुए चांदी की पायलों पर हाथ साफ़ करते हुए वहां से रफूचक्कर हो गई थी। महिला दुकानदार ने शक के आधार पर सीसीटीवी कैमरे में चेक किया तो टप्पेबाज महिला चांदी की पायल चोरी करते पाई गई।

महिला दुकानदार ने पीछा करते हुए उनमें से एक महिला को पहचानते हुए तिगैला पर पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया था। शेष महिला भागने में सफल रहीं। पुलिस ने टप्पेबाज महिला के पास से चोरी की हुई पायल बरामद करते हुए बरामदगी और महिला दुकानदार की तहरीर पर रामकुमारी पत्नी तरमोहन कोरी उम्र क़रीब 45 बर्ष निवासी राठ जनपद हमीरपुर को धारा 379/411 के तहत मुकामी थाना में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया है। वहीं अन्य आरोपी टप्पेबाज़ महिला पुलिस की गिरफ्त से दूर बनी हुईं है।

# पुलिस ने बैंकों की सुरक्षा-व्यवस्था का लिया जायजा

**चरखारी महोबा, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक महोबा अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में चरखारी पुलिस बल द्वारा कोतवाली क्षेत्र में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी।

चरखारी पुलिस बल द्वारा सीओ रविकान्त गौड़ के निर्देशन में कोतवाली प्रभारी गणेश कुमार द्वारा गठित टीम के एसएस आई मधुरेश त्रिपाठी व मय हमराह के साथ क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गई।

# आप ने नीट परीक्षा में हुई धांधली की उच्च स्तरीय जांच की मांग की

**इटावा।** आम आदमी पार्टी ने नीट परीक्षा में हुई धांधली को लेकर राष्ट्रपति महोदय को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय के माध्यम से प्रशासनिक अधिकारी कौशल को सौंपा। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष संजीव शाक्य ने कहा कि नीट परीक्षा का परिणाम 14 जून को आना था परंतु आनंद फाइनल में 4 जून को ही लोकसभा चुनाव के परिणाम के दिन ही नीट के परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया इससे सवाल उठता है कि किस पाने के लिए इसका परिणाम उसे दिन घोषित किया गया और जिस प्रकार 67 बच्चों को पूरे 720 अंक दिए गए एक ही कोचिंग सेंटर के 6 बच्चों को 720 अंक दिए गए और कुछ बच्चों को 718, 719 अंक दिए गए।

# एम्बुलेंस अधिकारी की मेहरबानी से लोकल पायलट कर रहा मनमानी

**इटावा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरथना का एक अजीबो गरीब मामला सामने आया है वही योगी सरकार को बेहतर बनाने में लगे हुए है और इटावा में लगातार हो रही एंबुलेंस विभाग के अधिकारी की किरकिरी हो रही है। इटावा स्वास्थ्य विभाग व एंबुलेंस विभाग के आला अधिकारी इस पर पर्दा डालने का लगातार प्रयास कर रहे हैं। बताते चलें कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरथना अश्विनी कुमार निवासी जनपद फर्रूखाबाद एंबुलेंस कर्मचारी पायलट के तौर पर कार्यरत हैं उसने थाने में तहरीर देकर बताया कि पिछले कुछ दिनों से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरथना में ड्यूटी कर रहा हूं उस गाड़ी पर लोकल का पायलट रामवीर है जो घर से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर ड्यूटी कर रहा है और वह घर रहते हुए अटेंडेंस लगता है।

# मौत को दावत दे रहा बस स्टाप पर खड़ा जला ट्रक




**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।**

19 दिन पूर्व बस स्टाप में जलकर खाक हुये ट्रक को प्रशासन बस स्टाप में हाईवे पर खड़ा कराकर दुर्घटनाओं को दावत दे रहे हैं। यहां किसी भी वक्त बड़ा हादसा हो सकता है।

दुकानों के सामने ट्रक के खड़ा होने से दुकानदार भी परेशान है। गत 23 मई की रात एक ट्रक कबरई से गिट्टी लादकर कानपुर जा रहा था। बस स्टैंड में यह अनियंत्रित होकर विद्युत पोल तोड़ता हुआ दुकानों के सामने पलट गया था। 24 मई को करीब 11:00 बजे ट्रक को सीधा करते समय आग लग गई थी। इसमें ट्रक जलकर खाक हो गया था। इसके बाद जले हुए ट्रक को सीधा कराकर बस स्टाप में हाईवे के ऊपर खड़ा कर दिया गया था। तब से यह ट्रक बस स्टाप में हाईवे पर ही खड़ा होकर हादसे को न्योता दे रहा है। यहां किसी भी वक्त बड़ा हादसा हो सकता है। दुकानों के सामने जला ट्रक खड़ा होने से दुकानदार भी परेशान है। खादी आश्रम के संचालक शिवशंकर सचान, पुष्पांजलि मेडिकल स्टोर के संचालक राजकिशोर प्रजापति, जूस सेंटर के मनीष साहू, सिकंदर चौरसिया, सुरेश श्रीवास, अमरनाथ साहू, नरेश मिश्रा आदि ने बताया कि उनका कारोबार प्रभावित हो रहा है। हाईवे के पेट्रोलिंग अफसर ललित सिंह ने बताया कि मामला पुलिस केस का है अगर पुलिस मौके पर रहकर सहयोग करें तो जले हुए ट्रक को तत्काल हटा दिया जाएगा।

# बकरीद पर्व को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

एसपी सिटी अभय नाथ त्रिपाठी ने बलरई थाना परिसर में क्षेत्र के ग्राम पंचायत प्रधानों एवं संभ्रांत व्यक्तियों के साथ पीस कमेटी की बैठक कर आगामी बकरीद का पर्व पर शांति और सौहार्द बनाए रखने का आह्वान किया।

बैठक में उपस्थित गणमान्य तथा संभ्रांत व्यक्तियों से अपील की गई कि वह आगामी त्यौहार के दौरान शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखें। बलरई थाना परिसर में ईद के त्यौहार के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। क्षेत्र के ग्राम पंचायत प्रधानों एवं संभ्रांत तथा गणमान्य व्यक्तियों ने शामिल होकर अपने सुझाव पुलिस अधिकारियों के सम्मुख रखे। एसपी सिटी अभय नाथ त्रिपाठी ने कहा कि शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखें। किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान नहीं दें तथा अराजकता एवं अफवाह फैलाने तथा भ्रामक खबर देने वालों की सूचना पुलिस और प्रशासन को दें ताकि त्वरित कार्यवाही कर दुष्प्रचार करने वाले को दबोचा जा सके। सभी प्रधान अपने अपने गाँव में ऐसे अराजक लोगों पर नजर रखें।

पुलिस अधिकारियों ने आम जनमानस का भी आह्वान किया कि वह सौहार्दपूर्ण वातावरण का माहौल बनाए रखने में पुलिस एवं प्रशासन को अपना हर संभव सहयोग करें। इस मौके पर सीओ विवेक जावला व थानाध्यक्ष अमित मिश्रा उपनिरीक्षक संजय कुमार व अन्य पुलिस कर्मी भी मौजूद रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर हुए कार्यक्रम

**चरखारी महोबा, समृद्धि न्यूज।**




बुधवार को चरखारी ब्लॉक के ग्राम गुढ़ा के ग्राम प्रवास एवं ज्ञान संसाधन केंद्र में अंतराष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमे बाल किशोर न्यायलय से कल्पना सोनी जी ग्राम प्रधान छन्नू लाल जी और रोजगार सेवक, आशाएं, आगनवाड़ी, समूह सखी, सहित 23 बच्चों, 22 महिलाओं और 10 पुरुषों सहित कुल 55 लोगों ने भागीदारी की। कार्यक्रम में सबसे पहले उपस्थित लोगो का फूल मालाओं से सम्मान किया गया। इसके बाद जिला समन्वयक राहुल जी ने बच्चों के अधिकारों और बाल श्रम निषेध दिवस के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बाल श्रम से जुड़े जोखिमों पर चर्चा की। कल्पना सोनी जी ने महिला कल्याण विभाग से संचालित होने वाली योजनाओं के बारे जानकारी देते हुए बच्चों को देश का भविष्य बताते हुए उनकी शिक्षा को लेकर विस्तृत जानकारी दी। और बच्चों के द्वारा चित्रकला की गतिविधि करवाई गई। कार्यक्रम में जनसाहस संस्था से जनसाथी अमर कांत जी, जिला समन्वयक राहुल जी, जनसाथी फैसीलिटेटर कमलेश कुमार, रिसोर्स सेंटर फैसीलीटेयर तनवीर अहसन और फील्ड ऑफिसर ममता जी ने भागीदारी की। अंत में कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को मिष्ठान वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# बीडीओ के कार्यमुक्त होते ही अधिकारी-कर्मचारी बेलगाम

**भेरुआ सुमेरपुर।** खंड विकास अधिकारी के कार्य मुक्त होने से विकासखंड कार्यालय में तैनात कर्मचारी अधिकारी बेलगाम हो गए हैं। फरियादी दिनभर शिकायतों के निस्तारण के लिए ब्लॉक कार्यालय के चक्कर काटकर बैरंग लौट रहे हैं। बुधवार को ब्लॉक कार्यालय शिकायत लेकर आए अशोक कुमार, राकेश कुमार, जयप्रकाश आदि ने बताया कि वह खंड विकास अधिकारी के पास शिकायत लेकर आए थे। लेकिन खंड विकास अधिकारी के न होने से शिकायत का समाधान नहीं हुआ है। बुधवार को 12:00 बजे दिन तक विकासखंड कार्यालय से सभी जिम्मेदार एडीओ भी नहीं थे। इस वजह से शिकायतकर्ताओं की शिकायत का भी समाधान नहीं हो सका था। प्रभारी एडीओ पंचायत मनीष कौशिक ने बताया कि वह जिला मुख्यालय मीटिंग में सुबह 10:00 बजे चले आए थे।

# हत्यारोपी गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी और फावड़ा बरामद




**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना सहसों पुलिस ने हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुये आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी की निशांदेही पर घटना मे प्रयुक्त आलाकत्ल कुल्हाडी, फावडा व मृतक का मोबाइल फोन बरामद किया।

वादी रविन्द्र पुत्र सोनवीर सिंह निवासी ग्राम प्रतापपुरा सहसो इटावा द्वारा थाना सहसों पर सूचना दी गयी कि वादी का भाई अरविन्द पुत्र सोनवीर सिंह उम्र 55 वर्ष घर से हनुमन्तपुरा चौराहे के लिये कहकर गये थे परन्तु लौटकर वापस नही आये। काफी तलाश किया गया परन्तु कोई जानकारी प्राप्त नही हुयी। सूचना पर कार्यवाही करते हुये थाना सहसों पर गुमशुदगी दर्ज कर सहसों पुलिस टीम अरविन्द पुत्र सोनवीर की तलाश हेतु निरंतर प्रयासरत थी। प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर थाना सहसों पुलिस द्वारा चंबल नदी के किनारे दिलीप सिंह उर्फ प्रेम सिंह के खेत से एक शव को खुदवाकर निकलवाया गया। उच्चाधिकारियों एव फील्ड युनिट द्वारा तत्काल घटना स्थल का निरीक्षण किया गया तथा परिजनों द्वारा शव की पहचान अरविन्द पुत्र सोनवीर निवासी ग्राम प्रतापपुरा, सहसो, इटावा के रुप मे की गयी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन मे घटना के शीघ्र अनावरण हेतु थाना सहसों से पुलिस टीमों का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा साक्ष्य संकलन एवं गहनता से पूछताछ के आधार पर आरोपी दिलीप सिंह उर्फ प्रेम सिंह पुत्र जयराम सिंह का नाम प्रकाश मे आया जिसकी गिरफ्तारी के लिये पुलिस टीम निरंतर प्रयासरत थी। इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि अभियुक्त दिलीप सिंह उर्फ प्रेम सिंह सहसो से चकरनगर की ओर आ रहा है । सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये कार्यवाही करते हुये थाना सहसो पुलिस टीम दिलीप सिंह उर्फ प्रेम सिंह पुत्र जयराम सिंह राजपूत निवासी सहसों को चंबल नदी के पास से मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार किया गया।

# सब रजिस्ट्रार कार्यालय से वकील की बाइक चोरी

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

सब रजिस्ट्रार कार्यालय के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो जाने पर एक वकील ने थाना कोतवाली हमीरपुर में प्राथमिकी दर्ज करने की तहरीर दी है मुहल्ला रमेड़ी, हमीरपुर के निवासी श्याम सुन्दर एडवोकेट ने पुलिस को तहरीर देकर अवगत कराया है कि वह 10 जून को दोपहर को 11.30 बजे मोटरसाईकिल सुपर स्पलेण्डर लाल रंग गाड़ी सं0- यू0पी0- 91 सी- 6656 द्वारा सब रजिस्ट्रार कार्यालय हमीरपुर गया हुआ था तथा मोटरसाईकिल वहीं कार्यालय के गेट पर खड़ी कर दी थी। 15 मिनट बाद जब वापस आया तो देखा कि उसकी मोटरसाईकिल वहां पर नही थी। बहुत पूंछताछ करने पर कोई जानकारी नही हो पा रही है। उक्त गाड़ी में उसके भाई रामबाबू प्रजापति की पत्नी संजू का आधार कार्ड, पेन कार्ड, स्टेट बैंक की पासबुक खाता नं0- 30178234750 और रामबाबू की सोसाइटी इंगोहटा, बैंक सुमेरपुर की पासबुक और चेक बुक रखी थी। पीड़ित ने प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है।

# विद्युत विभाग की उदासीनता के चलते नहीं हुआ कनेक्शन




▶ कस्बेवासी पिछले दो दिनों से नगर पंचायत के टैंकरों से आपूर्ति कराकर प्यास बुझाने को मजबूर

**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।**

विद्युत विभाग की उदासीनता के चलते कस्बे के इमिलिया थोक के वार्ड दो में जल संस्थान द्वारा तैयार किए गए नलकूप में कनेक्शन न होने से लोग भीषण गर्मी में एक-एक बूंद पानी को तरस रहे हैं।

पिछले दो दिनों से नगर पंचायत टैंकरों से आपूर्ति कराकर लोगों की प्यास बुझाने का कार्य कर रहा है। कस्बे के इमिलिया थोक निवासी छोटी, छंगा, विजय कुमार, श्रीराम, मुकेश, अनिल कुमार, बाबू कुटार, कमलेश कुमार आदि ने बताया कि नगर पंचायत की धनराशि से जल संस्थान ने जलापूर्ति के लिए नए नलकूप बनाकर तैयार करा दिया है। इसमें विद्युत कनेक्शन होना है। विद्युत विभाग ने एक पखवाड़ा पूर्व नलकूप कनेक्शन के लिए विद्युत पोल, तार ट्रांसफार्मर आदि पहुंचा दिया था लेकिन कनेक्शन आज तक नहीं दिया है।

इससे जलापूर्ति नहीं हो रही है। पिछले दो दिनों से नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे धीरु समस्या को देखकर टैंकरों से जलापूर्ति करा रहे हैं। इससे कुछ राहत है। अवर अभियंता अनिल कुमार ने बताया कि 2 दिन के अंदर कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

# मानसूनी बारिश को लेकर मंडलायुक्त ने अधिकारियों संग किया मंथन

- बैठक में शहरी क्षेत्रों में स्थित नाले/नालियों के साफ सफाई की अद्यतन स्थित व अन्य प्रमुख स्थलों की ड्रेनेज व्यवस्था पर हुई चर्चा




**अयोध्या। समृद्धि न्यूज**

**मंडलायुक्त गौरव** दयाल की अध्यक्षता में मानसूनी बारिश के पूर्व शहरी क्षेत्र में स्थित नाले/नालियों के साफ सफाई के अद्यतन स्थित एवं अन्य प्रमुख स्थलों की ड्रेनेज व्यवस्था के संबंध में एक आवश्यक बैठक आयुक्त कार्यालय में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आयोजित की गई।बैठक में मंडलायुक्त ने कहा कि जितने भी मार्गो का निर्माण कार्य पिछले एक साल के अंदर किया गया है,उन सभी मार्गो की ड्रेनेज व्यवस्था का निरीक्षण बारिश के पूर्व एक बार सभी संबंधित अधिकारी कर ले जिससे कि बारिश के दौरान मलवा आदि से ड्रेनेज ब्लॉक न होने पाए।साथ ही जितने भी मार्गो यथा पंचकोसी व चौदहकोसी सहित अन्य का निर्माण कार्य चल रहा उनमे निकलने वाले मलबे को तत्काल उठाने की निरंतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।उन्होंने पी.डब्लू.डी के अधीक्षण अभियंता को निर्देशित किया कि किसी भी मार्ग के निर्माण के दौरान उसमे पूर्व से मौजूद नाले/नालियों को बिना जिलाधिकारी की अनुमति के न तोड़ा जाए अगर बिना पूर्व अनुमति के इन नाले/नालियों को तोड़ा जाता है तो सम्बन्धित अधिशाषी अभियंता का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए कार्यवाही की जायेगी।उन्होंने नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा से शहर के प्रमुख नालो की सफाई के अद्यतन स्थित की जानकारी प्राप्त की नगर आयुक्त द्वारा अवगत कराया गया कि शहर में कुल छोटे बड़े 72 नालों को बारिश के पूर्व सफाई के लिए चिन्हित किया गया है,जिसमे से 54 नालों की सफाई पूर्ण हो चुकी है,शेष की गतिमान है।उन्होंने उपाध्यक्ष अयोध्या विकास प्राधिकरण अश्विनी कुमार पांडेय से कहा कि अयोध्या में श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु बनाये गए फैसिलिटी सेंटर यथा पार्किंग स्थलों विभिन्न कुंडों सहित अन्य प्रमुख स्थलों की ड्रेनेज व्यवस्था का सर्वे करवा लें।यदि कोई समस्या हो तो उसका निराकरण बारिश से पूर्व करवाना सुनिश्चित किया जाय।बैठक में उपाध्यक्ष अयोध्या विकास प्राधिकरण अश्विनी कुमार पांडेय,नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा,अपर जिलाधिकारी (वि/रा) महेंद्र कुमार सिंह,पी.डब्लू.डी के अधीक्षण अभियंता,अधिशासी अभियंता सहित अन्य संबधित उपस्थित रहे।

# जयंत चौधरी के मंत्री बनने पर रालोद कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई

**अयोध्या। समृद्धि न्यूज**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी की नवगठित सरकार में राष्ट्रीय लोक दल सुप्रीमो चौधरी जयंत सिंह को भारत सरकार में केंद्रीय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बनाए जाने पर राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय सचिव विजय श्रीवास्तव व अयोध्या मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न तिवारी के संयुक्त नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने ग्राम नैयपारा बिकापुर तहसील में जोरदार तरीके से अपनी खुशी का इजहार किया।पार्टी कार्यकर्ताओं ने ढोल और नगाड़ा के साथ अबीर गुलाल उड़ाकर जश्न मनाया तथा एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर अपनी खुशी को साझा किया।इस मौके पर राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय सचिव श्री श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय लोक दल सुप्रीमो श्री चौधरी को मंत्री बनाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।श्री श्रीवास्तव ने कहा कि इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नवगठित एनडीए सरकार देश का चहुमुखी विकास और तेजी से करेगी।उन्होंने कहा कि श्री सिंह के मंत्री बनने से किसानों,कमेरा, नौजवान,पिछड़े और दलित समाज की आवाज बुलंद हुई है और नई सरकार में किसानों की आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अयोध्या मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न तिवारी,जिला उपाध्यक्ष बृजेश दुबे,विधानसभा अध्यक्ष गोसाईगंज रामजी यादव,रालोद नेता शिवरतन वर्मा तथा बड़ी संख्या में रालोद कार्यकर्ता व ग्राम वासी मौजूद रहे।



## खबरें एक नजर में

### अतिक्रमण रूपी समस्या के निजात हेतु सड़कों पर हो डिवाईडर का निर्माण

**जालौन (उरई)।** नगर में अतिक्रमण की समस्या लाइलाज हो गई है। बाजार व सड़कों के दोनों ओर बढ़ते अतिक्रमण के चलते जाम की समस्या उत्पन्न हो गई है। जाम की समस्या से निजात पाने के लिए सड़कों पर डिवाइडर बनाए जाने की मांग नगरवासियों ने जिलाधिकारी से की है। नगर में अतिक्रमण की समस्या खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। नगर का मुख्य बाजार व मुख्य सड़कों के साथ फुटपाथ अतिक्रमण के चपेट में है। अतिक्रमण के चलते जहां विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है। अतिक्रमण का प्रमुख कारण दुकानों के बाहर दुकानदारों द्वारा सामान लगाया जाना और खाली स्थान पर अतिक्रमण किया जाना है। हालांकि समय समय पर प्रशासन द्वारा अभियान चलाकर अतिक्रमण को हटवाया जाता है। लेकिन अभियान के समाप्त होते ही स्थिति जस की तस हो जाती है। दुकानों के सामने खड़े वाहन स्थिति को और भी बदतर बना देते हैं। लेकिन नगर को जाम की समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए अभी तक कोई स्थाई प्रयास नहीं हुए हैं। सबसे अधिक समस्या तहसील रोड पर पानी की टंकी के पास होती है। टंकी के आसपास जहां ठेले ठिलिया वाले खड़े हो जाते हैं। वहीं से वाहनों को भी मुड़ना होता है। ऐसे में जाम की स्थिति बन जाती है। यही हाल सब्जी मंडी के पास भी है। लोगों की भीड़भाड़ और वाहन खड़े होकर सब्जी लेने के चलते अक्सर जाम लग जाता है। नगर के दिलीप कुमार कक्कू, रहीस नाना, अभिलाष तिवारी आदि ने डीएम से मांग करते हुए कहा कि नगर में अतिक्रमण की समस्या से बचाव के लिए सड़क के बीच में डिवाइडर बनवा दिए जाएं। डिवाइडर लगाए जाने से जहां ट्रैफिक अपनी साइड में ही रहेगा। वहीं, राहगीरों और वाहन चालकों को भी मुसीबत का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### मिट्टी के अवैध कारोबार करने वालों की किसान ने की पुलिस से शिकायत

**जालौन (उरई)।** मिट्टी का अवैध करोबार करने वालों पर किसान ने खेत से ट्रैक्टर निकालने से मना करने पर गाली, गलौज व मारपीट करने आरोप लगाया। साथ ही आइंदा मना करने पर तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी का भी आरोप लगाया। पीड़ित किसान ने मामले की तहरीर छिरिया मलकपुरा चौकी में दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सालाबाद निवासी सुरेंद्र कुशवाहा ने छिरिया मलकपुरा चौकी में तहरीर देकर बताया कि उन्हें अपने खेत में पानी लगाना है। तीन दिन से वह पानी लगाने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन रात के समय मिट्टी के अवैध खनन में लगे ट्रैक्टर उनके खेत से निकलते हैं। जिसके चलते वह अपने खेत में पानी नहीं लगा पा रहे हैं। बुधवार की रात करीब साढ़े 11 बजे जब वह पानी लगाने के लिए खेत पर पहुंचा तो देखा कि मिट्टी से लदे हुए ट्रैक्टर उनके खेत से निकल रहे हैं। जब उसने खेत से ट्रैक्टर निकालने से मना किया तो मिट्टी के कारोबार में लगे करीब 10-12 लोग वहां आ गए और उसके साथ गाली, गलौज व मारपीट करने लगे। इतना ही नहीं आइंदा मना करने अथवा शिकायत करने पर तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी भी दे डाली।

### रात के अधेरे में अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी टक्कर, बाइक सवार युवक की मौत

**दुद्धी सोनभद्र।** विंढमगंज थाना क्षेत्र के जोरूखाड़ गांव में एक अज्ञात वाहन के टक्कर से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई ।वहीं अज्ञात वाहन घटना को अंजाम देकर मौके से फरार हो गया। प्राप्त जानकारी अनुसार मंगलवार की रात्रि करीब 10 बजे पीपरखाड़ थाना कोन निवासी रंजन पासवान 26 पुत्र अशोक दुद्धी के तरफ से बाइक से अपने घर पीपरखाड जा रहा था की जोरूखाड गांव में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी ।जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई ।मृतक युवक तेंदू पत्ता में कार्य करता था ।उधर ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु दुद्धी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया । पुलिस अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन में जुट गई है ।घटना की सूचना पुलिस के द्वारा परिजनों को दे दिया गया है।

### कपड़े धोने के विवाद में पति ने की पत्नी से मारपीट

**जालौन (उरई)।** कपड़े धोने को लेकर हुए विवाद में पति ने पत्नी के साथ गाली, गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हरदोई राजा निवासी आरती देवी ने पुलिस को बताया कि उनके पति सुरजीत आए दिन उसे परेशान करते रहते हैं। छोटी मोटी बात को लेकर मारपीट कर देते हैं। जिसके चलते वह मानसिक रूप से परेशान है। पीड़िता ने बताया कि बुधवार की सुबह पति उस पर कपड़े धोने का दबाव बनाने लगे।

# विहिप एवं जय बजरंग दल ने आतंकवाद का पुतला फूंक एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

**दुद्धी/सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**

**विश्व हिंदू** परिषद एवम बजरंग दल जिला इकाई रेणुकूट प्रखंड दुद्धी के नेतृत्व में बुधवार करीब 11 बजे के बाद महामहिम राष्ट्रपति महोदया के नाम उपजिलाधिकारी सुरेश राय को ज्ञापन सौंपा।इससे पूर्व संकट मोचन मंदिर पर सभी हिंदू संगठनों के लोग एकत्रित होकर नारेबाजी करते हुए पैदल तहसील तिराहे पर पहुँच कर आतंकवाद का प्रतिकात्मक पुतला दहन किया। ज्ञापन के माध्यम से बताया कि जम्मू कश्मीर में वैष्णों देवी कटरा से शिव खोडी जाते समय 9 जून को हिन्दू श्रद्?धालु?ओं की बस पर क्रूर पाकिस्तान पोषित इस्लामिक जेहादी आतंकवादियों का कायराना हमला किया जिसमें 10. निर्दोष हिन्दू तीर्थयात्री मरने से संपूर्ण देशवासियों को स्तब्ध करने वाली घटना है द्य इस क्रूरतम दुष्कृत्य से पूरा देश आहत है और तीव आक्रोश जम्मू काश्मीर लंबे समय से पाकिस्तान पोषित आतंकवाद का दंश झेल रहा है। धारा 370 हटने के बाद एक आशा की ज्योति जगी है। लेकिन लगता है उग्रवादियों का मनोबल अभी कम नहीं हुआ है। हिंदुओं को चिन्हित करके उनकी हत्या की घटनाएं बढ़ी हैं इन सब के पीछे स्पष्ट रूप से पाकिस्तान का हाथ है। देश के नई सरकार के शपथ के समय इस प्रकार का दुस्साहसिक कृत्य करके इस्लामी आतंकवादियों ने देश के संप्रभुता को चुनौती दी है। बजरंग दल इस कायराना कृत्य की तीव्र निंदा करते हुए आपसे निवेदन करता है। इस प्रकार की गतिविधियों पर पूर्ण नियंत्रण पाने के लिए निर्णायक और कठोर कदम उठाने का केंद्र सरकार को निर्देश दें तथा इस प्रकार के तत्वों को सरंक्षण देने वाले आ आंतरिक व विदेशी तत्वों का भी कठोरता से समुचित इलाज हो ऐसा केन्द्र सरकार से सुनिश्चित कराने का आग्रह करें।जम्मू कश्मीर में धार्मिक यात्रा पर निकले हिन्दू श्र?द्धालुओं पर माता वैष्णों देवी कटरा से शिव खोडी दर्शन को जाते समय 9 जून को इस्लामिक जेहादी पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों ने घात लगाकर शिव खोडी के निकट बस के ऊपर अंधाधुंध गोलीबारी कर बस चालक सहित 10 तीर्थ यात्रियों की हत्या करदी। जिससे देशभर में भारी आक्रोश व्याप्त है।इस दौरान मासूमों के हत्यारो को फांसी दो फांसी दो और आतंकवाद के के नारे लगाए गए।इस दौरान मिलिंद परांडे केंद्रीय संगठन महामंत्री विहिप, नीरज दौनेरिया राष्ट्रीय संयोजक बजरंग दल, राकेश श्रीवास्तव, आलोक जायसवाल, संदीप गुप्ता, सुरेंद्र अग्रहरि, मनीष जायसवाल, अनुराग त्रिपाठी, सोनू जायसवाल, राहुल अग्रहरि, सत्यम किशोर, प्रियांशु अग्रहरि, पीयूष कसेरा,आदि उपस्थित रहे।इस दौरान स्थानीय पुलिस उपस्थित रहे।




# जनता को महगाई के मुह मे ढकेलना चाहती है भाजपा सरकार: प्रमोद यादव

**सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**




घरेलू बिजली कनेक्शन 44 फीसदी महंगा किए जाने के प्रस्ताव के विरोध मे समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने आरटीएस चौक पर प्रदेश सरकार के विरोध मे प्रदर्शन किया। समाजवादी पार्टी के जिला सचिव प्रमोद यादव ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार आपने 7 साल के कार्यकाल में प्रदेश की जनता को महंगाई के आड़ मे झोखने का काम किया प्रदेश में नया बिजली कनेक्शन लेना घरेलू उपभोक्ता के लिए कही 44 फीसदी और उद्योगों के लिए 50 से 100 फीसदी तक महंगा होने का प्रस्ताव लाया गया है समाजवादी पार्टी के कार्यकार्त इसका विरोध करते हैं अगर प्रस्ताव वापस नहि लिया जाता तो आंदोलन के लिए बाध्य होंगे पूर्व नगर सचिव मनिष त्रिपाठी ने कहा कि बीपीएल उपभोक्ता भी इससे प्रभावित होंगे 2किलो वॉट तक कानेकसन पर 150 रुपए से बढ़ाकर 564 कर दीया है यैसे में बीपीएल और छोट घरेलू कनेक्शन लेने वालो को भी करीब 44 फीसदी अधिक भुक्तान करना होगा पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला सचिव मुन्ना कुशवाहा ने कहा कि लगातार भाजपा सरकार महंगाई बढ़ाने का काम कर रही है जिससे आम जनता में भारी आक्रोश है प्रदर्शन में मुख्य रूप से गोपाल गुप्ता, जुनेद अंसारी, रमाशंकर, हिफाजत अली, मोहन पटेल, निरंजन भारती, आदि मौजूद रहे।

# 14 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म,आरोपी गिरफ्तार



**दुद्धी सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**

**कोतवाली** क्षेत्र के एक गांव में एक 14 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है ,पुलिस ने पीड़िता की मां की तहरीर पर आरोपी युवक के खिलाफ मुश अ श संख्या 90/24 आईपीसी की धारा 376(3) ,323,506, 3/4(2) पॉस्को एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया था। आज बुधवार को आरोपी को दबिश देकर गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता के माँ के द्वारा दिये तहरीर के मुताबिक सोमवार की दोपहर उसकी 14 वर्षीय बेटी को घर में अकेली पाकर गुलालझरिया निवासी 21 वर्षीय जय कुमार अग्रहरी पुत्र स्वश संजय कुमार दुष्कर्म किया और किसी को ना बताने की धमकी देकर वहां से फरार हो गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने प्रकरण में आरोपी युवक के खिलाफ सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया। गिरफ्तारी टीम में उनके साथ हेड कांस्टेबल सर्वेश कुमार व कांस्टेबल ओमप्रकाश यादव मौजूद रहें।

# सदगुरू आश्रम के तलघर का ताला तोड़ चोर चुरा ले गये जेवरात,नकदी

- पुजारी की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा
- सीओ, कोतवाल ने रात्रि में ही आश्रम पहुंचकर की छानबीन

**कालपी (जालौन)। समृद्धि न्यूज**

**मंगलवार** रात इटौरा रोड स्थित सदगुरू आश्रम से देव प्रतिमाओं के आभूषण गायब हो गए। पुलिस ने पुजारी की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। विदित हो कि कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत कांशीरामपुर से इटौरा जाने वाले रोड पर बरदौली गांव के पास काफी पुराना सदगुरू नामक धार्मिक स्थल है जहां पर साधु संतों का डेरा रहता तो बड़ी संख्या में आस्थावानों का भी आना जाना लगा रहता है। इस समय उक्त आश्रम की कमान लखनशरण दास के पास है जो पास स्थित लुहरगांव के रहने वाले हैं। मंगलवार शाम वह अपने साथी साधु अतशरण के साथ निवाड़ी गांव में आयोजित त्रियोदशी भोज में शामिल होने गये थे और जब वह रात लगभग 10 बजे लौटे तो आश्रम के कमरों में रखी अलमारी का ताला टूटा था और मौजूद साधु आश्रम के तलघर में बंद है जिन्हें महन्त ने बाहर निकाला तो पता चला कि अज्ञात लोग मुंह बांधकर आये थे और आरती के दौरान मंदिर में आ धमके थे जिसपर उन्हें मना किया तो उन्होंने मारपीट कर उन्हें तलघर में बन्द कर दिया था और देव प्रतिमाओं के गहनों के साथ 40 हजार की नगदी भी ले गए थे। इस मामले की जानकारी महंत ने पुलिस को दी थी। सूचना को संज्ञान में लेकर रात में ही मौके पर पहुंचे सीओ डा. देवेन्द्र पचौरी तथा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेन्द्र पाठक ने मौके का निरीक्षण किया और पुजारी लखनशरण की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। सीओ के अनुसार साधु संतों की मौजूदगी में गहनों की चोरी होना और उनकी कहानी में कई पेंच है हालाकि पुलिस ने मामला दर्ज कर की जांच शुरू कर दी है। जिसमें कुछ लोग शक के दायरे में आए है उन्हें निशाने पर लिया गया है और शीघ्र ही इस घटना का खुलासा किया जाएगा। वही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक इस घटना में पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे हैं शीघ्र ही चोरी की घटना का खुलासा होगा। वही सूत्रों की माने तो पुलिस ने इस घटना को चुनौती के रूप में लिया है जिसके चलते मामले का खुलासा करने के लिए कोतवाली पुलिस के साथ एसओजी को भी जिम्मेदारी मिली है।


## सूचना

मेरे आर्मी अभिलेखों में मेरी पुत्री का नाम त्रुटिवश गुंजन (GUNJAN) अंकित हो गया है, जबकि सही व वास्तविक नाम कुमारी गुंजन (KUMARI GUNJAN) है,जो आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में अंकित है। जिसे मेरे आर्मी रिकार्ड में दर्ज किया जाये।

**JC-482124M राजपूत रेजीमेंट सेन्टर, डिपो फतेहगढ़, सूबेदार ऋषिपाल कुमार पुत्र नलवीर सिंह निवासी ग्राम व पोस्ट खेड़ा, तहसील-सरधना, जिला-मेरठ**

## सूचना

मैं No 3006658Y HAV JITENDRA PRATAP SINGH R/O Vill - Bheliya, Block - Chhatoh, Tehsil - Salon, Distt Raebareli (UP) घोषणा करता हूं कि मेरे सेवा अभिलेखों मेरी माता का नाम ASHA SINGH व जन्म तिथि 01.07.1964 गलत दर्ज है। उसका वास्तविक नाम आधार कार्ड के अनुसार ASHA DEVI व जन्म तिथि 01.01.1964 है जिसे दर्ज किया जाए।


# शहरी क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था में गड़बड़ी पाये जाने पर होगी कार्रवाई

**उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज**



**जिलाधिकारी** राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नगरीय निकायों में पेयजल, सफाई, ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन, प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छ भारत मिशन एवं तालाबों के सौंदर्यीकरण के कार्यो की समीक्षा बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने समस्त अधिशाषी अधिकारियों को निर्देशित किया कि पेयजल व्यवस्था पहली प्राथमिकता रहे, किसी भी वार्ड में पेयजल से संबंधित समस्या न होने पाये इसके लिये पर्याप्त इंतजाम किये जाये, वार्डो में पेयजल की समुचित व्यवस्था न मिलने पर संबंधित अधिकारी के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित कराये जाने हेतु हैण्डपम्प, ट्यूबवेल सुचारू रूप से संचालित रहे, जिससे पेयजल की समस्या का सामना करना पड़े। नगरीय निकायों में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन एवं सफाई व्यवस्था समस्त वार्डो में सुनिश्चित करायी जाये। उन्होंने निर्देशित किया कि समस्त अधिशाषी अधिकारी नियमित रूप से कूड़ा कलेक्शन की मानीटरिंग करें, और स्वयं मौजूद रहकर अभियान के तहत नगर में प्रतिदिन सुबह और शाम सफाई एवं शौचालय पार्क, बाजार आदि में नियमित साफ-सफाई करायी जाये। उन्होंने कहा कि मानूसन से पूर्व तैयारियों के तहत नगर क्षेत्रों के सभी नाले एवं नालियों की साफ-सफाई 20 जून 2024 तक सुनिश्चित कराया जाये। उन्होने समस्त अधिशाषी अधिकारियों को निर्देशित किया कि बारिश आने से पहले ही नाला, सीवर की साफ-सफाई हेतु कार्ययोजना बनाये, अधिशाषी अधिकारी व सफाई निरीक्षक की जिम्मेदारी तय की जाये, अभी तक जो नाले साफ किये गये है उनकी जांच समिति गठित कर सत्यापन कराया जाये। नगरीय निकायों में साफ-सफाई व नाला, नालियों व सीवर की सफाई व्यवस्था में कोताही मिलने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। उन्होंने कहा कि समस्त नगरीय निकायों में प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित रहे किसी भी स्थान पर अनावश्यक लाईट जलती हुयी न पायी जाये, खराब एलईडी स्ट्रीट लाईटों की मरम्मत कराकर सही कराया जाये जिससे प्रकाश की व्यवस्था सुचारू रूप से बनी रहे। उन्होंने नगरीय निकायों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की स्थिति की समीक्षा करते हुये कहा कि एमआरएफ सेन्टर, सालिड वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट पर प्राप्त सूखे व गीले कूड़े का निस्तारण क्षमता से कम प्रोसेसिंग किया जा रहा है और एमआरएफ सेन्टर, वेट वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट अक्रियाशील व निर्माणाधीन है जिसे जल्द ही क्रियाशील करने हेतु निर्देशित किया साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि प्राप्त सूखे व गीले कूड़े का निस्तारण प्लांट की क्षमता की अनुसार प्रोसेसिंग किया जाये इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाये। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा करते हुये कहा कि सामुदायिक, सर्वाजनिक, पिंक शौचालयों एवं यूरिनल के कार्यो में प्रगति लाये साथ ही निर्माण कार्यो में गुणवत्तापूर्ण कराये। उन्होंने निर्देशित किया कि नगरीय निकायों में अमृत योजना 2.0 के अन्तर्गत मुरल मनोहर पक्का तालाब, रामकुण्ड तालाब, माहिल तालाब, धनु तालाब, सदर तालाब, बख्शी तालाब आदि का सौंदर्यीकरण का कार्य तेजी से कराया जाये। उन्होंने निर्देशित किया कि नगरीय निकायों में प्रतिबन्धित सिंगल यूज प्लास्टिक को अभियान चलाकर जुर्माना, जब्तीकरण आदि कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विशाल यादव, उप जिलाधिकारी कालपी हेमन्त पटेल, उप जिलाधिकारी माधौगढ़ विश्वेश्वर सिंह, नगर पालिका व नगर पंचायत के चेयरमेन व प्रतिनिधि सहित संबंधित अधिशाषी अधिकारी मौजूद रहे।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, चित्रकूटधाम मंडल, जल संस्थान, हमीरपुर

पत्रांकः / / दिनांकः..............

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु वाणिज्यकर विभाग में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों / प्लम्बरों, से मुहरबन्द अल्पकालीन निविदायें दिनांक 19-06-2024 को सांय 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिन सायं 15.30 बजे अधोहस्ताक्षरी / प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। अल्पकालीन निविदा नकद धनराशि जमा कर दिनांक 12-06-2024 से 14.00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता, कार्यालय हमीरपुर से प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र के साथ धरोहर धनराशि निम्नानुसार की F.D.R. /C.D.R./ N.S.C. जो अधिशासी अभियन्ता, चित्रकूटधाम मण्डल जल संस्थान, शाखा- हमीरपुर के नाम बंधक होगी, संलग्न करना होगा। बिना धरोहर धनराशि निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा। शेष शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित धनराशि (रु. लाख में) | धरोहर धनराशि 2% (रु.) | टेण्डर धनराशि (रु.) | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हमीरपुर जलकल कैम्पस स्थित आवास टाइप-2 सहायक अभियन्ता आवास की मरम्मत एवं रंगाई पुताई का कार्य | 2.524 | 5048.00 | 500.00 | 20 दिन |
| 2 | शेखूपुर पेयजल योजनान्तर्गत ग्राम शेखूपुर में नलकूप से बाया हनुमान मन्दिर ग्राम की ओर नाई की दुकान तक पाइप लाइन विस्तार एवं इण्टरकनेक्शन का कार्य मय लेवर टी एण्ड पी सहित | 1.945 | 3889.00 | 500.00 | 20 दिन |
| 3 | मौदहा नगर के निजामीपुरा में डॉ हामिद हॉस्पिटल से सूबेदार की मस्जिद तक 110 एम0एम0 पी0वी0सी0 पाइप लाइन विस्तार का कार्य मय लेवर टी एण्ड पी सहित | 2.336 | 4672.00 | 500.00 | 20 दिन |
| 4 | राठ नगरीय पेयजल योजनान्तर्गत बड़ेपीर बाबा की माजार से तिरूपति पैलेस तक राइजिंगमेन पाइप लाइन का विस्तार कार्य | 3.105 | 6209.00 | 500.00 | 20 दिन |
| 5 | राठ नगर में हैण्डपम्प मरम्मत हेतु सामग्री आपूर्ति का कार्य | 5.334 | 10668.00 | 1000.00 | 10 दिन |

**अधिशासी अभियन्ता**
**जल संस्थान, हमीरपुर**

# अधिकारी जल्द ठीक करें बिजली के फाल्ट: असीम अरुण

- मंत्री असीम अरुण ने जर्जर हो चुकी विधुत तलाइनों और ट्रांसफार्मर को जल्द से जल्द बदले जाने के दिए निर्देश
- नहरों की सिल्ट सफाई सुनिश्चित करें ताकि टेल तक पहुचे सिंचाई का पानी
- सिंचाई के लिए सरकारी नलकूपों की मेंटीनेंस आदि का कार्य समय से पूरा करें




**कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**जिले में** बिजली व सिंचाई की व्यवस्था को विभागीय अधिकारी ससमय दुरुस्त करें ताकि आम नागरिकों के साथ किसानों को बिजली व सिंचाई का पानी समय से मिल सके। बिजली विभाग के अधिकारी किसी भी फाल्ट को निश्चित अवधि में बनाना सुनिश्चित करें। उक्त निर्देश सदर विधायक व उत्तर प्रदेश समाज कल्याण विभाग राज्य मंत्री असीम अरुण ने बुधवार को कलेक्ट्रेट में हुई समीक्षा बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। गौरतलब है कि भीषण गर्मी के मौसम में ट्रांसफार्मर और बिजली के तारों के जलने की शिकायतें नागरिकों द्वारा लगातार की जा रही है। नागरिकों की शिकायत और समस्याओं को देखते हुए मंत्री असीम अरुण ने बुधवार को जिला प्रशासन और बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बिजली विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बिजली सुधार के लिए मुख्यमंत्री द्वारा स्वीकृत की गयी 120 करोड़ की धनराशि से विभिन्न कार्य कराये जा रहे हैं। गर्मी में बिजली की समस्या को दूर करने के लिए कुछ नए ट्रांसफार्मर लगाये गए और कई पुराने ट्रांसफार्मर की क्षमता बढाई गयी है। साथ ही बिजली चोरी को रोकने और लो वोल्टेज की समस्या को दूर करने के लिए बंच केबल डाले जा रहे हैं। मन्त्री असीम अरुण ने निर्देश देते हुए कहा कि सिंचाई के लिए सरकारी नलकूपों के मेंटीनेंस आदि का कार्य समय से पूरा करें तथा नहरों की सिल्ट सफाई सुनिश्चित करें ताकि टेल तक पानी पहुंचे जिससे किसानों को सिंचाई के लिए पानी की समस्या ना रहे। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष वीरसिंह भदौरिया, छिबरामऊ विधायक अर्चना पाण्डेय, तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत एवं जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण व सभी ब्लॉक प्रमुख और नगर पंचायत अध्यक्ष मौजूद रहे।

# सैफई पहुंचे सपा नेताओं नें अखिलेश को दी जीत की शुभकामनायें

- पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ महासचिव नें भेंट किया कन्नौज का इत्र

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**लोकसभा** चुनाव 2024 में कन्नौज संसदीय सीट पर सपाध्यक्ष अखिलेश यादव को प्रचंण्ड जीत मिलनें पर सपाईयों नें सैफई स्थित आवास पर जाकर सांसद अखिलेश यादव को जीत की बधाई देते हुये कन्नौज का इत्र भेंट किया। इस दौरान अखिलेश नें कार्यकर्ताओं को मिशन 2027 की तैयारियों में जुटनें के निर्देश दिये। बुधवार को नगर के तिर्वारोड स्थित कार्यालय पर सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ महासचिव अरूण कुमार शर्मा नें जानकारी देते हुये बताया कि बीते दिन शिक्षक महासभा जिलाध्यक्ष अमित यादव, जिला महासचिव मोहित पाठक, सपा छात्र सभा नगर अध्यक्ष मनी गुप्ता, छात्र सभा प्रदेश सचिव आशुतोष तिवारी, टिल्लू यादव के साथ पूर्व मुख्यमंत्री/राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के सैफई स्थित आवास पर पहुंचकर ऐतिहासिक मतों से कन्नौज सांसद चुने जाने पर इत्र भेंट की और जीत की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इस दौरान उनके साथ कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।


सपाध्यक्ष को इत्र व बुके भेंट करते सपा नेता — समृद्धि न्यूज

# कोर्ट के फर्जी आदेशों पर 111 ग्रामीणों ने दर्ज करा ली 435 बीघा जमीन

- तिर्वा तहसील की ग्राम सभा खानपुर का मामला
- चकबंदी न्यायालय फतेहगढ़ का 16 अक्टूबर 2001 का है फर्जी आदेश
- नायब तहसीलदार तिर्वा की जांच रिपोर्ट में हुआ खुलासा

तिर्वा। समृद्धि न्यूज

तिर्वा तहसील के ग्राम पंचायत खानपुर की करीब 435 बीघा बंजर जमीन को कमिश्नरी एवं चकबंदी विभाग के फर्जी आदेशों के तहत खतौनी में इंद्राज करा लिया गया। बाद में इन खाता धारकों ने तहसीलदार को प्रार्थना पत्र देकर इस जमीन को खाता धारकों के नाम कम्प्यूटर में दर्ज कराने को आवेदन दिया। इस पर तहसीलदार ने जांच कराई, तो आदेश फर्जी पाया गया। इसपर दो लेखपालों को निलबिंत कर 111 खाता धारकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के आदेश दिए गए है। तहसीलदार अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि गत 01 जून को उनकी कोर्ट में खानपुर गांव निवासी राधा देवी पत्नी राम सिंह सहित कई ग्रामीणों ने प्रार्थना पत्र देकर चकबंदी न्यायालय फतेहगढ़ के दिनांक 16 अक्टूबर 2001 के आदेशों के तहत करीब 435 बीघा जमीन को कम्प्यूटर में दर्ज करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। उक्त प्रार्थना पत्र पर उन्होने क्षेत्रीय लेखपाल व रजिस्टार कानूनगो को रिपोर्ट देने के लिए कहा था। दोनो ने अपनी आख्या में ग्रामीणों के पक्ष में आदेश दर्ज करने की रिपोर्ट प्रेषित की थी। मामला बड़ा होने पर उन्होने इस मामले को उपजिलाधिकारी तिर्वा को अवगत कराया। इसपर एसडीएम अशोक कुमार ने पूरे मामले की जांच नायब तहसीलदार तिर्वा को सौंपी। नायब तहसीलदार ने जब पूरे प्रकरण की गंभीरता से जांच की, तो पाया कि चकबंदी अधिकारी फतेहगढ़ द्वारा मुकदमा संख्या 2027 दिनांक 16.10.2001 का आदेश फर्जी है। उक्त खाताधारकों ने इस फर्जी आदेश के जरिए करीब 435 बीघा जमीन तत्कालीन लेखपाल से साठ़गाठ़ करके 111 लोगों के नाम खतौनी में दर्ज करा ली। नायब तहसीलदार की इस रिपोर्ट के आधार पर एसडीएम ने खतौनी में दर्ज 111 लोगों के नाम हटाकर उक्त 435 बीघा बंजर जमीन को फिर से ग्राम सभा खानपुर के नाम दर्ज कर दी। एसडीएम ने बताया कि फर्जी अभिलेखों के आधार पर दर्ज कराई गई जमीन के प्रकरण में सभी 111 लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में ठठिया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने के आदेश नायब तहसीलदार को दिए गए हैं। इसके अलावा इस प्रकरण में लापरवाही बरतने वाले तिर्वा तहसील के लेखपाल सत्यपाल व अंजली दुबे को निलबिंत कर दिया गया है। पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच तहसीलदार तिर्वा करेगें।

### पिछले तीन सालों से चर्चा का विषय बनी खानपुर की जमीन

**तिर्वा।** खानपुर ग्राम सभा की जमीने पिछले तीन सालों से चर्चा का विषय बनी हुई है। इन पिछले तीन सालों में तहसील प्रशासन ने कई बार ग्राम सभा की जमीनों पर अबैध रूप से फसल करने वाले कई ग्रामीणों के खिलाफ कार्रवाई की है। इनकी फसलें भी जब्त की है। यह अभियान पिछले तीन सालों में चार बार चलाया जा चुका है। इसमें कई बार यह तथ्य भी सामने आया कि ग्रामीण उक्त जमीन को सरकारी न बताकर अपनी निजी जमीन बता रहे थे। अब यह मामला खुल जाने से खानपुर में हड़कम्प मचा हुआ है।

# लान्ड्री विभाग में कर्मचारियों की लापरवाही से लगी आग

- प्राचार्य ने आउटसोर्सिंग पर तैनात दो कर्मचारियों को किया बर्खाश्त
- आग की सूचना पर कर्मचारियों में मचा एक हड़कम्प

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**

**राजकीय मेडिकल** कालेज के लान्ड्री विभाग में कर्मचारियों की लापरवाही से आग लगने के मामले में दो कर्मचारियों से मंगलवार को बर्खाश्त कर दिया गया। इसके अलावा एक कर्मचारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। राजकीय मेडिकल कॉलेज के लान्ड्री विभाग में वाशिंग की छोटी मशीन में सोमवार को शार्ट सर्किट से आग लग गई थी। आग की लपटों को देख विभाग में काम कर रहे कर्मचारियों में हड़कम्प मच गया। कर्मचारियों ने किसी प्रकार आग बुझाने का प्रयास किया। काफी देर मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग लगने की जानकारी पर प्राचार्य डा. सीपी पाल ने पूरे मामले की जांच कराई। जांच में कर्मचारियों की लापरवाही सामने आने पर आउट सोर्सिंग पर लगे दो कर्मचारियों को बर्खाश्त कर दिया गया। इसके अलावा एक कर्मचारी को कारण बताओ नोटिस भेजा गया है। प्रभारी सीएमएस डा. दुर्गेश ने बताया कि ऐसी घटनाओं से निपटने के लिए सभी विभागों में मार्कड्रिल कराई जा चुकी है। इसके बाद लापरवाही पाई गई। इसपर प्राचार्य के आदेश पर दोनो कर्मचारियों सेवा से बर्खाश्त कर दिया गया है।

# खबरें चलते-चलते

### पुलिस ने तमंचा व कारतूस सहित युवक को पकड़ा

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** उच्चाधिकारियों के निर्देशन में बुधवार को शांति व्यवस्था में हमराह सिपाहियों के साथ गस्त कर रहे मझपुर्वा चौकी प्रभारी विनय शर्मा ने एसओजी टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर जीटी रोड से ग्राम डुंडवा बुजुर्ग जाने वाले अंडरपास के निकट छापेमारी की जहां से एक युवक के पास से 315 बोर का तमंचा व एक कारतूस बरामद करते हुए हिरासत में ले लिया। पुलिस हिरासत में आरोपी युवक ने अपना नाम भुन्नू वाल्मीकि निवासी मोहल्ला बगिया फजल इमाम थाना कन्नौज बताया है। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी युवक के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया।

### युवक से मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** रंजिश के चलते युवक के साथ गांव के ही चार लोगों ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी भी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम बिलंदपुर निवासी मुख्तियार खान द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि बुधवार की सुबह वह घर की ओर जा रहा था। तभी गांव के ही मोहसिन, सुफियान, समीम, आसिफने रंजिश के चलते उसके साथ गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।

### बूथ प्रभारियो को किया गया सम्मानित

**छिबरामऊ कन्नौज** । सपा सुप्रीमो पूर्व मुख्यमंत्री निर्वाचित सांसद अखिलेश यादव की जीत के बाद सपा कार्यकर्ताओं ने बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं का माल्यार्पण कर सम्मानित किया नगर के ताजपुर रोड स्थित एक निजी गेस्टहाउस मे सपा ने बूथ प्रभारियो का सम्मान समारोह का अयोजन किया।लोक सभा चुनाव मे कन्नौज सीट से सपा मुखिया पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को मिली ऐतिहासिक जीत पर नगर के एक गेस्टहाउस मे सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष बाबा राम प्रकाश यादव की अध्यक्षता व पूर्व प्रधान शैलेन्द्र सिह राठौर के संचालन मे अयोजित कार्यक्रम मे व नगर अध्यक्ष रवि गुप्ता की देखरेख विधानसभा क्षेत्र के सभी बूथ प्रभारियो और सेक्टर प्रभारियो का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।इस दौरान शेखर सिंह गौर, बृजपाल शाक्य, अशोक चौहान, प्रियतेश तोमर,राजन गुप्ता,गोविंद, अवनीश गुप्ता,अकित गुप्ता,लालू यादव समेत कई लोग मौजूद रहे।

### दो अभियुक्त को मय चोरी किये गये 15 अदद मूंगफली के पैकेट सहित गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**छिबरामऊ कन्नौज।** अधीक्षक जनपद कन्नौज अमित कुमार आनन्द द्वारा अपराध एंव अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक जनपद कन्नौज संसार सिंह के कुशल निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओमकार नाथ शर्मा के निकट पर्यवेक्षण में व प्र0नि0 जितेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में छिबरामऊ पुलिस टीम द्वारा 02 नफर अभियुक्त को मय चोरी किये गये 15 अदद मूंगफली के टाट के पैकेट सहित गिरफ्तार किया गया। थाना क्षेत्रांगत द्वारा दुकान का टटर तोड़कर 15 बोरी मूंगफली चोरी कर लेने के सम्बन्ध में बनाम अज्ञात चोर पंजीकृत किया गया। पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर गोपाल नगर में खाली पड़े ग्राउण्ड से 02 नफर अभियुक्त - 1.विक्रम उर्फ काली जाटव पुत्र सन्तोष निवासी ग्राम इन्दुईयागंज थाना गुरसहायगंज जनपद कन्नौज हाल पता- ग्राम गोपाल नगर थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज उम्र करीब 20 वर्ष 2.गोविन्द पुत्र सन्तोष निवासी ग्राम इन्दुईयागंज थाना गुरसहायगंज जनपद कन्नौज हाल पता- ग्राम गोपाल नगर थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज उम्र करीब 18 वर्ष को गिरफ्तार किया गया अभियक्तगणों के निशानदेही पर चोरी किये गये 15 अदद मूंगफली की टाट की बोरी के पैकेट बरामद किए गए। माल बरामदगी के आधार पर धारा 411 भादवि की बढ़ोत्तरी कर जेल भेजा गया।

# तीन वांछित अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल




**छिबरामऊ कन्नौज।** कोतवाली पुलिस द्वारा 03 वांछित अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा अपराध एंव अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक डॉ संसार सिंह के कुशल निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओमकार नाथ शर्मा के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक प्र0नि0 जितेन्द्र प्रताप के कुशल नेतृत्व में थाना छिबरामऊ पुलिस द्वारा थाना छिबरामऊ पर पंजीकृत 329/2024 सम्बन्धित वांछित अभि0गण 1. शिवम यादव पुत्र रनवीर सिंह निवासी कलियानपुर थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज उम्र करीब 30 वर्ष 2. रामरहीश यादव पुत्र लालसिंह निवासी ग्राम कलियानपुर थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज उम्र करीब 40 वर्ष 3. मेजर पुत्र स्व0 सन्तराम यादव निवासी ग्राम कलियानपुर थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज उम्र करीब 45 को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल।

# ब्राण्ड अम्बेस्डर के साथ पालिका ने चलाया जनजागरूकता अभियान

- प्रातः 06 बजे से डोर-टू-डोर जनसम्पर्क कर बताया कूड़ा पृथकीकरण का महत्व

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**आगामी** स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में पालिका द्वारा बेहतर प्रदर्शन करनें के उद्देश्य से अधिक से अधिक नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किये जाने के लिये पालिका नें समाजसेवी मयंक गुप्ता को स्वच्छ भारत मिशन का ब्राण्ड अम्बेस्डर नामित किया है।

शासन की मंशा के अनुसार आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण में अधिक से अधिक अंक प्राप्त करने एवं आम जन मानस को प्राप्त होने वाली जन सुविधाओं को देखते हुये अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित ने रोस्टर जारी कर प्रातः 06 बजे से व्यापक जनसम्पर्क प्रारम्भ कर दिया है। बुधवार को ब्राण्ड अम्बेस्डर मयंक गुप्ता के नेतृत्व में जनजागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नागरिकों को गीले कचरे से होम कम्पोस्टिंग कर खाद बनाये जाने। कूड़ा गाड़ी में गीला-सूखा अलग-अलग कचरा डाले जाने। पेयजल को बर्बाद न किये जाने के सम्बन्ध में जागरूक किया। इस दौरान लीकेज, मार्ग प्रकाश आदि शिकायतों के भी त्वरित निस्तारण के निर्देश अधिषासी अधिकारी द्वारा दिये गये। इस दौरान सभासद प्रतिनिधि दीपक गुप्ता, प्रधान लिपिक आरपी सिंह, निर्माण इंचार्ज जिलेदार सिंह, मार्ग प्रकाष व्यवस्था इंचार्ज संजीव सिंह, जलकल फील्ड प्रभारी जनार्दन मिश्रा, मनोज तिवारी उपस्थित रहे।


जनसंपर्क जन जागरूकता अभियान चलाते ईओ व ब्रांड एंबेस्डर — समृद्धि न्यूज

### कोतवाली पुलिस ने 202 किलो चंदन लकड़ी के साथ एक शख्स को किया गिरफ्तार

**कन्नौज।** सदर कोतवाली पुलिस ने बुधवार को 202.2 किलोग्राम अवैध चंदन की लकड़ी के साथ चन्दन तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही चंदन तस्करी में प्रयोग की जाने वाली एक्सयूवी कार भी बरामद कर ली। पुलिस ने उक्त चंदन तस्कर के खिलाफ विधि कार्रवाई कर जेल भेज दिया है। बुधवार को सदर कोतवाली पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक शख्स कर द्वारा भारी मात्रा में अवैध रूप से चंदन की लकड़ी लेकर आ रहा है। सूचना के आधार पर क्षेत्राधिकारी नगर कन्नौज कमलेश कुमार के निकट पर्यवेक्षण मे एवं सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में उप निरीक्षक संजीव कुमार, उप निरीक्षक सत्यप्रकाश त्रिपाठी हेड कांस्टेबल मो. नदीम, सिपाही अतुल कुमार व मनोज कुमार ने घेराबन्दी कर उक्त चंदन तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही 202.2 किलोग्राम अवैध चंदन की लकड़ी व चंदन तस्करी में प्रयोग की जाने वाली एक्सयूवी कार भी बरामद कर ली।

# सपाईयों ने मृतकों को दी भावभीनी श्रद्धाजंलि


मृतकों को श्रद्धाजंलि अर्पित करते सपा नेता व अन्य

- हरदोई के मल्लावां में ट्रक के पलटने से एक ही परिवार के आठ लोगों की हुई थी मौत

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**

**राजकीय** मेडिकल कॉलेज के निकट स्थित एक मार्केट में मंगलवार की शाम को सपा नेताओं ने हरदोई के मल्लावां में ट्रक पलटने से एक ही परिवार के आठ लोगों की मौत होने पर उनको अपनी भावभीनी श्रद्धजंलि अर्पित की। हरदोई जनपद के मल्लावां में सड़क के किनारे एक बालू लदा ट्रक पलट जाने से एक ही परिवार के आठ लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी। एक ही परिवार के आठ लोगों की मौत की जानकारी होते ही जहां एक तरफ लोगों में हड़कम्प मचा हुआ है। मंगलवार की दोपहर सपा नेता अवनीश यादव, सुखेन्द्र, अजय शुक्ला, मुनेन्द्र, सुचेन्द्र, सौरभ, धर्मेन्द्र, मयंक व अभिषेक ने मोमवत्ती जलाकर मृतकों को अपनी भावभीनी श्रद्धाजंलि अर्पित की।

### मेला हमारी सांस्कृतिक की पहचान है: अर्चना पाण्डेय

**छिबरामऊ। समृद्धि न्यूज**

**मेला हमारी** सांस्कृतिक की पहचान है इस तरह के समारोह से आपसी प्रेम व भाईचारा बढता है। यह विचार भाजपा विधायक अअर्चना पाण्डेय ने हीरा लाल इन्टर कालेज के मैदान मे दीनदयाल उपाध्याय मेला प्रदर्शनी के उद्घाटन के अवसर पर व्यक्त किए। अयोजक बसीम व तौकीर ने बताया कि प्रदर्शनी मे खिलौने,क्राकरी की दुकानो के अलावा मिक्की माउस सहित कई प्रकार के झूले बच्चो के लिए लगाये गए है।इससे पहले मेला अयोजित ने भाजपा विधायक अर्चना पाण्डेय का माल्यार्पण कर स्वागत किया।इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे,भाजपा नगर अध्यक्ष अलोक गुप्ता,सभासद रमाकांत त्रिपाठी उर्फ पप्पी,सुशील पाण्डेय एडवोकेट, विवेक दुबे,अजय चतुर्वेदी ,संदीप दुबे,सहित कई लोग मौजूद रहे।

**अतिक्रमण** — अतिक्रमणकारियों में मचा हड़कम्प, नहीं काम आई सिफारिशें

# दशकों पुराने कब्जों को पालिका प्रशासन ने ध्वस्त किया

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**विगत कई** दशकों से पालिका की जमीन पर अवैध कब्जा जमाए करीब एक दर्जन दुकानों पर पालिका का बुलडोजर ने गरज कर अवैध कब्जे को ध्वस्त कर सामग्री जप्त कर ली। पालिका द्वारा की गई कार्यवाही से दुकानदारों में हड़कंप मच गया।

बुधवार को उच्चाधिकारियों के निर्देश पर नगर पालिका परिषद अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित ने कर्मियों सहित पालिका की जेसीबी ले जाकर जीटी रोड स्थित विद्युत उपकेंद्र के बाहर कई दशकों से पालिका की जमीन पर टीन सेड डालकर अवैध कब्जा जमाए लोगों को चेतावनी के उपरांत अतिक्रमण हटाओ अभियान की शुरुआत कर दी। जिससे अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया और मौजूद अधिकारियों से कुछ समय की मोहलत मांगते दिखाई दिए लेकिन उच्चाधिकारियों के आदेश का हवाला देते हुए कार्यवाही जारी रखी और अतिक्रमणकारियों के टीन सेडों को जब्त कर लिया। इस दौरान प्रधान लिपिक आरपी सिंह, जिलेदार सिंह, सफाई इंचार्ज राजन बाबू, जनार्दन मिश्रा, मनोज तिवारी, प्रसनजीत मिश्रा, जगदीश सिंह, पूरन सिंह आदि मौजूद रहे।



अतिक्रमण हटाती पालिका की जेसीबी — समृद्धि न्यूज

### नाला सफाई कार्य हुआ पूर्ण, ड्रोन से होगा सत्यापनः ईओ

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** वर्षा ऋतु में जल भराव की समस्या न हो इसके लिये पालिका द्वारा मानसून से पूर्व ही रोस्टर बनाकर समस्त नालों का सफाई कार्य पूर्ण करवा लिया गया है। शासन द्वारा इस सम्बन्ध में सख्त दिशा निर्देश जारी किये गये थे। शासनादेश के अनुपालन में पालिका के सभी 12 नालों जिनकी कुल लम्बाई लगभग 8000 मीटर है को डेडीकेटेड टीम एवं जेसीबी आदि मशीनों की सहायता से साफ करवा दिया गया है। नाला सफाई का सत्यापन ड्रोन द्वारा करवाया जायेगा। यह जानकारी स्थानीय नगर पालिका परिषद अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित नें दी।

मेजर एस.डी.सिंह पी.जी.आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल-फतेहगढ़









# हत्या के मामले में दो युवकों पर दोष सिद्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**हत्या** के मामले में अपर जिला जज प्रथम विष्णु चंद्र वैश्य ने सल्लू पुत्र सुनील, शिवकुमार शर्मा पुत्र राधे शर्मा निवासी आवास विकास कालोनी को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया तथा सजा पर सुनवाई के लिए 15 जून की तिथि नियत की गयी है।

बीते 14 वर्षो पूर्व आवास विकास कालोनी निवासी प्रमोद कुमार पुत्र राजेन्द्र सिंह राठौर ने कोतवाली फर्रुखाबाद पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि मेरा भाई विनोद राठौर दिनांक 6 नवम्बर 2010 को समय लगभग 12 बजे मोहल्ला के 5 लड़के पिंटू यादव, सल्लू अग्निहोत्री, शिवकुमार शर्मा, संजय अग्निहोत्री, भानू राठौर के साथ मार्शल गाड़ी पर घूमने निकले। लगभग चार बजे एक फोन के द्वारा सूचना प्राप्त हुई की विनोद राठौर घटियाघाट पर खो गया है। पूरी रात खोजबीन करने के पश्चात सुबह लगभग 7 बजे चांदमारी क्षेत्र सेना फायरिंग रेंज के सामने उसका शव मिला। जिसे डॉक्टर के पास ले गए, परन्तु डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। विनोद राठौर के शव को घर ले गए। घटनास्थल कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र में होने की बजह से मुकदमा फतेहगढ़ कोतवाली पुलिस ने अज्ञात में दर्ज किया था। मुकदमा वादी ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में पिंटू, सल्लू, शिवकुमार, भानू, संजय पर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने साक्ष्य गवाह के आधार उक्त लोगों के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। मुकदमा विचारण के समय संजय, पिंटू, भानू की मृत्यु हो गयी। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता दीपिका कटियार, अनिल कुमार बाजपेयी की पैरवी के आधार पर न्यायधीश विष्णु चन्द्र वैश्य ने सल्लू, शिवकुमार को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिन्दु पर 15 जून कि तिथि नियत है।





जनपद फर्रुखाबाद न्यायालय — समृद्धि न्यूज

# महायोजना में प्रस्तावित किये गए हरित क्षेत्र का दोवारा सर्वे किया जाये: डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जिलाधिकारी** डॉ0 वी0के0 सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में भारत सरकार की अमृत योजना के अंतर्गत फर्रुखाबाद फतेहगढ़ विनियमित क्षेत्र की जी0आई0एस0 वेस्ड महायोजना 2031 की बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में बताया गया कि 2031 तक 5.43 लाख प्रोजेक्टेड पॉपुलेशन के आधार पर महायोजना बनाई गई है। महायोजना में कुल 3771 आपत्तियाँ प्राप्त हुई हैं। जिनमें से 211 आपत्तियों को पूर्ण रूप से व 1280 आपत्तियों को आंशिक रूप से स्वीकार किया गया है व शेष 2280 आपत्तियों को अस्वीकार किया गया है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि महायोजना में प्रस्तावित किये गए हरित क्षेत्र का दोवारा सर्वे किया जाये। बैठक में महायोजना के प्रत्येक बिन्दु पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, नगर मजिस्ट्रेट व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



बैठक लेते जिलाधिकारी डॉ0 वी0के सिंह

## खबरें चलते-चलते

### स्कार्पियो की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** स्कॉर्पियो की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया। जिसे कस्बे के एक प्राइवेट चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम आरियारा निवासी गोविंद राजपूत बुधवार को बाइक द्वारा किसी कार्य से फैजबाग आया। एक दुकान पर आवश्यकता की वस्तु की खरीदारी कर रहा था। इस दौरान कायमगंज से फर्रुखाबाद की ओर जा रही एक स्कॉर्पियो कार के चालक ने लापरवाही से चलाकर टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार युवक घायल हो गया। वहीं दुर्घटना के बाद चालक मौके से भागने लगा, तभी राहगीरों ने स्कार्पियो चालक को रोक लिया तथा दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। सूचना के बाद फैजबाग पुलिस मौके पर पहुंची तथा घायल को कस्बे के प्राइवेट चिकित्सालय फैजबाग में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। वहीं समाचार लिखे जाने तक दोनों पक्षों में समझौते के प्रयास जारी थे। चौकी इंचार्ज फैजबाग जितेंद्र कुमार ने बताया कि दुर्घटना की सूचना नहीं दी गयी है। पुलिस को मौके पर भेजा गया था। उन्होंने बताया तहरीर नहीं मिली। तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जायेगी।

### अमृतपुर थाने में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न



**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** थानाध्यक्ष ने आगामी त्योहारों मद्देनजर क्षेत्र के संभ्रांत लोगों की बैठक ली और उन्हें त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। जानकारी के अनुसार थाने में तैनात थाना अध्यक्ष मीनेश पचौरी ने धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधि न क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों के साथ आगामी बकरीद व ईद-उल-जुहा के त्योहार को मद्देनजर रखते हुए बैठक की। जिसमें उन्होंने कहा कि जो भी त्योहार आते हैं वह आपसी भाईचारा व हमें प्रेम एवं सौहार्द का संदेश देते हैं। सभी त्योहारों को हम सबको मिलजुल कर मानना चाहिए। आने वाले त्योहार में अगर किसी अराजकतत्व ने कोई अराजकता फैलाने का प्रयास किया, तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से चुनाव को शांतिपूर्णढंग से सम्पन्न कराने के लिए धन्यवाद दिया। इस मौके पर क्षेत्र के कई प्रधान, बीडीसी व धर्मगुरु मौजूद रहे।

### आगे जा रहे ट्रक में दूसरे ट्रक ने मारी टक्कर, हेल्पर की मौत, चालक घायल



**फर्रुखाबाद,समृद्धि न्यूज।** आगे जा रहे ट्रक में पीछे से आ रहे दूसरे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में हेल्पर की मौत हो गयी, जबकि चालक घायल हो गया। घायल को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार रामपुर के सोहरा राजा नगर निवासी 35 वर्षीय भूरा पुत्र राजन ट्रक चालक 28 वर्षीय सोहेब अली निवासी रुद्रपुर उत्तराखंड के साथ हेल्पर का काम करता था। वह महाराष्ट्र से केला भरकर रुद्रपुर जा रहा था, तभी थाना मऊदरवाजा के बघार के निकट सोहेब के ट्रक का प्रेशर खराब हो गया। जिससे उसका ट्रक तेज रफ्तार के साथ आगे जा रहे ट्रक से टकरा गया। जिसमें परिचालक भूरा की मौत हो गयी, जबकि चालक सोहेब घायल हो गया।

# पैंतीस वर्षों पूर्व किये गये कब्जे को लेखपाल व कानूनगो ने हटवाया

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज**

**प्रदेश में** भूमाफिया आज भी हावी हैं। प्रदेश में भाजपा सरकार है, लेकिन फिर भी दबंग पीड़ित गरीब मजदूरों की जमीन कब्जा करने से बाज नहीं आ रहे हैं। जिसको लेकर प्रशासन कड़ा रुख अपनाए है, लेकिन भू-माफिया हैं कि मानते ही नहीं।

अमृतपुर तहसील क्षेत्र के गांव सलेमपुर निवासी पीड़ित युवक शिवकुमार, बृजनाथ, अमर सिंह, जगन्नाथ पुत्रगण सर्वेंद्र आदि लोगों ने बताया कि सन् 1990 के करीब गांव में चकबंदी हुई थी, तभी से दबंग चचेरे भाईयों ने 13 डिसमिल जमीन पर कब्जा कर लिया था। पीड़ितों के द्वारा कई बार कहा गया की जमीन से कब्जा छोड़ दो। इसी बात से गुस्साए दबंगों के द्वारा कई बार गाली-गलौज व मारपीट की गई। पीड़ित ने बताया है कि कई बार तहसील समाधान दिवस, थाना दिवस, जिला अधिकारी आदि को प्रार्थना पत्र दिया गया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। पीड़ित के द्वारा उप जिला अधिकारी कोर्ट में मेड़बंदी डाली गई। इसके उपरांत कानूनगों उदय प्रताप, लेखपाल सावन यादव मौके पर पुलिस फोर्स लेकर पहुंच। पैमाइश शुरू हुई, तो दबंग कुनेंद्रपाल पुत्र रामचंद्र, महेंद्रपाल पुत्र रामचंद्र के खेत में पीड़ित का 13 डिसिमल खेत निकल आया। जिसको लेखपाल, कानूनगो ने पीड़ित पक्ष को कब्जा दिला दिया तथा निशान लगवा दिया। पीड़ित परिवार का कहना है कि अगर कोई भी घटना हमारे परिवार के साथ घटित होती है तो इसके लिए जिम्मेदार यही व्यक्ति होंगे तथा कानूनगो व लेखपाल के द्वारा गांव में ही चकमार्ग को लेकर पीड़ित अखिलेश, गौरव, कृष्ण चंद्र पुत्र रामविलास तथा कृष्णपाल पुत्र बलवंत में विवाद चल रहा था। 2 मीटर का चकमार्ग 1 मीटर की नाली नक्शे में दर्ज थी, जो कि लेखपाल ने तत्काल ही पुलिस फोर्स के सामने खुला दी। कहा है कि अगर दोबारा कब्जा किया तो कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



नापजोख करते लेखपाल व कानूनगो — समृद्धि न्यूज

# रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष की बैठक सम्पन्न



बैठक लेते जिलाधिकारी — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जिलाधिकारी** डॉ0 वी0के0 सिंह की अध्यक्षता में उ0प्र0 रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष फर्रुखाबाद की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार फतेहगढ़ में किया गया। जिसके माध्यम से एसिड अटैक, यौन हिंसा एवं अन्य अधिसूचित जघन्य अपराध से पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को आर्थिक, चिकित्सीय तथा शैक्षिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। बैठक में कुल 24 केस प्रस्तुत किये गए। जिसमें से 06 केस को आर्थिक सहायता स्वीकृति की गई। 17 की जाँच व एक केस निरस्त किया गया। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# तीन माह पूर्व जखई महाराज मंदिर से चोरी किये गये घंटे चोरों ने रखे वापस

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**बीते तीन** माह पूर्व जखई महाराज मंदिर से चोरी किये गये घंटे चोरों ने बीती रात एक कमरे में होल के सहारे वापस रख दिये। इसकी जानकारी मंदिर के पुजारी ने दी है।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नगला हिलकी में देवता महाराज जखई का बहुत पुराना मन्दिर बना हुआ है। मंदिर पर माघ महीने में लोग जातें करने आते हैं। बताया जा रहा है यह मंदिर लगभग दो 300 वर्ष पुराना है। इस मंदिर पर प्रति महीने कथा भागवत चलती ही रहती है। लोग बड़ी-बड़ी दूर से मन्नतें मांगने आते हैं। जिससे सभी की इच्छाएं पूर्ण होती हैं। इस मंदिर पर चोरों द्वारा तीन माह पहले घंटे चोरी कर लिए गये थे। चोरी किए गए घंटे चोरों ने तीन महीनों बाद मंदिर के एक छोटे से कमरे के छेद से अंदर डाल दिए। जब मंदिर के पुजारी ने कमरा खोलकर देखा तो उसमें घंटे निकले। इसके बाद इसकी जानकारी पुजारी ने भक्तों को दी। वहीं पुजानी ने बताया कि अगर इस मंदिर से कोई भी चीज चोर चोरी करके ले जाएगा, वह वापस करने जरुर आयेगा।



चोरों द्वारा वापस रखे गये घंटे दिखवाते पुजारी

# मुवक्किल पर जानलेवा हमले में मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**ससुरालीजनों ने** अधिवक्ता के घर में बैठे मुवक्किल पर हमला बोल दिया था तथा तमंचा से फायर किया था। जो मिस हो जाने के कारण अधिवक्ता व मुवक्किल बाल-बाल बच गये थे। विरोध करने पर अधिवक्ता के साथ भी उपरोक्त दबंगों ने अभद्रता की थी। पीड़ित ने अधिवक्ता के साथ जाकर थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर आठ नामजद व तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार बीते 6 जून को थानाध्यक्ष को दी गयी तहरीर में विवेक कुमार पुत्र वीरपाल निवासी ग्राम मानिकपुर थाना मऊदरवाजा ने कहा है कि वह गांव के सपा अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह एडवोकेट के यहां विधिक सलाह लेने आये थे, तभी पीड़ित के ससुरालीजन भजन लाल पुत्र नामालूम, लालू व राजीव पुत्रगण भजनलाल, राकेश पुत्र नामालूम, सुनील पुत्र राकेश समस्त निवासीगण ग्राम मिघौली थाना हरपालपुर जनपद हरदोई व तीन व्यक्ति अज्ञात एक राय होकर देवेंद्र सिंह एडवोकेट के घर में घुस आये और पीड़ित को भद्दी-भद्दी गालियां देते हुए मारपीट करने लगे। जिस पर अधिवक्ता ने बीच बचाव किया। जिस पर लालू ने तमंचे से जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। जो मिस हो गया। जिससे पीड़ित व अधिवक्ता बाल-बाल बच गये, तभी अधिवक्ता ने हमलावरों को ललकारा। जिस पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये थे। उपरोक्त घटना में अधिवक्ता व पीड़ित को चोटें आयी थीं। उपरोक्त आरोपी सफेद कलर की बुलौरो संख्या यू.पी.30एएस5003 पर सवार होकर आये थे। घटना के दौरान अधिवक्ता की सोने की अंगूठी भी गिर गयी। जिसे राजीव चुरा ले गये थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर भजन लाल, नन्हेंलाल पुत्रगण गंगाराम, लालू, राजीव पुत्रगण पुत्रगण भजन लाल, सौरभ पुत्र राजेश, राजेश, छोटे पुत्रगण विजयपाल, सोनू पुत्र नन्हेंलाल समस्त निवासीगण ग्राम मिधौली हरपालपुर जनपद हरदोई व तीन अज्ञात निवासी थाना मऊदरवाजा के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

# निलंबित होने के बाद भी वसूली में जुटा चर्चित सिपाही चमन फैसल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

> अपनी प्राइवेट गाड़ी से थाने के मुंशी को बैठकर क्षेत्र में कर रहा भ्रमण

**निलंबित** सिपाही थाना क्षेत्र में मुंशी के साथ भ्रमण कर रहा है। जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव नगला चंदन में बीती शनिवार की रात खनन की सूचना पर पहुंचे आरक्षी रोहित कुमार के ऊपर खनन माफिया ने ट्रैक्टर चढ़ा दिया था। जिससे उसकी सुबह 6 बजे मौत हो गयी थी। पुलिस कप्तान विकास कुमार ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए पांच पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया था। निलंबन के बाद पुलिसकर्मियों को सीधे लाइन में आमद कराने के आदेश दिये थे, लेकिन ऐसा न होकर एक निलंबित सिपाही चमन फैसल अपने चहेते और रिश्तेदार थाने के मुंशी को साथ में लेकर कस्बे में तथा आसपास गांव में अपने निजी प्राइवेट कार से घूम रहा हैं। बताते हैं कि निलंबित सिपाही लकड़ी माफियाओं, सट्टा माफियाओं तथा खनन माफियाओं से मुंशी की सेटिंग करवा रहा है। जिससे उसको मिलने वाला पैसा मुंशी को मिलता रहे। प्रशासन चाहे कुछ भी कर ले, लेकिन क्षेत्र में अवैध खनन रुकने वाला नहीं है, क्योंकि यह गोरखधंधा अपनी जड़ें गहने तक जमा चुका है। कुछ लोगों का यह भी कहना है कि उपरोक्त निलंबित सिपाही अपना पिछला हिसाब किताब करने के लिए घूम रहा है। जब इस बाबत थाना पुलिस से जानकारी करनी चाही, तो इस मामले में पुलिस कर्मी अपना बयान देने से बचते नजर आए और जब थाना अध्यक्ष से जानकारी करनी चाहिए तो उनके थाने का सीयूजी नंबर नॉट रीचेबल की स्थिति में मिला। जिससे थाना प्रभारी से भी कोई बात नहीं हो सकी। मिट्टी खनन में काम कर रहे लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया की खनन कराने वाले सिपाही चमन फैसल अपना पुराना पैसा उनसे तगादा कर रहे हैं, जबकि खनन में शामिल लोग बीते तीन दिनों से काम बंद कर चुके हैं। मामले की नजाकत देख वह अंडरग्राउंड भी हो चुके हैं, लेकिन चर्चित सिपाही उनके अड्डों पर जाकर उनसे अपनी वसूली चालू किए हुए हैं। वहीं लकड़ी काटने वाले ठेकेदार भी चर्चित सिपाही से काफी भयभीत है, लेकिन सिपाही कल से अपनी प्राइवेट वाहन से वसूली में लगा हुआ है। लकड़ी काटने वाले ठेकेदारों को निलंबित सिपाही अपने सजातीय सिपाही को अपना पिछला हिसाब करने की बात कर रहा है। मजे की बात यह है की चर्चित निलंबित सिपाही की प्राइवेट गाड़ी भी थाना नवाबगंज में खड़ी रहती है जिसे लेकर वह पूरे दिन क्षेत्र के भ्रमण पर रहता है।

**नोटिस** — मानक पूरे ना मिलने पर मेडिकल संचालकों को जारी किया नोटिस

# ड्रग इंस्पेक्टर ने मेडिकल स्टोर पर छापा मारकर दवाइयों के भरे सैंपल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जिला औषधि** निरीक्षक रजत कुमार पांडेय द्वारा अपर जिलाधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति के निर्देशानुसार मऊदरवाजा स्थित बाबा मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान फर्म संचालक द्वारा विक्रय अभिलेख जारी नहीं किया जा रहा था एवं साफ-सफाई की व्यवस्था उचित नहीं पाई गई। प्रतिष्ठान से 2 संदिग्ध औषधीय के नमूने भरकर व 20 प्रकार की दवाइयां के क्रय-विक्रय अभिलेख मांगे गए हैं। इसके बाद बालाजी चिकित्सालय बीबीगंज के अंदर संचालित मेडिकल प्रतिष्ठान का औषधि निरीक्षक ने निरीक्षण किया। जहां पर फार्मासिस्ट कार्यरत नहीं पाया गया एवं मरीज के परिजनों को औषधीय के विक्रय हेतु विक्रय अभिलेख जारी नहीं किया जा रहा था। दोनों ही फर्म संचालकों को चेतावनी देते हुए बिक्री अभिलेख आवश्यक रूप से जारी करने के निर्देश दिए गए एवं कमियों के निराकरण हेतु कारण बताओ नोटिस निर्गत किया गया। भरे गए दो संदिग्ध औषधीय को जांच एवं विश्लेषण हेतु राजकीय प्रयोगशाला उत्तर प्रदेश लखनऊ भेजा गया। निरीक्षण में संकलित नमूने का रिजल्ट प्राप्त होने के उपरांत आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही औषधि निरीक्षक द्वारा यह अपील की गयी कि सभी मेडिकल संचालक मरीज एवं उनके परिजनों द्वारा क्रय की गई औषधीय का बीजक आवश्यक रूप से दें। विक्रय अभिलेख जारी न करना औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940 के नियमों का उल्लंघन है। जिसके अंतर्गत लाइसेंस का निरस्तीकरण भी किया जा सकता है।



दुकान पर सैंपल भरते ड्रग इंस्पेक्टर — समृद्धि न्यूज

### दीवार गिरने से दो मासूम दबे, एक गम्भीर

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** तोड़ी जा रही दीवार के गिरने से मासूम बच्ची दबकर घायल हो गया। परिजन सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डाक्टर ने हालत गम्भीर होने पर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार फर्रुखाबाद थाना क्षेत्र ग्राम नीबलपुर निवासी रितेश कुमार के घर में पुरानी दीवारों को तोड़े जाने का कार्य चल रहा था। बताते हैं जिस वक्त मकान की दीवारों को तोड़ा जा रहा था उस वक्त घर के सभी सदस्य बाहर थे, तभी किसी समय 4 वर्षीय मासूम छात्र काव्या तथा तीन वर्षीय आबिंश दोनों खेलने के लिए अंदर चले गए। इसी दौरान एक दीवार ढह गई। जिसके मलबे में दोनों बच्चे दब गये। चीख पुकार सुनकर परिजन अंदर पहुंचे तथा मलबा हटाकर दोनों बच्चों को बाहर निकाला। घायल बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद ले जाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर अलीम अंसारी द्वारा उपचार किया गया। बताया गया है नितेश की पुत्री काव्या की हालत गंभीर होने पर उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफ कर दिया गया। जबकि रंजीत का तीन वर्षीय मासूम पुत्र आबींश जिसे कस्बे के प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया।

# भाकियू ने महापंचायत कर किसानों की उठायी समस्यायें, सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**भारतीय किसान** यूनियन टिकैट गुट द्वारा किसान हित में महापंचायत का आयोजन हुआ। किसानों की समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी सम्बोधित ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि ब्लाक मोहम्मदाबाद के ग्राम बराकेशव की वोटिंग हो चुकी है। वोटिंग के आधार पर चकबंदी निरस्त की जाये। ग्रामसभा सिनोड़ा पृथ्वी की वोटिंग के आधार पर चकबंदी की जाये। ब्लाक कमालगंज के ग्राम मॉडल शंकरपुर में परिवार नियोजन के तहत पट्टे किसानों को दिये गये थे, जो निरस्त कर दिये गये है। उन्हें पात्रता के आधार पर बहाल किया जाये। जनपद में आवारा पशुओं की समस्या विकराल रुप धारण कर रही है। विशेष नीति के तहत छुट्टा पशुओं को गौशाला पहुंचाने के लिए व्यवस्था की जाये। जिससे किसानों की फसल की सुरक्षा हो। नेशनल हाई-वे 730सी बेवर से अल्हागंज मार्ग के दोनों तरफ सीसी ब्रिक का कार्य हो रहा है। जो संस्था इस कार्य को कर रही है वह गुणवत्ता रहीत पेपर ब्रिक्स लगा रही है। कार्य को अविलंब रोका जाये और ब्रिक की जांच करायी जाये। मानक के अनुसार ब्रिक बिछाई जाये। क्योंकि नेशनल हाइवे पर वाहनों का आवागमन होता रहता है। जनपद में विभिन्न बैंकों द्वारा किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड के तहत धनराशि लोन के रुप में आवंटित की गई थी। धनराशि को लेकर चुनाव के तत्काल बाद किसानों की आरसी काटी जा रही है। जो गलत है। किसान


महापंचायत में मौजूद किसान यूनियन के लोग

यूनियन इसका पुरजोर विरोध कर रही है। जहानगंज के ग्राम में दो तालाब है, बरसात में पानी भर जाता है। चारों ओर ग्रामीण रहते है। आवागमन बाधित रहता है। डेंगू आदि मच्छरों का प्रकोप हावी हो जाता है। ऐसे में दवा का छिड़काव करवाया जाये और बरसात के पूर्व पानी निकास की समुचित व्यवस्था की जाये। कटरी क्षेत्र में तरबूज और खरबूजा की फसल वाले किसानों को जबरदस्त नुकसान हुआ है। किसानों को फसल का उपज मूल्य नहीं मिला है। गंगा में पानी बढ़ जाने के कारण कटरी क्षेत्र में फसलों का नुकसान हुआ है। ऐसे में किसानों को उचित मुआवजा दिया जाये, आदि मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अरविन्द शाक्य, प्रभाकांत मिश्रा, पुजारी कटियार, अभय यादव, सुधीर कुमार, ज्ञानेन्द्र कुमार, रामसेवक सक्सेना, अनीश सिंह, रामऔतार जाटव, रामनारायन, कुंवरपाल सिंह, अंशुल कटियार, छविनाथ शाक्य, विजय कटियार, राजेश कुमार, अफरोज मंसूरी आदि लोग मौजूद रहे।

# विद्युत अधिकारियों ने काशीराम कालोनी हैवतपुर गढ़िया पहुंचकर सुनी समस्यायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**काशीराम** कालोनी हैवतपुर गढ़िया में विद्युत विभाग के एसडीओ व जेई आदि लोगों ने पहुंचकर समस्या का निराकरण करने का आश्वासन दिया। पूर्व सभासद रावेश मिश्रा ने हैवतपुर गढ़िया काशीराम कालोनी के निवासियों की समस्याओं को लेकर विद्युत विभाग के अधिकारियों को बताया कि बहुत दिनों से बिल बकाया है। जो काफी ज्यादा हो गये है। जिस कारण यहां के गरीब लोग जमा नहीं कर पा रहे है। बहुत गरीबों के कनेक्शन कटे है। जिस कारण बिजली की समस्या बनी हुई है। विद्युत विभाग के अधिकारी बिल जमा करने के लिए


लोगों की समस्यायें सुनते विद्युत अधिकारी — समृद्धि न्यूज

दबाव बनाते है। जिस कारण काशीराम कालोनी के वाशिंदे परेशान है। भीषण गर्मी के चलते बिजली की समस्या होने के कारण उनकी सुनने वाला कोई नहीं है। ऐसे में अधिकारियों ने पहुंचकर काशीराम कालोनी के लोगों की समस्यायें सुनी और बकाया बिल जमा करने के लिए निर्देशित किया। जिन लोगों के आगे बिल जमा करने की समस्या है वह किस्तों में बिल जमा करें। इस मौके पर स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# सीआईएफ महिला जवान का निलंबन वापस लेने की भाकियू ने उठायी मांग

- राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**भारतीय किसान** यूनियन टिकैट गुट की समस्याओं को लेकर जिलाध्यक्ष अरविन्द शाक्य के नेतृत्व में महापंचायत का आयोजन हुआ। साथ ही राष्ट्रपति सम्बोधित ज्ञापन संबंधित अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि चंड़ीगढ़ एयरपोर्ट में तैनात सीआईएफ की महिला जवान कुलविंदर कौर जो की कंगना रनौत के थप्पड़ मारने के मामले में निलंबित की जा चुकी है। उनकों उनके पद पर बहाल किया जाये। एवं कंगना रनौत जिन्होंने भारतीय किसान यूनियन द्वारा आयोजित आंदोलन में भाग लेने वाली महिलाओं के लिए गलत बयानबाजी की थी। किसान आंदोलन में जो महिलायें भाग लेती है उनकों


ज्ञापन सौंपते भाकियू नेता — समृद्धि न्यूज

100-100 रुपये दिये जाते है। इस बयानबाजी को लेकर कंगना रनौत भारतीय किसान यूनियन से तत्काल माफी मांगे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अरविन्द शाक्य, अजय कटियार, प्रभाकांत मिश्रा, पुजारी कटियार, रामसेवक सक्सेना, अफरोज मंसूरी, राजेश कुमार, विजय कुमार, सुधीर कुमार, कुंवर पाल सिंह, अनीश सिंह, अभय यादव, रामनारायन, अंशुल कटियार, ज्ञानेन्द्र सिंह, रामऔतार जाटव आदि लोग मौजूद रहे।

# मत्स्य जीवी सहकारी समिति की बैठक सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**ब्लाक** कमालगंज के गांधी नगर भटपुरा में मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि0 की द्वितीय संगठनात्मक बैठक सम्पन्न हुई। मत्स्य जीवी सहकारी समिति भटपुरा के कार्यालय पर द्वितीय बैठक में सदस्यों द्वारा विचार विमर्श कर अध्यक्ष की सहमति से कार्यवाही सम्पन्न हुई।


बैठक में मौजूद मत्स्य जीवी समिति के लोग

मत्स्य अधिकारी दिवाकर सिंह व निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिल कश्यप ने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर क्षेत्र पंचायत सदस्य संदीप कुमार, सोसायटी अध्यक्ष अतुल चौहान, श्रवण कुमार, मुख्य प्रवर्तक सर्वेश, लालाराम, अनिकेत बाथम, करन, सचेन्द्र कुमार, ज्ञानेन्द्र कश्यप, अंश कुमार, बदले, समरपाल, रामबाबू, आकाश, नितिन आदि लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### डीएन कालेज परीक्षा केंद्र पर 67 परीक्षार्थियों ने दी इग्नू की परीक्षा


डीएन कालेज में परीक्षा में भाग लेते परीक्षार्थी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** इग्नू लखनऊ क्षेत्रीय कार्यालय के अन्तर्गत परीक्षा के विभिन्न केंद्र बनाये गये है। जिन पर 66 हजार से अधिक परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे है। प्रवेश पत्र इग्नू की वेवसाइट से अपलोड किये जा सकते है। डीएन कालेज फतेहगढ़ में 8 प्रश्न पत्रों के 48 परीक्षार्थी तथा सायंकाल की परीक्षा में 15 प्रश्न पत्रों के 35 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। कुल 67 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। शांतिपूर्ण ढंग से सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में नकलविहीन वातावरण में परीक्षा सम्पन्न हुई। यह परीक्षाए 13 जुलाई तक चलेगी। इग्नू अध्ययन केंद्र के समन्वयक डा0 विनोद कुमार तिवारी ने इग्नू की परीक्षा के लिए प्रवेश काउंसलिंग पद्धति तथा अध्ययन केंद्र पर उपलब्ध कार्यक्रमों व सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया। इग्नू की बीए, बीकॉम, बीएससी कार्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति के अभ्यर्थियों को नि:शुल्क प्रवेश दिया जा रहा है। अभ्यार्थी अपना इग्नू की बेवसाइट पर ऑन लाइन फार्म भर सकते है। नई शिक्षा नीति के अन्तर्गत अब अभ्यार्थी दो डिग्री कोर्स एक साथ कर सकते है। इग्नू की अंतिम प्रवेश तिथि 31 जुलाई 2024 है।

### भीषण गर्मी को देखते हुए ग्रीष्मावकाश 30 जून तक बढ़ाया जाए

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ल ने भीषण गर्मी को देखते हुए ग्रीष्मावकाश 30 जून तक बढ़ाने की मांग करते हुए कहा कि संसाधन विहीन परिषदीय विद्यालयों को 18 जून से खोलने को औचित्यहीन बताया। प्रदेश के सभी स्कूल पहली जुलाई से खुलेंगे। फिर परिषदीय स्कूलों को 18 जून से खोलकर महानिदेशक आखिर नौनिहाल बच्चों और शिक्षकों के जीवन से खिलवाड़ क्यों करना चाहती हैं। प्रदेश के अधिकांश जिलों में 30 जून तक अवकाश घोषित किया जा चुका है।

### बाजार करने आये साइकिल सवार को बाइक सवार ने मारी टक्कर

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव गूजरपुर पमारान में साप्ताहिक बाजार लगती है। जिसमें क्षेत्र के लोग बाजार हाट करने आते हैं। इसी बाजार में थाना क्षेत्र के गांव कांकर निवासी अवनीश पुत्र रतीराम जो बाजार करने के लिए आया था, तभी थाना क्षेत्र के गांव कुम्हरौर निवासी अजय पुत्र भल्लू की बाइक व साइकिल सवार की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जिसमें युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों द्वारा थाना पुलिस को सूचना दी गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने 108 एंबुलेंस से घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर भिजवाया। हालत गंभीर होने पर ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर अमित ने जिला अस्पताल राममनोहर लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। थाना अध्यक्ष मीनेश पचौरी ने बताया तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### पत्नी से हुए विवाद में पति ने फांसी लगाकर दी जान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पत्नी से विवाद से चलते युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा के मोहल्ला बीबीगंज निवासी 36 वर्षीय लालू पुत्र रामदत्त शाक्य मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। उसका बीते दस वर्ष पूर्व अमृतपुर निवासी राधा के साथ विवाह हुआ था। जानकारी के मुताबिक बीते एक सप्ताह पूर्व विवाद होने पर राधा अपने मायके चली गयी थी। जिससे क्षुब्ध होकर लालू ने पत्नी को वीडियो कॉल की। इसके बाद उसने कमरे में पंखे के कुंडे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के दो पुत्र व एक पुत्री है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया।

### बाइक फिसलने से चालक घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के तलैया मोहल्ला चिलाँका निवासी चन्द्र शेखर उम्र 24 वर्षीय पुत्र राम भरोसे बाइक द्वारा बाजार से कुछ सामान खरीदने जा रहा था, तभी अचानक बाइक अनियन्त्रित होकर बिसल गई। जिससे बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से घायल युवक को समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लाकर भर्ती कराया।

# जनपद की बेटी उ0प्र0 एथलेटिक्स टीम की बनी मुख्य कोच

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**19वीं नेशनल यूथ** एथलेटिक्स चैंपियनशिप विलासपुर (छत्तीसगढ़) में 15 जून से 17 जून तक आयोजित होगी। जिसमें फर्रुखाबाद की नेशनल खिलाड़ी ज्योति कुमारी को उत्तर प्रदेश की एथलेटिक्स टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। यह टीम 13 जून को प्रयागराज से विलासपुर (छत्तीसगढ़) के लिए प्रस्थान करेगी।

फर्रुखाबाद एथलेटिक्स टीम के मैनेजर जय प्रकाश सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद को ये सौभाग्य प्राप्त हुआ कि जनपद की नेशनल खिलाड़ी ज्योति कुमारी उ0प्र0 की एथलेटिक्स टीम की मुख्य कोच बनने जा रही हैं। इस


नेशनल खिलाड़ी ज्योति कुमारी

अवसर पर एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव योगेश शुक्ला, अजय प्रताप, लवी राठौर, मिंटू तिवारी, आर्यन सिंह, जितेंद्र कुमार आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

# डीएम ने 24 घंटे में नेहा को दिलाया नियुक्ति पत्र

- सफाई कर्मी पति नौकरी के दौरान हो गया था लापता
- मृतक प्रमाण पत्र के आधार पर मिली आश्रित की नौकरी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**मृतक सफाई** कर्मी की आश्रित पत्नी ने 11 जून को डीएम से मिलकर पत्र देकर सेवा में रखे जाने का अनुरोध किया था। जिसे डीएम ने संज्ञान लेते हुए 24 घंटे में जिला पंचायत राज अधिकारी से नियुक्ति पत्र निर्गत कराकर कलेक्ट्रेट सभागार में मृतक आश्रित नेहा को नियुक्ति पत्र दिया। नियुक्ति पत्र पाकर नेहा का चेहरा खिल



उठा। सर्वेश कुमार निवासी 1/41 भूसा मण्डी जो पंचायती राज विभाग में सफाई कर्मी के पद पर कार्यरत थे। 27 सितम्बर 2015 से लापता हो जाने के कारण सिविल डेथ के आधार पर नेहा ने अपने पति मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर शासकीय सेवा में लिए जाने हेतु आवेदन किया था। जिसमें समस्त वांछित अभिलेख भी नेहा द्वारा उपलब्ध कराये गये थे। 11 जून को नेहा ने जिलाधिकारी से मिलकर सेवा में रखे जाने के लिए अनुरोध किया गया। डीएम ने प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए त्वरित कार्यवाही कर जिला पंचायत राज अधिकारी से नियुक्ति पत्र निर्गत कराकर कलेक्ट्रेट सभागार में नेहा को नियुक्ति पत्र दिया। नियुक्ति पत्र पाकर नेहा का चेहरा खिल उठा।

# कार्यशाला में छात्राओं ने सीखे ढोलक बजाने के गुर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**संस्कार भारती** द्वारा आयोजित कार्यशाला में बच्चों को 10 विधाओं में पारंगत किया जा रहा है। जिसमें कथक, चित्रकला, ढोलक, मेहंदी, नृत्य, डिजाइनर सिलाई, सौंदर्य कला (ब्यूटी पार्लर), हस्तकला (हैंडीक्राफ्ट), रंगोली नाट्य कला में बच्चे निपुण हो रहे हैं। संस्कार भारती में ढोलक विधा में किरण त्रिवेदी ने बताया हमारे समाज में ढोलक बजाना पुरानी परंपरा है। दादी नानी से परंपरागत ढोलक बजाना चली आ रही है। हमारे नए समाज में अब ढोलक बजाना कोई नहीं जानता, आधुनिक वाद्य यंत्रों ने ढोलक और हारमोनियम बजाना समाप्त हो गया है। उसके स्थान पर


कार्यशाला में ढोलक सीखती छात्रायें — समृद्धि न्यूज

शादी विवाह उत्सवों में डीजे मोबाइल पर आधारित जीवन हो गया है। बिजली चली जाए मोबाइल बंद हो जाए तो वहीं सांस रुक जाती है। मैं कई वर्षों से संस्कार भारती की कार्यशाला में ढोलक बजाने की परंपरा में अभी तक सैकड़ो छात्रों को तैयार किया। उन्होंने बताया कि संस्कार भारती संगीत की प्राचीन विद्या में ढोलक वादन की परंपरा को जीवित रखे हुए हैं और उसको संरक्षण दे रही है। ढोलक वादन समाज की सरल एवं अच्छी राग रागिनी में लोक परंपराओं को पेश किया जा सकता है। ढोलक में अनेक विधाए हैं मैं सामाजिक ढोलक बजाना सिखाती हूं। कार्यशाला की व्यवस्था संयोजक डॉ0 सर्वेश श्रीवास्तव, कुलभूषण श्रीवास्तव, सुरेंद्र पांडेय, अरविंद दीक्षित, प्रीतू वर्मा, रविंद्र भदोरिया, अर्पण शाक्य, सुनीता सक्सेना आदि मौजूद रहे।

# एफएसडीए ने अर्राहपहाड़पुर व सातनपुर मण्डी में छापेमारी कर फल व सब्जी के 24 नमूने किये संग्रह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** एफएसडीए ने विशेष सर्विलांस अभियान के तहत फल एवं सब्जी को कृत्रिम रुप से पकाने व रंगने में उपयोग किये जा रहे सिन्थेटिक रंग व हानिकारक पेस्टीसाइडस की रोकथाम हेतु अर्रापहाड़पुर व सातनपुर स्थित नवीन मण्डी में छापेमारी कर फल व सब्जी के 24 नमूने संग्रह किये गये। मुख्य खाद्य सुरक्षाधिकारी आशुतोष राय के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षाधिकारी बिजेन्द्र कुमार, डा0 शैलेन्द्र रावत, अरुण कुमार मिश्र एवं आशीष कुमार ने अर्रापहाड़पुर व सातनपुर मण्डी में छापेमारी कर सब्जी भिण्डी, लौकी,



फलों का नमूना लेती टीम

तरोई, खीरा, कद्दू, टिंडा, परवल, मिर्च, शिमला मिर्च, करेला, टमाटर, बैंगन, हरी धनिया, फूल गोभी, पत्ता गोभी, गाजर, पालक व फल खरबूजा, तरबूज, सेब, अंगूर, आम, केला, पपीता के नमूने लेकर जांच के लिए भेजा गया है। छापेमारी के दौरान अन्य दुकानदारों में हड़कंप मच गया।

# फर्जी बैनाम करने के मामले में गेस्ट हाउस मालिक सहित चार पर मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कूट रचित दस्तावेज तैयार कर अपने हिस्से से अधिक भूमि बेंच देने के मामले में एक मैरिज लॉन के स्वामी सहित चार लोगों के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार कोतवाली फतेहगढ़ के मोहल्ला नेकपुर चौरासी निवासी प्रिंस कटियार पुत्र बालकिशन कटियार ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर बताया कि उनकी कृषि भूमि गाटा संख्या 730 नेकपुर कलां परगना पहाड़ा तहसील सदर में स्थित है। जिसके शामिल खातेदार मेरे ताऊ रामकिशन कटियार पुत्र स्वर्गीय होरीलाल निवासी टीला मसेनी थाना कादरी गेट जिनका एक मैरिज प्लान जो राजस्व सभी लोगों में अंकित है। गाटा संख्या 730 का रकबा 63 डेसमिल। जिसमें मैं व मेरी मां सुशीला देवी 31.50 डिसमिल के संयुक्त मालिक स्वामी है। संयुक्त रूप से 8.10 का रास्ता छोड़ा गया है। प्रार्थी के सहखातेदार रामकिशन कटियार ने यह जानते हुए कि केवल 31.50 डेसिमल के मालिक हैं। उसके बावजूद 32.75 डिसमिल का रकबा बिक्री कर दिया। इसमें 1.25 डेसमिल अधिक रामकिशन कटियार ने दीपेंद्र कुमार पुत्र राजेंद्र प्रसाद निवासी गुंजन विहार कॉलोनी थाना कादरी गेट, सर्वेश सिंह पाल पुत्र जयराम निवासी शिवाजी कॉलोनी, रामनरेश पुत्र रामेश्वर दयाल निवासी नेकपुर चौरासी के साथ षड्यंत्र के तहत धोखाधड़ी कर मेरी बेस कीमती संपत्ति का बैनामा 15 दिसंबर 2021 को कर दिया। शिकायत पर उप जिलाधिकारी सदर लेखपाल से जांच कराई। जिसमें 1.25 डिसमिल अधिक बिक्री होना पाया गया। बाढ़ आ जाने के कारण जनसुनवाई पोर्टल पर निस्तारण नहीं हो सका। इस दौरान मुझे न्याय नहीं मिला। शिकायत पर पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस ने उपरोक्त लोगों के विरुद्ध धारा 420, 467, 468, 471, 120बी के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

गुर — प्रशिक्षण में शस्त्र प्रशिक्षण के साथ कैडेट्सों ने सीखे गुर

# प्रशिक्षण में एनसीसी कैडेट्सों को ट्रैफिक नियमों से कराया गया अवगत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**12 यूपी** बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ के कमांडिंग ऑफिसर तथा कैंप कमांडेंट कर्नल रोमिल शर्मा के निर्देशन में चल रहे कैंप में पहले दिन संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 34 में पीटी परेड के साथ एनसीसी कैडेट को प्राकृतिक आपदा के समय पुलिस के साथ तालमेल बिठाकर किस प्रकार से ट्रैफिक कंट्रोल करने की जानकारी दी गई। लेफ्टिनेंट गिरजा शंकर ने कहा कि प्राकृतिक आपदा के समय एनसीसी कैडेट की सुरक्षा प्रथम होती है। सभी एनसीसी कैडेट्स कमांडिंग ऑफिसर के


प्रशिक्षण के दौरान एनसीसी कैडेट्स — समृद्धि न्यूज

निर्देशन पर, जिला शासन तथा पुलिस के साथ तालमेल बिठाकर पुलिस के निर्देशन मे आवश्यकता के अनुसार जिन जरूरत को पूरा करना होता है, उनकी पूर्ति करनी चाहिए। तथा भीड़ को इकट्ठा न होने दे, रोड ब्लॉक न हो, क्षतिग्रस्त स्थान पर वाहनों को सुचारू रूप से निष्कासित करवाएं। जैसे प्रमुख कार्य रहते हैं। जिसे एनसीसी कैडेट्स को टीम वाइज सावधानीपूर्वक करना चाहिए। साथ ही नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर पीड़ितों को पहुंचने का कार्य सावधानीपूर्वक करना चाहिए। टीएसआई रजनेश कुमार द्वारा एनसीसी कैडेट्स को बताया गया कि वर्तमान में लापरवाहियों के चलते जनपद में 196 में से 92 ऐसे बाइक सवार थे, जिनकी मृत्यु एक्सीडेंट के दौरान लापरवाही के चलते हुई है। शेष बुरी तरह से घायल हुए हैं। साथ ही उन्होंने सभी एनसीसी कैडेट्स तथा युवकों को 18 साल उम्र पूर्ण होने से पहले बाइक ना चलाने के लिए निर्देशित किया तथा कभी भी सड़क सुरक्षा के नियमों को न तोड़ने की बात कही। कप्तान संदीप माधव ने सभी सीसी का जिसको नियंत्रित करते हुए यातायात के नियमों को अच्छा सा पालन करने के लिए कहा। हेलमेट लगाने तथा एक सवारी से अधिक बाइक पर बैठा कर न चलाने के लिए प्रेरित किया गया। सूबेदार भीम सिंह, सूबेदार सुरेश सिंह, सूबेदार रंजीत सिंह, बीएचएम संजय सिंह तथा अन्य सैन्य अधिकारियों ने एनसीसी कैडेट्स को शस्त्र प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी फर्स्ट अफसर सतीश चंद्र, थर्ड अफसर अचल पाल सिंह तथा अमित दयाल उपस्थित रहे।

# सीतारमण लगातार सातवां बजट पेश कर बनाएंगी रिकार्ड

एजेंसी, नई दिल्ली।



वित्त एवं कंपनी मामलों के मंत्री के तौर पर बुधवार को अपना कार्यभार संभालने वाली श्रीमती निर्मला सीतारमण जुलाई में चालू वित्त वर्ष का पूर्ण बजट पेश कर एक नया रिकार्ड कायम करेंगी। देश की पहली पूर्णकालिक महिला वित्त मंत्री श्रीमती सीतारमण ने अब एक अंतरिम बजट सहित छह बजट पेश किए हैं और जुलाई का बजट उनका लगातार सातवां बजट होगा ।

श्रीमती सीतारमण ने बुधवार को लगातार दूसरी सरकार में केंद्रीय वित्त मंत्री का पदभार संभाला। वह जुलाई में वर्ष 2024-25 का पूर्ण केंद्रीय बजट पेश करेंगी जिस पर सभी की निगाहें होंगी। उम्मीद है कि वह अपने आगामी बजट प्रस्ताव में अगले पांच वर्षों के लिए सरकार के आर्थिक दृष्टिकोण और प्रमुख नीतिगत रुझानों की रूपरेखा प्रस्तुत करेंगी।

श्रीमती सीतारमण इसके अतिरिक्त, बजट में विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने के उपायों को लागू करके बेरोजगारी को दूर करने पर ध्यान केंद्रित कर सकती हैं।

श्रीमती सीतारमण लगातार सात बजट पेश करने वाली पहली वित्त मंत्री बनने की राह पर हैं जो एक नया इतिहास होगा। जुलाईम में वह सबसे अधिक बार बजट प्रस्तुत करने वाले वित्त मंत्री के रूप में मोरारजी देसाई के रिकॉर्ड को तोड़ देंगी।

गत पहली फरवरी को उन्होंने वित्त वर्ष 2024- 25 का अंतरिम बजट रखा था जिसमें केवल लेखानुदान के प्रस्ताव तक सीमित रखने की परंपरा का पालन किया गया।

अंतरिम बजट एक अस्थायी वित्तीय विवरण है जिसका उद्देश्य नई सरकार के कार्यभार संभालने तक सरकार को अपना काम काज चलाने केलिए समेकित कोष से धन खर्च करने की मंजूरी भर ली जाती है। अंतरिम बजट में व्यय और आवश्यक आवंटन शामिल होते हैं, लेकिन आमतौर पर प्रमुख नीतिगत घोषणाओं या बदलावों से बचा जाता है। यह प्रथा चुनाव के बाद नई सरकार के गठन तक सरकारी कार्यों और वित्त पोषण की निरंतरता सुनिश्चित करती है। आम चुनावों के बाद, नव निर्वाचित सरकार वित्तीय वर्ष के लिए पूर्ण बजट पेश करती है।

उम्मीद की जा रही है कि मोदी की तीसरी सरकार का पहला बजट जुलाई में पेश किया जाएगा। यह पूर्ण बजट पूरे वित्तीय वर्ष के लिए नई सरकार की आर्थिक नीतियों, व्यय और राजस्व योजनाओं का विवरण देगा।

श्रीमती सीतारमण को पुनः वित्त मंत्री पद की जिम्मेदारी दिया जाना नयी सरकार की प्राथमिकताओं और नीतिगत दिशा में निरंतरता की ओर संकेत करता है। इस वर्ष के लिए दोहरे बजट (अंतरिम और पूर्ण बजट) की प्रथा से यह सुनिश्चित किया गया कि निवर्तमान सरकार चुनाव से ठीक पहले सरकार की दीर्घकालिक प्रतिबद्धताओं या और नीतिगत दिशाओं में कोई बदलाव न करे, जिससे आने वाली सरकार को अपनी वित्तीय रणनीति और कार्यक्रमों को अपने तरीके से लागू करने का मौका मिले। केंद्रीय बजट के प्रस्ताव वित्तीय वर्ष की अंतिम तारीख (31 मार्च) तक के लिए प्रभावी होते हैं, इसलिए सरकार के पास केवल उस तिथि तक के लिए कोई बजट प्रस्ताव लागू करने का अधिकार होता है। पहली अप्रैल और नई सरकार के गठन के बीच की अंतरिम अवधि में सरकार की लागतों को वहन करने पर व्यय के लिए संसद की अनुमति लेने के लिए अंतरिम बजट लाया गया था।

आम चुनाव के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातारी बार प्रधान मंत्री पद की शपथ लेकर 1962 के तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू का रिकार्ड दोहराया है। मोदी ने कार्यकाल के लिए अपने मंत्रिमंडल की घोषणा कर दी है, तो अब लोगों को नयी सरकार के पहले पूर्ण बजट का बेसब्री से इंतजार कर रहा है।

बजट घोषणा की आधिकारिक तिथि और समय संसद के मानसून सत्र के कार्यक्रम के बाद अधिसूचित किया जाएगा।

## दो चरणों में संपन्न हो सकता सत्र

केंद्रीय संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को बताया कि नव निर्वाचित अट्ठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू होगा। यह सत्र तीन जुलाई तक चलेगा जिसमें शुरू में पहले लोक सभा के लिए निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलायी जाएगी और उसके बाद लोक सभा अध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस सत्र में नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ, स्पीकर के चुनाव, राष्ट्रपति का अभिभाषण और उस पर चर्चा होगी। उन्होंने बताया कि राज्यसभा का 264वां सत्र 27 जून से शुरू होगा और तीन जुलाई तक चलेगा। इसबीच ऐसी खबरें आ रही हैं कि संसद का यह सत्र दो चरणों में संपन्न हो सकता है। इसका दूसरा 22 जुलाई से 9 अगस्त तक का हो सकता है तथा इसी दौरान वित्त मंत्री बजट पेश करेंगी और इस पर चर्चा कर इसे पारित कराया जायेगा क्योंकि सरकार के पास अभी 31 अगस्त तक व्यय के लिए संसद की मंजूरी है। सरकार के लिए उससे पहले बजट को पारित कराना वैधानिक रूप से आवश्यक होगा।

# तीसरे कार्यकाल में पहली विदेश यात्रा पर इटली जाएंगे पीएम मोदी



- दुनिया की सात बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देशों के समूह जी7 की बैठक में भाग लेंगे पीएम

एजेंसी, नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने तीसरे कार्यकाल की पहली विदेश यात्रा पर गुरुवार को इटली जाएंगे। यहां वे दुनिया की सात बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देशों के समूह जी7 की बैठक में भाग लेंगे।

विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने बुधवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि जी7 शिखर सम्मेलन में भारत की नियमित भागीदारी वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए नई दिल्ली के प्रयासों की बढ़ती मान्यता की ओर इशारा करती है।

जी7 शिखर सम्मेलन 13 से 15 जून तक इटली के अपुलीया क्षेत्र में बोर्गो एग्नाज़िया के लक्जरी रिसॉर्ट में आयोजित किया जाएगा। इसमें यूक्रेन और गाजा में जारी संघर्ष का मुद्दा सबसे ज्यादा हावी रहेगा।

शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले शीर्ष नेताओं में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉ, जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा और कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो शामिल होंगे। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की का भी अपने देश में जारी संघर्ष पर एक सत्र होगा।

भारत स्विट्जरलैंड में शांति शिखर सम्मेलन में लेगा भाग

क्वात्रा ने बताया कि भारत स्विट्जरलैंड में यूक्रेन शांति शिखर सम्मेलन में उचित स्तर पर भाग लेगा। हालांकि शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व कौन करेगा इसकी अभी जानकारी नहीं दी गई है।

## मोदी वाराणसी में 18 जून को किसानों से करेंगे संवाद

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक दिवसीय दौरे पर 18 जून को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी आएंगे और मेहदीगंज में किसानों के साथ संवाद करेंगे। लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी का यह वाराणसी का पहला दौरा होगा। प्रधानमंत्री इस दौरे में काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे और शाम को गंगा आरती में शामिल होंगे।

भाजपा के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने प्रधानमंत्री के 18 जून को वाराणसी दौरे की पुष्टि की है। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम स्थल पर तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। उप जिलाधिकारी राजातालाब अमित कुमार, भाजपा के काशी क्षेत्र अध्यक्ष दिलीप पटेल, विधान परिषद सदस्य एवं भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा, विधान परिषद सदस्य धर्मेन्द्र सिंह समेत कई प्रमुख पदाधिकारियों ने बुधवार को कार्यक्रम स्थल मेहदीगंज का निरीक्षण किया। एक दिन पहले मंगलवार को मंडलायुक्त कौशलराज शर्मा और जिलाधिकारी एस. राजलिंगम ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया था।

भाजपा के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन के बाद गंगा आरती भी देखेंगे। इस दौरान पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी विभिन्न स्वागत प्वांइट पर प्रधानमंत्री का स्वागत पुष्पवर्षा कर करेंगे। इसके लिए संगठन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।



## नितिन गडकरी ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय का कार्यभार संभाला

एजेंसी, नई दिल्ली। नितिन गडकरी ने बुधवार को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के मंत्री का कार्यभार संभाल लिया। उनके साथ राज्यमंत्री अजय टम्टा और हर्ष मल्होत्रा भी मौजूद रहे। लगातार तीसरी बार नितिन गडकरी को सड़क परिवहन मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इससे पहले उन्होंने वर्ष 2014 और 2019 में भी इस मंत्रालय का कार्यभार संभाला था। गडकरी ने मंत्रालय का कार्यभार संभालने के बाद 'एक्स' पोस्ट पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का धन्यवाद किया। उन्होंने अपने पोस्ट में मोदी 3.0 कैबिनेट में फिर से एक बार सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय का कार्यभार सौंपने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। नितिन गडकरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व के तहत भारत तेजी से विश्व स्तरीय आधुनिक बुनियादी ढांचे से सुसज्जित होगा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को 'भारत के हाइवे मैन' के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने पिछले 10 वर्षों के कार्यकाल में देश में 54,858 किलोमीटर से अधिक राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण में भूमिका निभाई है। भाजपा के पूर्व अध्यक्ष ने लोकसभा चुनाव में नागपुर संसदीय क्षेत्र से लगातार तीन बार जीत हासिल की है।

# कुवैत के लेबर कैंप में भीषण आग, कई भारतीयों समेत 45 की मौत

- भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया

एजेंसी, कुवैत सिटी।



दक्षिणी कुवैत के मंगफ शहर में बुधवार तड़के एक कंपनी के श्रमिक शिविर में भीषण आग लगने से 45 प्रवासी श्रमिकों की मौत हो गई और कम से कम 50 लोग झुलस हो गए। अधिकतर भारतीयों में से कुछ की हालत गंभीर है, जिन्हें नजदीकी अस्पतालों में ले जाया गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बेहतर चिकित्सा मुहैया कराने के लिए आश्वस्त किया है।

कुवैत के दक्षिणी अहमदी गवर्नरेट के मंगफ क्षेत्र में स्थित छह मंजिला इमारत की रसोई के अंदर बुधवार सुबह करीब 4:00 बजे आग लग गई। संदेह है कि चौकीदार के कमरे में रखे गैस सिलेंडर से लगी थी। आग लगने के समय एक ही कंपनी के शिविर में लगभग 160 कर्मचारी थे। अधिकारियों को सुबह करीब छह बजे आग लगने की सूचना दी गई, जब ज्यादातर लोग सो रहे थे।

गृह मंत्री शेख फहद अल-यूसेफ अल-सबाह ने घटनास्थल का दौरा किया और इमारत के मालिक, चौकीदार और श्रमिकों के लिए जिम्मेदार कंपनी के मालिक को गिरफ्तार करने का आदेश दिया। गृह मंत्री ने कुवैत नगर पालिका और मेनपॉवर के लिए सार्वजनिक प्राधिकरण को इसी तरह के उल्लंघनों के लिए तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। इसमें आवासीय भवनों में भीड़भाड़ रोकने और भविष्य की घटनाओं को रोकने के लिए सभी सुरक्षा आवश्यकताओं को सुनिश्चित करना शामिल है।

मंगफ श्रमिक शिविर में हुई इस दर्दनाक घटना के मद्देनजर भारतीय दूतावास ने 965-65505246 पर एक आपातकालीन हेल्पलाइन शुरू की है। सभी संबंधित पक्षों से अनुरोध किया गया है कि वे किसी भी अपडेट के लिए इस हेल्पलाइन का उपयोग करें। कुवैत में भारतीय राजदूत डॉ. आदर्श स्वाइका ने घटनास्थल का दौरा करके पूर्ण सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने अस्पताल में घायलों से मुलाकात की और कहा कि दूतावास हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि कुवैत शहर में आग लगने की घटना की खबर से गहरा सदमा लगा है। बताया गया है कि 40 से अधिक मौतें हुई हैं और 50 से अधिक अस्पताल में भर्ती हैं। हमारे राजदूत शिविर में गए हैं। हम आगे की जानकारी का इंतजार कर रहे हैं। इस दुर्घटना में जिनकी दर्दनाक मौत हुई है, उन लोगों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना। घायलों के जल्द और पूरी तरह स्वस्थ होने की कामना करता हूं। हमारा दूतावास इस संबंध में सभी संबंधितों को पूरी सहायता प्रदान करेगा।

# बांग्लादेशी सांसद के शव के टुकड़ों को अभी भी ढूंढ रही सीआईडी

एजेंसी, कोलकाता।



- पश्चिम बंगाल सीआईडी के अधिकारी इस मामले में गिरफ्तार दो आरोपितों से लगातार कर रहे पूछताछ
- पुलिस ने दावा किया कि अवामी लीग नेता की पहले गला घोंटकर हत्या की गई और फिर उसके शव को 80 टुकड़ों में काट दिया गया था

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में मौत के घाट उतारे गए बांग्लादेशी सांसद अनवारुल अजीम अनार के शव के टुकड़ों को सीआईडी अभी भी ढूंढ रही है। पश्चिम बंगाल सीआईडी के अधिकारी इस मामले में गिरफ्तार दो आरोपितों से लगातार पूछताछ कर रहे हैं।

एक सूत्र ने बताया कि रविवार को बागजोला नहर के किनारे से बरामद की गई हड्डियों को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि कुछ और सबूत भी बरामद किए जाएंगे। इसमें समय लग रहा है क्योंकि अपराध लगभग एक महीने पहले हुआ था। हमने कुछ निश्चित स्थानों की पहचान की है, जहां हम शव के अंगों की तलाश कर रहे हैं। राज्य सीआईडी ने रविवार को नेपाल पुलिस द्वारा भारत को प्रत्यर्पित किए गए सियाम से पूछताछ के बाद दक्षिण 24 परगना जिले में एक नहर के पास से मानव की कुछ हड्डियां बरामद की गई थीं। इसके अलावा सीआईडी अधिकारी जांच के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपितों- मोहम्मद सियाम हुसैन और कसाई से लगातार पूछताछ कर रहे हैं।

सीआईडी के एक अधिकारी ने बताया कि हड्डियों और मांस के टुकड़ों की बरामदगी के सिलसिले में डीएनए टेस्ट के लिए बांग्लादेश के सांसद की बेटी इस सप्ताह कोलकाता आ सकती हैं। हुसैन को शनिवार शाम को नेपाल से भारत में प्रत्यार्पण के बाद पश्चिम बंगाल लाया गया था। उत्तर 24 परगना जिले के बारासात की एक स्थानीय अदालत ने उसे 14 दिनों की सीआईडी हिरासत में भेज दिया है।

शुरुआती जांच में पता चला था कि सांसद के करीबी दोस्त अख्तरुज्जमां जो एक अमेरिकी नागरिक हैं, ने अपराध में शामिल लोगों को करीब पांच करोड़ रुपये दिए थे। सीआईडी अधिकारियों ने कहा था कि अख्तरुज्जमां का कोलकाता में एक फ्लैट है और संभवतः वह इस समय अमेरिका में है। पुलिस ने दावा किया कि परिस्थितिजन्य साक्ष्यों से पता चलता है कि अवामी लीग नेता की पहले गला घोंटकर हत्या की गई और फिर उसके शव को 80 टुकड़ों में काट दिया गया था। उसके बाद उसे हल्दी में लपेटकर अलग-अलग जगह पर फेंका गया था।

# आठ पाकिस्तानी आतंकी संचालक भगोड़ा घोषित



एजेंसी, श्रीनगर।

जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले की एक अदालत ने आठ पाकिस्तानी आतंकी संचालकों को भगोड़ा घोषित किया है। यह सभी आठ लोग कई सालों से फरार हैं और अधिकारियों ने उनके घरों पर नोटिस चिपकाए हैं।

पुलिस के अनुसार उड़ी के सब जज की अदालत ने बारामूला पुलिस की अर्जी पर आठ आतंकी संचालकों कुंडी बरजाला निवासी मोहम्मद आजाद, नसीर अहमद, जबला उडी निवासी करीम दीन, बड़ा गोवाहलन निवासी मोहम्मद हफीज मीर, सिंगतुंग गोवाहलन निवासी मीर अहमद, दर्दकूट निवासी बशीर अहमद, सौहरा निवासी शौकत अहमद पासवाल और अहद भट को भगोड़ा घोषित किया है। पुलिस ने बताया कि इन सभी के खिलाफ कई मामले दर्ज किए गए हैं।

पुलिस ने बताया कि यह सभी आतंकवादी संचालक वर्तमान में पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में हैं और विभिन्न आतंकी संगठनों के साथ काम कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि आठ आतंकी संचालकों के खिलाफ अदालत से धारा 87 सीआरपीसी के तहत आदेश जारी किए गए हैं, जिन्हें अदालत के निर्देशों के साथ उनके आवासों और सार्वजनिक स्थानों पर चिपका दिया गया है।

पुलिस ने कहा कि उन्होंने एक महीने के भीतर आतंकी संचालकों को अदालत के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया है। ऐसा न करने पर उनके खिलाफ धारा 88 सीआरपीसी के तहत संपत्ति की कुर्की की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

## अधिवक्ता शांतनु सिन्हा के खिलाफ आपराधिक मामला दायर करेंगे अमित मालवीय

एजेंसी, कोलकाता। भारतीय जनता पार्टी की आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने अपने खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले शांतनु सिन्हा के खिलाफ अपराधिक मामला दाखिल करने का ऐलान किया है। मालवीय ने बुधवार को कोलकाता के वकील शांतनु सिन्हा पर सोशल मीडिया पर अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वह शांतनु के खिलाफ मानहानि का मामला दायर करेंगे। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए अमित मालवीय ने कहा कि शांतनु सिन्हा की सात जून, 2024 को की गई निंदनीय फेसबुक पोस्ट ने एक तरह की राजनीति से जुड़ा सवाल खड़ा किया। यह महिलाओं को अलग-थलग करने से प्रेरित है। यह सार्वजनिक जीवन में लैंगिक संबंधों को दोहरे नजरिए से देखता है। यह विशेष रूप से महिलाओं के प्रति अपमानजनक है। उन्होंने आगे कहा कि इसमें आश्चर्य की बात नहीं कि तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस, जिन्हें महिलाओं के सम्मान में बोलना चाहिए, उन्होंने झूठ फैलाने का विकल्प चुना।

# डॉ. नरेश त्रेहान महान हृदय शल्य चिकित्सक पुरस्कार से सम्मानित

- विश्व के छह अन्य महान शल्य चिकित्सकों को भी यह पुरस्कार दिया गया

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।




ग्लोबल हेल्थ लिमिटेड के निदेशक मंडल के अध्यक्ष डॉ. नरेश त्रेहान को ग्रीस की राजधानी एथेंस स्थित पुरानी संसद में आयोजित इंटरनेशनल कांग्रेस ऑफ कार्डियक सर्जरी द्वारा 90 के दशक के स्वर्णयुग के सात बुद्धिमान सर्जनों में से एक के रूप में सम्मानित किया गया। यह कांग्रेस एक वैश्विक समाज है जो रोगी के परिणामों, तकनीकों और हृदय चिकित्सा के प्रगतिशील विकास पर ध्यान केन्द्रित करते हुए विभिन्न शल्य चिकित्सा को संगठित और केन्द्रित करता है।

डॉ. त्रेहान को सात महानों में शामिल करना हृदय चिकित्सा को आगे बढ़ाने में अग्रणी योगदान में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करता है। इस पुरस्कार के वितरण में एथेंस की पुरानी संसद में दुनिया भर के अन्य प्रतिष्ठत डॉक्टर भी उपस्थित थे।

पुरस्कार मिलने के बाद अपने उद्गार में उन्होंने कहा कि लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ से 1968 में स्नातक करने के दौरान बिताये गये चार सालों ने उन्हें भारत की जमीनी हकीकत की जानकारी प्राप्त हुई और यह उन्हें सड़कों पर चलने वाला बनाया। डॉ. त्रेहान ने लखनऊ से स्नातक करने के बाद 1968-69 में सफदरजंग अस्पताल में इंटर्नशिप की। अपनी मेडिकल शिक्षा को बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर वह 1970 में फिलाडेल्फिया के थामस जेफरसन यूनिवर्सिटी अस्पताल में इंटर्नशिप पाने में कामयाब रहे। इस दौरान उन्होंने वरिष्ठ डाक्टरों से पूछा कि हृदय शल्य चिकित्सा में अग्रणी काम करने वाला सर्जन कौन हैं। उन्हें बताया गया कि यह न्यूयार्क यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर में डॉ. फ्रैंक स्पेंसर हैं। लेकिन उन्हें यह चेतावनी भी दी गयी कि यह अमेरिका में सबसे प्रतिष्ठित सर्जिकल रेजीडेंसी प्रोग्राम था और उनके लिए इसमें प्रवेश पाने का कोई मौका नहीं था। उन्होंने कहा कि डॉ. स्पेंसर विदेशियों से बात नहीं करते हैं और उनकी प्रतीक्षा सूची पांच साल की है। 1978 में उन्होंन न्यूयार्क यूनिवर्सिटी मेडिकल सेंटर में अपना अभ्यास शुरू किया। त्रेहान ने उन रोगियों पर सफलतापूर्वक ऑपरेशन करने के लिए प्रतिष्ठा स्थापित की जिन्हें ऑपरेशन के लायक नहीं माना जाता था और जिन्हें बहुत जोखिम भरा होने के कारण सर्जरी के लिए मना कर दिया जाता था। त्रेहान ऑपरेशन में अपनी गति के लिए जाने जाते थे जिससे रोगी को एनेस्थीसिया के तहत रखने का समय कम हो जाता था जिससे उनकी चिकित्सा ख्याति और बढ़ गयी।

ग्लोबल हेल्थ लिमिटेड के निदेशक मंडल के अध्यक्ष तथा पद्म विभूषण और पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित डॉ. नरेश त्रेहान ने कहा कि 'इंटरनेशनल कांग्रेस ऑफ कार्डियक से यह मान्यता मिलना एक बहुत बड़ा सम्मान है। मैं अपने डॉक्टरों और सभी अस्पतालों के अपने कर्मचारियों के प्रति उनके अटूट समर्थन और मार्गदर्शन के लिए आभारी हूं जो इस उपलब्धि में सहायक रहे हैं। हम कर्डियक सर्जनों की अगली पीढ़ी का पोषण करेंगे, यह सुनिश्चित करते हुए कि उत्कृष्टता की यह विरासत मेदांता की चिकित्सा प्रशंसा के माध्यम से अनगिनत लोगों के जीवन को बेहतर बनाती रहे।

न्यूयार्क में अपने 20 वर्षों के दौरान डॉ. त्रेहान भारत में आधुनिक हृदय की देखभाल लाने के लिए प्रतिबद्ध रहे। अनेक बाधाओं को पार करते हुए उन्होंने 1988 में एस्कॉर्ट्स हार्ट इंस्टीट्यूट की स्थापना की जिसने उन्नत हृदय की देखभाल के लिए एक मानक स्थापित किया। उनका विजन एक संस्थान से आगे तथा फैला हुआ था, जिसके कारण 2009 में गुरुग्राम में मेदांता-द-मेडिसीटी की स्थापना की जो 1400 बेड वाला एक मल्टी स्पेशिलिटी अस्पताल है। इसके बाद लखनऊ, पटना, इंदौर और रांची में शुभारम्भ किया गया। आज वे 77 वर्ष की आयु में भी ग्लोबल हेल्थ लिमिटेड के निदेशक मंडल के अध्यक्ष हैं और सर्जरी करना और सिखाने का काम करते हैं।

# आर आर काबेल ने बढ़ाए सुरक्षा मापदण्ड

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।




भारत में अग्रणी वायर और केबल निर्माता, आर आर काबेल लिमिटेड, बिल्डिंग वायर सॉल्यूशन में एक क्रान्तिकारी आविष्कार फायर एक्सल S0H-EBXL का लॉन्च किया। अत्याधुनिक तकनीक और सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता के साथ बना फायर एक्स LS0H-EBXL घरेलु और व्यावसायिक दोनों ही क्षेत्रों में इलेक्ट्रिक वायरिंग के लिए एक नया मानक स्थापित करता है।

फायरेक्स LS0H-EBXL (लोस्मोकजीरोहैलोजन) -EBXL (इलेक्ट्रॉनबीमक्रॉसलिंक्ड) इलेक्ट्रिकल सुरक्षा में एक महत्व पूर्ण सफलता है, जो एक आविष्कारी इलेक्ट्रॉनबीमक्रॉस-लिंक्डकंपाउंड का उपयोग करता है जो पूरी तरह से हलोजन -फ्री है और 900°C तक के तापमान को सहन करने में सक्षम है। इस अभूत पूर्व उत्पाद को 12 जून 2024 को लखनऊ के होटल क्लार्क्स अवध हॉल - रंग महल में आयोजित एक कार्यक्रम में दिखाया गया था, जिसमें उद्योग जगत के दिग्गज, ट्रेडपार्टनर और स्टैक होल्डर शामिल हुए थे।

आरआर काबेल के प्रबंध निदेशक श्री श्री गोपाल काबरा ने अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, आरआर काबेल ने लगातार ऐसे उत्पादों में नई खोज की है जो लोगों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित करते हैं। फायर एक्सल S0H-EBXL उसी दिशा में एक और कदम है, जो आविष्कार, सुरक्षा और वहनीयता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का उदाहरण है।

फायर एक्सल S0H-EBXL, पीवीसी आधारित काउंटर पाट्र्स के विपरीत न केवल क्लोरीन फ्री है बल्कि यह नॉन टॉक्सिक, नॉन कॉरोसिव है और दस गुना सुरक्षा प्रदान करता है। टॉक्सिक, नॉन कॉरोसिवः क्रॉस-लिंक्ड हेलोजन-फ्री फ्लेम रिटारडेंटइन्सुलेशन आग दुर्घटना की स्थिति में 93 प्रतिशत से अधिक दृश्यता देती है, जिससे काले और जहरीले धुएं के उत्सर्जन का खतरा समाप्त हो जाता है, जो न केवल बाहर जाने के मार्ग को साफ दृश्यता देकर बचाव कार्य में मदद करता है।

अत्यधिक ऑपरेशन तापमानः - 25-°C से +110°C तक के तापमान में निरंतर ऑपरेशन के लिए उपयुक्त, जो ख़राब मौसम में विश्वसनीय प्रदर्शन करता है।